


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाने की चेतावनी दी....

अगर राष्ट्रपति का चुनाव हो सकता है तो चुनाव आयुक्त का क्यों नहीं : उद्धव.... 12



वर्ष : 12 | अंक : 245 | पटना, गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.0°C
न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# आंबेडकर के नाम पर सियासी घमासान, भाजपा-कांग्रेस में तकरार

## गृह मंत्री ने कांग्रेस के काले इतिहास की पोल खोल दी : मोदी

प्रात: किरण

- पीएम बोलें- कांग्रेस ने सालों तक आंडेकर का किया अपमान
- कांग्रेस के झूठ, आंबेडकर के अपमान को छिपा नहीं सकते

नई दिल्ली /एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान के आरोप का सामना कर रहे अमित शाह का जोरदार बचाव करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने संविधान निमार्ता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास की पोल खोल दी, जिससे मुख्य विपक्षी पार्टी स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके दूषित इकोसिस्टम को लगता है कि उसके दुर्भावनापूर्ण झूठ संविधान निमार्ता बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति उसके कई वर्षों के कुकर्मों को छिपा सकते हैं तो वह गंभीर भूल कर रही है। मोदी ने यह भी कहा कि भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि किस प्रकार एक परिवार के नेतृत्व में एक पार्टी, डॉ आंबेडकर की विरासत को मिटाने और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपमानित करने के लिए हरसंभव गंदी चाल चलने में लिप्त रही है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी कांग्रेस के उस आरोप के मद्देनजर आई है, जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा विषय पर दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया। मुख्य विपक्षी दल ने शाह के संबोधन का एक वीडियो अंश भी जारी किया जिसमें गृह मंत्री विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए यह कहते सुने जा सकते हैं कि , अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मोदी ने कहा कि संसद में अमित शाह ने डॉ. आंबेडकर का अपमान करने और एससी/एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) स्पष्ट रूप से उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से स्तब्ध हैं और यही वजह है कि वे अब नाटकीयता में लिप्त हैं! अफसोस की बात है कि लोग उनकी सच्चाई जानते हैं! प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ आंबेडकर को एक बार नहीं, बल्कि दो बार चुनावों में पराजित करना, पंडित नेहरू का उनके खिलाफ प्रचार करना और उनकी हार को प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाना, उन्हें भारत रत्न देने से मना करना और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनकी तस्वीर को जगह देने से इनकार कर देना कांग्रेस के पापों की सूची में शामिल हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस चाहे जैसी कोशिश कर ले, लेकिन वह इस बात से इनकार नहीं कर सकती कि अनुसूचित जाति ओर अनुसूचित जनजाति के खिलाफ सबसे बुरा नरसंहार उसके शासन के दौरान हुआ। वर्षों तक वे सत्ता में बैठे रहे लेकिन एससी और एसटी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कुछ भी ठोस नहीं किया। मोदी ने कहा, हम आज जो कुछ भी हैं, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की वजह से ही हैं। हमारी सरकार ने पिछले एक दशक में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के विजन को पूरा करने के लिए अथक प्रयास किया है। किसी भी क्षेत्र को ले लीजिए चाहे वह 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना हो, एससी/एसटी अधिनियम को मजबूत करना हो। हमारी सरकार के प्रमुख कार्यक्रम जैसे स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और बहुत कुछ., इनमें से प्रत्येक ने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के जीवन को छुआ है। मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े पांच प्रतिष्ठित स्थलों पंचतीर्थ को विकसित करने का काम किया है।



### शाह की टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है कांग्रेस: रीजीजू

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष गृह मंत्री की टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा है। कांग्रेस सांसदों ने बुधवार को लोकसभा में आंबेडकर के पोस्टर दिखाकर नारेबाजी की और शाह से माफी की मांग की। राज्यसभा में भी यह मुद्दा उठा और विपक्षी सदस्यों ने गृह मंत्री से माफी की मांग की। रीजीजू ने यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, शाह के राज्यसभा में भाषण की एक छोटी क्लिप प्रसारित हो रही है, जिसमें उन्होंने जो कहा, उसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। यह गलत है। मैं इसकी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि शाह ने स्पष्ट रूप से कहा था कि जब बाबासाहेब जिंदा थे तब कांग्रेस ने उनका अपमान किया।

रीजीजू ने कहा,अपने पाप धोने के लिए, राजनीतिक एवं चुनावी फायदे के लिए वे (कांग्रेस) आंबेडकर का नाम ले रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने आंबेडकर के सम्मान के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने कहा, हम आंबेडकर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस को बताना चाहिए कि आंबेडकर को नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। नेहरू ने उनका अपमान किया था इसलिए उन्हें इस्तीफा देना पड़ाङ्घ उन्होंने आंबेडकर को लोकसभा चुनाव हारने पर मजबूर कर दिया था।

### आंबेडकर का अपमान देश नहीं सहेगा, माफी मांगें गृह मंत्री : राहुल



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संदर्भ में की गई टिप्पणी को लेकर बुधवार को कहा कि देश संविधान निमार्ता का अपमान सहन नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मत्री को माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने संसद परिसर में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन की तस्वीर साझा करते हुए अपने व्हाइट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, बाबासाहेब संविधान निमार्ता हैं, देश को दिशा देने वाले महापुरुष हैं। उनका अपमान, उनके निर्मित संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा। गृह मंत्री माफी मांगें। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यह्यआंबेडकर जी का नाम लेने से अधिकार मिलते हैं। आंबेडकर जी का नाम लेना मानवीय गरिमा का प्रतीक है। आंबेडकर जी का नाम करोड़ों दलितों-वंचितों के आत्मसम्मान का प्रतीक है। कांग्रेस और विपक्षी दलों का आरोप है कि शाह ने राज्यसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्राह्न विषय पर दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया। मुख्य विपक्षी दल ने शाह के संबोधन का एक वीडियो अंश जारी किया जिसमें गृह मंत्री विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए यह कहते सुने जा सकते हैं , अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकरङ्घ। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने अमित शाह की टिप्पणी को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष गृह मंत्री की टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा है।

### बासाहेब का अपमान करने के लिए शाह देश से माफी मांगें : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए तथा देश से माफी मांगनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने इस विषय को लेकर संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया और संसद परिसर में भी विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि शाह की टिप्पणी का यह मतलब था कि बाबासाहेब का नाम लेना भी गुनाह है। उन्होंने कहा, अमित शाह जी ने कल सदन (राज्यसभा) में जब बाबासाहेब आंबेडकर जी का नाम लेकर बयान दिया, तब मैंने हाथ उठाकर बोलने की इजाजत मांगी थी। लेकिन मुझे बोलने का मौका नहीं दिया गया। उस समय हम सब सहयोग की भावना से चुपचाप बैठे रहे, क्योंकि हम संविधान पर चर्चा कर रहे थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के अनुसार, गृह मंत्री ने जिस तरह से बाबासाहेब का अपमान किया, उसे लेकर पूरे विपक्ष ने विरोध जताया है। खरगे ने आरोप लगाया कि अमित शाह और भाजपा के लोगों के दिमाग में जो मनुस्मृति और आरएसएस की विचारधारा है, वह दशार्ती है कि वे बाबासाहेब के संविधान का आदर नहीं करते। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने कहा, हम शाह की टिप्पणी का पुरजोर विरोध करते हैं। बाबासाहेब का अपमान देश और देशवासी सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, अमित शाह पूरे देश से माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें।

## संक्षिप्त खबरें

### दलितों-वंचितों से नफरत तो संघी भाजपाइयों के खून में है : लालू

पटना। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जो भाषण दिया उसे लेकर राजनीतिक गलियारों में बवाल मच गया है। दरअसल अमित शाह ने आंबेडकर के नाम के इस्तेमाल को फैशन बताया था। जिसे विपक्ष संविधान निमार्ता का अपमान करने का आरोप लगाते हुए अमित शाह से इस्तीफे की मांग की। वही अमित शाह के इस बयान को लेकर राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी हमला बोला है। कहा कि गोलवलकर की आनुवंशिक औलादें हमेशा से ही हमारे आराध्य बाबा साहेब अंबेडकर को नहीं मानती है। बंच ऑफ थोट्स किताब के अनुचर कभी भी संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर के विचार को नहीं अपना सकते इसलिए अब वो बाबा साहेब को गाली से संबोधित कर रहे है। संघी भाजपाई नेताओं की शाब्दिक के अलावा शारीरिक भाषा से भी अंबेडकर के प्रति घृणा झलक रही है। सामाजिक गैर बराबरी, असमानता, विषमता, छूआछूत, भेदभाव, घृणा एवं संविधान-दलितों-वंचितों और उपेक्षितों से नफरत तो संघी भाजपाइयों के खून में है। बाबा साहेब अंबेडकर के असल अनुयायी तो भाजपाइयों की तरफ देखते भी नहीं और अब महामानव अंबेडकर साहब को अपमानित करने के बाद भी अगर कोई प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा के साथ है तो इसका मतलब वो गोलवलकर, आरएसएस और भाजपाइयों के पूजक एवं कट्टर तलवा-चाट है।

### आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

ब्रिस्बेन। भारत के दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया। अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी उनके साथ थे। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे। इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे। अश्विन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सभी प्रारूपों में ये मेरा आखिरी मैच था। मेरे अंदर अभी भी क्रिकेट शेष है, लेकिन वो अब मैं क्लब स्तर क्रिकेट में दिखाना चाहूंगा। मैंने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। रोहित और बाकी खिलाड़ियों के साथ काफी यादे है। मैं बीसीसीआई और साथी खिलाड़ियों का धन्यवाद करना चाहूंगा। कुछ लोगों के नाम भी लेना चाहूंगा। सभी कोच जो इस यात्रा का हिस्सा रहे। रोहित, विराट, रहाणे, जिन्होंने कई सारे कैच पकड़े और मुझे मेरे विकेटों को लेने में मदद की। ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम को भी धन्यवाद, मैंने उनके खिलाफ खेलना हमेशा एंजॉय किया। अश्विन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट लिए है। उन्होंने 37 बार पांच विकेट और आठ बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट लिये। वहीं 65 टी-20 मैचों में 72 विकेट चटकाए। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल छह टेस्ट शतक लगाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके नाम कुल आठ शतक रहे। एकदिवसीय क्रिकेट में 707 रन और टी-20 में उनके नाम 184 रन हैं।

## राज्य के महत्वपूर्ण शहरों में स्थापित होंगे मौसम विज्ञान केंद्र : उपमुख्यमंत्री

### बोलें- जनता को मिलेगी मौसम के बारे में सटीक जानकारी

पटना। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की सेवाओं के 150 वर्ष पूरे होने पर आईएमडी की ओर से आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य के महत्वपूर्ण शहरों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होंगे, जिससे जनता को मिलेगी सटीक जानकारी। उन्होंने कहा कि अभी बिहार में केवल 5 नियमित सतहीय वेधशालाएँ पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया, और वाल्मीकिनगर कार्यरत हैं, लेकिन राज्य सरकार इनकी संख्या बढ़ाने और अन्य शहरों में नई सतहीय वेधशाला सह मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्रों की संख्या बढने से न केवल राज्य में मौसम की भविष्यवाणी को और अधिक सटीक बनाया जा सकेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। राज्य में इन प्रयासों से मौसम विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति होगी और जनता को बेहतर सेवाएँ प्रदान की जा सकेंगी। श्री चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अगले दो वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मिशन मौसम को आज स्वीकृति प्रदान की है।



#### कमांड सिस्टम स्थापित करने की दिशा में हुए कई काम

बिहार में मौसम संबंधी सेवाएं पर एक दिवसीय बैठक का उद्घाटन करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि पिछले 15 साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने मौसम पूवानुर्मान की सूचना देने के लिए कमांड सिस्टम बनाने और मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने की दिशा में कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि 2008 में जब नेपाल के रास्ते 2 लाख क्यूसेक पानी बिहार की कोसी तथा सहायक नदियों में आया था,तब हम बाढ की तबाही से ध्वस्त हो गए थे । पूरा मिथिला डूब गया था, लेकिन 2024 में 6.5 लाख क्यूसिक पानी आने पर भी हम ध्वस्त नहीं हुए। यह मौसम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के साझा प्रयास से सम्भव हुआ। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार में हमारे पास मौसम पूवानुर्मान और आपदा प्रबंधन की एक समग्र व्यवस्था विकसित हो चुकी है, इसलिए अब हम नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र से आने वाली बाढ का बेहतर प्रबंधन कर पाते हैं।

#### अब पंचायत तक मौसम की सही स्थिति बताने की व्यवस्था की जाएगी

उन्होंने कहा कि 2013-14 में इसकी शुरूआत की गई थी और अब पंचायत तक मौसम की सही स्थिति बताने के लिए सारी व्यवस्था की जाएगी। हमने पंचायत में मौसम केंद्र बनाने की शुरूआत की। इसका लाभ किसानों और कृषि विभाग को मिलेगा। श्री चौधरी ने कहा राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन, खनन, स्वास्थ्य, नगर विकास , सिंचाई और कृषि सहित 10-12 विभाग मौसम संबंधी आंकड़ों और पूवानुर्मानों का उपयोग करते हैं। श्री चौधरी ने कहा कि 100 साल पहले हमारे किसान बादल और हवा का रुख देख कर मौसम का अनुमान लगाते थे लेकिन उपग्रह तकनीक और अन्य प्रणालियों को विकसित कर आज हम दुनिया में एक्यूरेट सिस्टम पर आ गए हैं। अब चक्रवात, वर्षा, सर्दी, बर्फवारी, लू-गर्मी आदि की सटीक जानकारी पहले से देकर लोगों की रक्षा की जा रही है।

## कठुआ के एक घर में लगी आग दो बच्चों समेत छह की मौत

कठुआ /एजेंसी। जम्मू के कठुआ स्थित शिवानगर शहर में बुधवार को दुखद हादसे में छह लोगों की जान चली गई। कठुआ के जीएमसी अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक घर में आग लग गई थी जिसमें दम घुटने से सभी की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंचे। कठुआ जीएमसी अस्पताल के डॉ. सुरिंदर अत्री ने कहा, ह्लयह एक दुखद घटना है। यह आग रेंटेड हाउस में लगी है। हमारे असिस्टेंट मैट्रन तीन चार महीने पहले रिटायर हुई थीं। किराए के मकान में ही यह घटना घटी। इस घटना में कुल छह लोगों की जान चली गई। बचे हुए तीन लोग अभी खतरे से बाहर हैं। कहा जा रहा है कि उनके घर में किसी प्रकार की जोत या आग जलती थी, जिससे फर्नीचर और अन्य सामग्री में आग लग गई। यह आग पूरी तरह से उनके कमरे में फैल गई और इसका असर उनके आसपास के कमरे पर भी पड़ा, जिससे घबराहट और धुएं से ही मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा, इस घटना में जलने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं, बल्कि धुएं के कारण हुई दम घुटने की वजह से यह हादसा हुआ। यह सब एक ही कमरे में सोते हुए हुआ। यह घटना रात लगभग 2:21 बजे के आसपास हुई। फोन पर उन्हें इस घटना की सूचना दी गई। कॉल के बाद तुरंत प्रशासन और पुलिस से संपर्क किया गया और बाद में लोग अस्पताल लाए गए। अस्पताल पहुंचने पर छह लोगों की मृत्यु हो चुकी थी। इनमें से एक व्यक्ति हाल ही में मेडिकल विभाग से रिटायर हुआ था। मरने वालों में असिस्टेंट मैट्रन का पति, उनकी एक बेटी जो अविवाहित थी, और उनके भाई के दो बच्चे शामिल थे। उन्होंने आगे कहा, ह्लइसके अलावा, उनकी एक और बेटी, एक बेटा और बहन का परिवार भी इस घटना में प्रभावित हुआ था। यह घटना परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति भी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीशों की पेंशन को बताया दयनीय

प्रात: किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि यह दयनीय है कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10 से 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा, आप हर मामले में कानूनी दृष्टिकोण नहीं अपना सकते। कभी-कभी आपको मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत होती है। उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10,000 से 15,000 रुपये के बीच पेंशन मिलने की बात पर गौर करते हुए पीठ ने कहा, यह दयनीय है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की पेंशन से संबंधित एक याचिका बुधवार को पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और अनुरोध किया कि इस पर जनवरी में सुनवाई की जाए। वेंकटरमणी ने कहा कि सरकार इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेगी। पीठ ने कहा, बेहतर होगा कि आप सरकार को समझाएं कि इस मामले में हमारे हस्तक्षेप से बचा जाए तो बेहतर है। पीठ ने कहा कि मामले का फैसला व्यक्तिगत मामलों के आधार पर नहीं किया जाएगा और शीर्ष अदालत जो भी आदेश देगी, वह सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लागू होगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ जनवरी की तारीख तय की। पिछले महीने इस मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया था कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 6,000 से 15,000 रुपये के बीच मामूली पेंशन मिल रही है। पीठ उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायाधीश ने कहा था कि उन्हें 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है। याचिकाकर्ता, जिला अदालत में 13 साल तक न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवा देने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किये गए थे। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने पेंशन की गणना करते समय उनकी न्यायिक सेवा पर विचार करने से इनकार कर दिया था।

# बिहार में बाढ़ नियंत्रण को लेकर 6650.33 करोड़ की योजनाओं की स्वीकृति की मांग

**मुलाकात**

### जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात

- राज्यसभा सांसद एवं जल संसाधन संबंधी स्थाई संसदीय समिति के सदस्य संजय कुमार झा भी रहे मौजूद

प्रात: किरण

पटना। बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा और बिहार में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित 6650.33 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी देने का अनुरोध किया। इस दौरान जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं जल संसाधन संबंधी स्थाई संसदीय समिति के सदस्य संजय कुमार झा भी उनके साथ मौजूद थे। श्री विजय कुमार चौधरी ने वित्त मंत्री को सौंपे पत्र में कहा कि 2024-25 के बजट भाषण में आपके द्वारा यह घोषणा की गई थी कि बिहार हमेशा देश के बाहर से आने वाली नदियों की बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित होता रहा है और नेपाल भाग में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित संरचनाओं के निर्माण में कोई प्रगति नहीं हो पाई है। इस परिप्रेक्ष्य में बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई हेतु त्वरित लाभ सिंचाई योजना एवं अन्य संसाधनों से बाढ़ प्रबंधन, बराज निर्माण एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार बिहार को 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देगी। बिहार में इस वर्ष आई ऐतिहासिक बाढ़ का उल्लेख करते हुए जल संसाधन मंत्री ने कहा कि 27 सितंबर से 30 सितंबर के बीच पूरे नेपाल में अभूतपूर्व वषार्पात के कारण वहाँ से आने वाली सभी नदियों यथा गंडक, बागमती, कोशी, महानंदा आदि के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई और उच्चतम जल स्तर के सारे रिकार्ड टूट गए। कोशी एवं गंडक में तो अनेक स्थानों पर लंबी दूरी में तटबंधों के ऊपर से बाढ़ का पानी बह गया। पहली बार यह अनुभव हुआ कि इन नदियों पर पूर्व से निर्मित तटबंध प्रणाली अब पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गई है। इसके दो प्रमुख कारण है- पहला जलवायु परिवर्तन के कारण नेपाल में अधिक वर्षा एवं वहां से आने वाली नदियों से अत्यधिक जलश्राव एवं दूसरा इन नदियों में लगातार जमा हो रहे गाद के कारण नदी तल ऊंचा होने से इनकी जल संग्रहन क्षमता में ह्रास। बाढ़ अवधि में जल का फैलाव अधिक होता है। आने वाले समय में इस स्थिति के और भी बदत्तर होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। श्री विजय कुमार चौधरी ने अपने पत्र में कहा कि राज्य की आबादी तथा जानमाल को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए पूर्व से निर्मित प्रमुख तटबंधों को प्राथमिकता के आधार पर उच्चीकरण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण अति आवश्यक है। इस क्रम में रीवर मैनेजमेंट इन बॉर्डर एरिया के तहत कुल 2147.58 करोड़ रुपये की तथा बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कुल 4502.75 करोड़ रुपये की योजनाओं के डीपीआर जल शक्ति मंत्रालय में समर्पित किए जा चुके है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री से बजट भाषण में घोषित 11500 करोड़ रुपये की राशि के तहत प्रथम चरण में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कुल 6650.33 करोड़ की प्रस्तावित योजनाओं की अविलम्ब स्वीकृति के लिए संबंधित प्राधिकार को आवश्यक निदेश देने का अनुरोध किया, ताकि ससमय इन योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा सके।



## संक्षिप्त खबरें

### वरीय पुलिस अधीक्षक निरीक्षण करने रूपसपुर थाने पहुंचे

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना मे देर रात वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र निरीक्षण करने थाना पहुंचे। करीब दो घंटे तक रूपसपुर थाने में रूके वरीय पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण करते हुए थाना के कार्यशैली एवं पदाधिकारियों के परफॉर्मेंश को देखा। साथ ही आवश्यक निर्देश दिया। इस क्रम में कांडो के निष्पादन के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। देर रात वरीय पुलिस अधीक्षक के पहुंचने से थाना के पुलिस कर्मी तैनात रहे। इस दौरान एएसपी भानू प्रताप सिंह व अंचल पुलिस निरीक्षक भी उपस्थित थे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रूपसपुर थाना का निरीक्षण किया गया। जिसमें पिछले वर्ष के तुलना में इस वर्ष अपराध में काफी कमी आयी है। कांडो का निष्पादन नवंबर माह के प्रतिवेदित केस से करीब साढे तीन प्रतिशत अधिक है। जिसे बनाये रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होने कहा कि आप लोग अपना पॉरफार्मेंश ऐसे ही बरकार रखे।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

दानापुर खगौल। रेल थाना क्षेत्र अंतर्गत दानापुर से पेरम्बुर जाने के लिए निकला युवक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गया। मृतक की पहचान मुरैनिया, गया का रहने वाला धर्मेन्द्र पासवान है। जीआरपी शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। मृतक का बहनोई संजय पासवान ने बताया कि उसका साला दानापुर से पेरम्बुर जाने के लिए घर निकला था। दानापुर के पास ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है।

### अधेड़ को गोली मारकर किया जख्मी

फतुहा। बुधवार को थाना क्षेत्र के चक पीताम्बरपुर भिखुआ गांव में खेत में काम कर रहे एक अधेड़ को बदमाशों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। आनन-फानन में जख्मी अधेड़ को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया गया। जख्मी अधेड़ की पहचान गांव के ही 45 वर्षीय दीनानाथ कुमार के रुप में हुई है। जख्मी शख्स के शरीर के कई जगहों पर जख्म के निशान थे। दाहिने हाथ में गोली आर-पार हो गयी है जबकि वही पैर व पीठ पर भी जख्म के निशान उभरा हुआ है। जख्मी दीनानाथ कुमार के मुताबिक जब वह खेत में काम कर रहा था तभी चार से पांच लोग आए और फोन पर किसी से बात करने के बाद उसके उपर गोली चला दी। जख्मी ने चार गोली चलाए जाने का आरोप लगाया है। वहीं सीएचसी के चिकित्सक डा सबीहा अहमद ने बताया कि जख्मी के शरीर पर चोट के निशान देखे गये जबकि हाथ में गोली लगने का जख्म प्रतीत होता है। उनके मुताबिक जख्मी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि घटना को संज्ञान में लेकर मामले की छानबीन की जा रही है। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बदमाशों ने जमीन विवाद में ही अधेड़ दीनानाथ कुमार को गोली मारकर जख्मी किया है।

### शिव के शिवलिंग पर दिखा जहरीला सर्प



मोकामा। मोकामा नगर के मोकामा घाट में कुदरत का अनोखा करिश्मा देखने को मिला। गंगा किनारे अवस्थित शिव मन्दिर में भारत का सबसे जहरीला सर्प रसेल वाइपर शिव मंदिर में घुस गया और शिवलिंग से लिपट गया। इस करिश्मे की खबर फैलते ही आस-पास के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने इस करिश्मा को भोले शंकर की साक्षात लीला मान पूजा-अर्चना शुरू कर दी और मनौतियां भी मांगी गयी। हालांकि, बाद में वन विभाग की टीम ने रसेल वाइपर का रेस्क्यू किया। तकरीबन दो घंटे तक लोगों के बीच आस्था का सैलाब उमड़ता रहा। लोगों की उमडती आस्था को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभलना पड़ा।

### मोकामा के औंटा गांव में दिखा बारासिंघा

मोकामा। मोकामा के औंटा गांव में बुधवार की सुबह बारासिंघा गांव में घुस गया। जिसके कारण गांव में अफरातफरी से माहौल हो गया। दरअसल बारासिंघा एक बगीचे में जाकर फंस गया। स्थानीय लोगो के द्वारा उसे वहां से हटाया गया तो वह गांव की तंग गलियों में जा घुसा और तेज गति से इधर-उधर भागने लगा। इस बीच ग्रामीण भी इधर-उधर भागने लगे हालांकि कुछ समय के बाद ग्रामीणों के द्वारा उसे रिहायसी इलाकों से गंगा किनारे कर दिया गया। इसके बाद बारासिंघा गंगा नदी किनारे जंगलों में चला गया।

# आईएचआईपी के जरिए फाइलेरिया की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी आसान

- प्रशिक्षण का शुभारंभ, एमडीए कार्यक्रम को मिलेगी मजबूती

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को साकार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार नई तकनीकों को अपना कर तैयारी कर रहा है. अब इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म (आईएचआईपी) के माध्यम से फाइलेरिया रोग की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी. इससे न केवल केस आधारित जानकारी का सटीक संधारण किया जा सकेगा बल्कि इसके साथ फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को नयी गति मिलेगी। यह जानकारी बुधवार को पटना के एक निजी होटल में आयोजित आईएचआईपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने दी. उन्होंने कहा कि आईएचआईपी के माध्यम से डेली कवरेज, माइक्रोफाइलेरिया सर्वे, पॉजिटिव मरीजों की सूची, टीएएस और प्री-टीएएस जैसे महत्वपूर्ण डेटा का संधारण आसान होगा। प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर जोर डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य के फाइलेरिया उन्मूलन से जुड़े




स्वास्थ्य कर्मियों को आईएचआईपी के उपयोग की जानकारी देना है. प्रशिक्षण के बाद ये अधिकारी अपने-अपने जिलों में जाकर इस प्रणाली को लागू करने के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे. इससे एमडीए को समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक संचालित किया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीरामल संस्था द्वारा किया गया. राज्य फाइलेरिया सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने कार्यक्रम की शुरूआत सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए किया. पीरामल संस्था के राज्य लीड बासब रूज ने कहा कि फाइलेरिया डेटा एंट्री और तकनीकी सहयोग के लिए उनकी संस्था हर स्तर पर स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करेगी. वहीं, पिरामल की प्रीती ने कार्यक्रम का संचालन किया।

फाइलेरिया सूचना प्रणाली होगी मजबूत प्रशिक्षण के दौरान डब्ल्यूएचओ के स्टेट कोर्डिनेटर, एनटीडी, डॉ. राजेश पांडेय ने कहा कि आईएचआईपी में फाइलेरिया रोग को शामिल किए जाने से फाइलेरिया सूचना प्रणाली और अधिक मजबूत होगी. उन्होंने बताया कि माइक्रोफाइलेरिया सर्वे के जरिए नए संक्रमित मरीजों की पहचान होगी. एमडीए के दौरान माइक्रो प्लान बनाना आसान होगा. मरीजों की लाइन लिस्टिंग के नियमित अपडेट से कार्यक्रमों का संचालन प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा. उन्होंने बताया कि आईएचआईपी के माध्यम से फाइलेरिया रोग की रियल टाइम मॉनिटरिंग न केवल डेटा सटीकता को बढ़ाएगी, बल्कि एमडीए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने में एक मील का पत्थर साबित होगी. फाइलेरिया उन्मूलन के इस प्रयास में स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं की सहभागिता इस लक्ष्य को जल्द ही हासिल करने में मददगार होगी। सहयोगी संस्थाओं की भागीदारी कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाओं जैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन, पिरामल स्वास्थ्य, सीफार, पीसीआई, और लेप्रा के प्रतिनिधियों ने आईएचआईपी में अपने-अपने सहयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी. राज्य स्वास्थ्य समिति के स्टेट सर्विलांस अधिकारी डॉ. रंजीत ने जिला और प्रखंड स्तर पर सहयोग देने का आश्वासन दिया। डब्ल्यूएचओ के नेशनल कोऑर्डिनेटर आईएचआईपी एवं मुख्य प्रशिक्षक डॉ. श्याम सिंघल ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से फाइलेरिया रोग की रिपोर्टिंग और उससे संबंधित फॉर्म भरने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी साझा की. उन्होंने हैंड्स ऑन ट्रेनिंग देकर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर पीसीआई की डॉ. पंखुड़ी मिश्रा, सीफार के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक रणविजय कुमार एवं रणजीत कुमार, उप कार्यक्रम प्रबंधक, सिफार, डब्यूएचओ के जोनल कोर्डिनेटर डॉ. माधुरी देवराजू, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. अरुण कुमार सहित लेप्रा के अधिकारी एवं 38 जिलों से आए जिला वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिसर, वीबीडीसी, वीभीडीएस सहित इपीडीम्योलोजिस्ट उपस्थित थे।

## ट्रामा सेंटर में चिकित्सकीय सुविधा बहाल करने तक अनिश्चितकालीन धरना रहेगा जारी



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : प्रखंड के असपुरा स्थित 23 वर्षों से बंद पड़ा ट्रॉमा सेंटर चहुंओर विकास का ढिंढोरा पीट रहीं प्रदेश की सरकार को मुँह चिढ़ा रहा है दूसरी ओर वर्षों से स्थानीय लोग ट्रामा सेंटर संघर्ष समिति के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। 23 वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत इस ट्रामा सेंटर का भवन एवं उपयोग के सामग्रियों की खरीदारी की गयी थी, दुर्भाग्य की बात यह है कि भवन निर्माण के 23 वर्ष बाद भी उक्त ट्रामा सेंटर में चिकित्सकीय सुविधा बहाल नहीं की जा सकी` हाल ही में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक कार्यक्रम में उक्त ट्रामा सेंटर का जल्द उद्घाटन की घोषणा भी की थी, जिससे स्थानीय लोग एवं धरनार्थी उत्साहित थे, पर, आज उपमुख्यमंत्री के घोषणा के महीनों बीत जाने के बावजूद भी कोई पहल नहीं की गई, जिससे नाराज लोगों ने बुधवार को धरना स्थल पर संघर्ष समिति के संयोजक दीपक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की बैठक में उपस्थित लोगों ने सरकार के उदासीन रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री के घोषणा के कई महीने बीतने के बाद भी अभी तक इस पर कोई खास पहल होते नहीं दिख रहा है, जो काफी निंदनीय है। विदित हो कि बीते दो वर्षों से स्थानीय लोग अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। बैठक में ट्रामा सेंटर संघर्ष समिति ने सड़क पर उतरकर आंदोलन को मजबूत रूप देने का निर्णय लिया` संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि जब तक ट्रॉमा सेंटर को लेकर सरकार खास पहल नहीं करती है तब तक संघर्ष जारी रहेगा । मौके पर विजय सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार , सुदामा चौधरी, निर्मल कुमार, गुड्डू कुमार गुप्ता, राजमोहन पासवान ,सत्येंद्र त्रिपाठी , श्रीकांत प्रसाद ,गोपाल सिंह , सुदामा पासवान, कुशेश्वर पाठक, सचिन प्रभाकर , शिवकुमार , धीरज कुमार, मितेंद्र पासवान, अजय कुमार परमिंदर शर्मा सहित ट्रामा सेंटर संघर्ष समिति के कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मसौढ़ी के लाल ने राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

मसौढ़ी !कर्नाटक में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में पटना बिहार के मसौढ़ी डॉ दिलीप कुमार ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है. खेल एवं युवा मंत्रालय के अधीन संचालित योगासन महात्मा गांधी इंडोर्स स्टेडियम तुमकुरु कर्नाटक बेंगलूर में 4 दिवसीय 5वीं सीनियर राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.इस प्रतियोगिता में पटना बिहार के मसौढ़ी के योग गुरु डॉ दिलीप कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है.मेडल जीतकर वापस अपने नगरी मसौढ़ी में लौटने पर डॉ दिलीप कुमार को शहर के लोगों की ओर से बुकेट व शॉल देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर युवा वार्ड पार्षद उज्ज्वल कुमार आशीष देव प्रतीक पटेल रौशन भाई बिट्टू यादव प्रेम आनंद कल्याण मुकेश सनोज जितेन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने डॉ दिलीप ने सपरिवार गुरु घर में मत्था टेका

**दशम गुरु के प्रकाश पर्व पर सरकार व प्रशासन संगतों के लिए करेगी व्यवस्था**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार में भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मस्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सपरिवार मत्था टेका और गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। जत्थेदार बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीर्वाद सिरोपा ओढ़ा कर दिया। इससे पहले गुरुद्वारा पहुंचने पर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा और महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने पुष्प गुच्छ देकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, कनीय उपाध्यक्ष और महासचिव इंद्रजीत सिंह



ने गुरुद्वारा के स्मृति चिन्ह और गुरु जी के जीवनी पर आधारित पुस्तक भेंट किया। गुरुद्वारा दर्शन के उपरांत उपस्थित मीडिया कर्मी से बात करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल ने कहा कि उन्हें जब भी समय मिलता है, गुरु जी के दरबार में हाजरी लगाने आ जाते हैं। बिहार सरकार और जिला प्रशासन आने वाले प्रकाशोत्सव की तैयारी में जुटा है। आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाओं के लिए आवश्यक व्यवस्था करने में प्रशासन जुटा हुआ है। पिछले साल की तरह इस साल भी गुरु पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजेश साह, अमित कानोडिया, नवल किशोर सिन्हा, राजू जायसवाल, मयंक जायसवाल, विनय कुमार, संतोष जायसवाल, विनय बिट्टू, दयानंद यादव आदि मौजूद रहे।

### दो वारंटी गिरफ्तार

मोकामा। घोसवरी थाने के पुलिस ने गोसाईगांव इलाके से दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। घोसकरी के थानाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि घोसवरी के गोसाई गांव के रहने वाले मनोज यादव एवं सातों यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन दोनों पर 2020 में एससी एसटी का मामला दर्ज था।

## हिन्दी को प्रशासनिक तंत्र में प्रभावी करने के लिए तकनीकी नवाचार व समर्पण जरूरी: डॉ सुभाष

- चिकित्सा सत्यापन इकाई व केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद का दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला संपन्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चिकित्सा सत्यापन इकाई और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में सरकारी तंत्र में हिन्दी : नई चुनौतियां और समाधान विषय पर आधारित दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन होटल पाटलिपुत्र एक्सोटिका में किया गया। इसका उद्देश्य सरकारी तंत्र में हिन्दी के प्रशासनिक और तकनीकी उपयोग को अधिक प्रभावी और प्रासंगिक बनाना था। उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू ने दीप जला कर किया। परिषद के महानिदेशक डॉ सुभाष कौशिक ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हिन्दी को प्रशासनिक तंत्र में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तकनीकी नवाचार और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने




कार्यशाला के आयोजन के लिए चिकित्सा सत्यापन इकाई, पटना की टीम की सराहना की। दो दिनों में कुल 10 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को हिन्दी के तकनीकी और प्रशासनिक उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। प्रमुख सत्रों में तकनीक समर्थित हिंदी टंकण, हिन्दी के प्रयोजनमूलक पहलू, राजभाषा की संवैधानिक स्थिति और कृत्रिम बुद्धिमता प्रायोजित हिन्दी अनुवाद शामिल था। इसके अलावा, प्रश्नोत्तरी और खेल आधारित गतिविधियों ने कार्यशाला को रोचक बना दिया।कार्यशाला में परिषद की विभिन्न संस्थान एवं इकाई के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें हिन्दी के प्रशासनिक उपयोग को लेकर नई दृष्टि और समाधान प्राप्त किए। कार्यशाला के आयोजन में चिकित्सा सत्यापन इकाई, पटना के प्रभारी अधिकारी डॉ केके अविनाश, अनुसंधान अधिकारी डॉ विभा कुमारी और हिन्दी संपर्क अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी भाटिया का योगदान सराहनीय रहा। कार्यशाला में हिन्दी के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने और इसे सरकारी तंत्र में अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुई।

## गोदाम से चोरी कर बोलेरो पर लादते पांच अपराधियों को पुलिस ने दबोचा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के नगला ब्रह्म स्थान के पास एक पिकअप बोलेरो पर चोरी का कार्टून लादते हुए पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल यह सभी गोदाम के शेड को रिंच की मदद से खोलकर उसमें घुस गए और सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में अड़ाया कंपनी लॉजिस्टिक्स एग्जीक्यूटिव राकेश रंजन के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कुल 66 कार्टन माल बरामद किया गया है। दूसरी ओर इसी थाना की पुलिस ने गोदाम से मेवा, गोलकी आदि की चोरी करने वाले चार चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान अपने कार्यालय कक्ष में बताया कि डीआईजी सह एसएसपी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर पूर्वी की निगरानी में अभियान चल रहा था। इसी दौरान एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में 17 दिसंबर की रात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए समकालीन अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान जिला आसूचना इकाई के पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के सहयोग से मालसलामी थाना के पुलिस पदाधिकारी और जवानों की टीम द्वारा जगह-जगह छापामारी की जा रही थी। इसी दौरान बुधवार की अल सुबह करीब 4.20 पर नगला ब्रह्मस्थान के पास पिकअप बोलेरो पर चार-पांच लोग कार्टून लादते हुए देखे गए। यह सभी पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगे। इस पर पुलिस कर्मियों के द्वारा घेराबंदी कर उन सबों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए पांच लोगों ने बताया कि सामने के गोदाम के शेड को रिंच की मदद से खोलकर उसमें घुसकर सभी सामान की चोरी किए हैं। इसके बाद कंपनी के लॉजिस्टिक एक्टिविटी राकेश रंजन के द्वारा सामान का मिलान किया गया और मामला दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया गया। वाहन सहित पांच गिरफ्तार लोगों को थाना लाया गया। इस संबंध में थाना में कांड संख्या 579/24 दर्ज किया गया है। पकड़े गए अपराधी का पूर्व में आपराधिक इतिहास भी रहा है। इन पांच लोगों की गिरफ्तारी के बाद बाइपास थाना के पांच गोदाम में चोरी के कांड का भी उद्भेदन किया गया है। यह कांड संख्या 384/24, 387, 477, 572, 581/24 है। गिरफ्तार लोगों में वैशाली जिला के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर नया टोला का रहने वाला राजीव कुमार पिता राज किशोर सिंह, नदी थाना क्षेत्र के सबलपुर गुलमहियाचक का रंजन कुमार पिता भोला प्रसाद, निजामपुर का सोनू कुमार पिता शिवदयाल सिंह, रंजीत कुमार पिता शिवनाथ सिंह और नदी थाना क्षेत्र के ही सबलपुर गुलमहिया चक का रहने वाला गुड्डू कुमार पिता सिवल महतो है। राजीव कुमार दीदारगंज थाना कांड संख्या 320/24, 375/24 व 388 24 में भी शामिल रहा है। रंजन कुमार भी दीदारगंज थाना कांड संख्या 320/24, 375/24 और 388/24 में शामिल रहा है। छापेमारी टीम में जिला आसूचना इकाई के पुलिस निरीक्षक सागर कुमार, अवनीश कपूर, सिपाही सुखदेव कुमार, मनीष मालाकार, सुबोध कुमार, धर्मेंद्र कुमार पासवान और मालसलामी थाना से पुलिस अवर निरीक्षक सह अपर थानाध्यक्ष अजीत कुमार, परि एसआई सुमित कुमार, एएसआई संजय कुमार, निरंजन कुमार यादव, सिपाही मनोर कुमार, संतोष कुमार, संतोष कुमार यादव, संजीत कुमार तथा रविंद्र कुमार ठाकुर शामिल थे। एक अन्य मामले में मालसलामी थाना की पुलिस ने 17 दिसंबर को गणेश प्रसाद, जो भैसानी टोला बड़ी बगीचा के रहने वाले हैं, के गोदाम से अज्ञात चोरों के द्वारा मेवा, गोलकी आदि चोरी कर ली गई। इस संबंध में मालसलामी थाना में कांड 577/24 दर्ज किया गया था। डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि भैंसानी टोला बड़ी बगीचा के रहने वाले गणेश प्रसाद पिता स्व किशोरी साह ने सूचना दी कि 16 दिसंबर को उनके गोदाम में रखा हुआ तीन पेटी काजू, एक पेटी अखरोट, एक थैला बादाम गिरी, दो बोरा गोलकी, एक पेटी अंजीर, छुहारा, मुनक्का के अलावा दूसरे व्यापारी का 10 बोरा गोलकी, एक बोरा जीरा, एक बाल्टी काजू, एक पेटी काजू अज्ञात चोर के द्वारा दीवार तोड़कर चोरी कर ली गई है। दिए गए आवेदन के आधार पर थाना में कांड दर्ज किया गया। इसके बाद गठित टीम के द्वारा आसूचना संकलन कर लगातार पूछताछ और छापेमारी की गई। इस दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें मंसूरगंज का रहने वाला राहुल कुमार पिता स्व अजय मांझी, कैमाशिकोह का रहने वाला विकास कुमार पिता प्रमोद चौधरी, राकेश कुमार उर्फ कातिया, पिता प्रमोद चौधरी और मालसलामी थाना क्षेत्र के मंसूरगंज मुसहरी का रहने वाला अशोक मांझी पिता रामजी मांझी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन सबों के पास से तीन बोरा गोलकी, एक बोरा जीरा, दीवाल तोड़ने का लोहे का रॉड, करीब 10 किलो एक बाल्टी में रहा काजू, चार किलोग्राम पिस्ता बादाम, चार पैकेट छुहारा, तीन पैकेट मुनक्का, दो पैकेट अंजीर, तीन पैकेट अखरोट, छह पेटी काजू बरामद किया गया है। गिरफ्तार राहुल पर चौक थाना में कांड संख्या 411/23 व 39/23 दर्ज है, जबकि विकास पर चौक थाना में 67/16 और मालसलामी थाना में कांड 190/2012 दर्ज है। राकेश कुमार उर्फ कातिया पर चौक थाना में कांड संख्या 273/24 उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज है। छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक सह अपर थानाध्यक्ष अजीत कुमार, एसआई बालकृष्ण सिंह, एएसआई संजय कुमार, परि एसआई अमित कुमार आदि शामिल थे।

## मांगों को रखना वह पूरा करने के लिए ड्राइवर आयोग का हो गठन

**बैरिया बस पड़ाव के पास चालकों ने किया प्रदर्शन**




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार ड्राइवर महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर बैरिया बस स्टैंड के मुख्य द्वार के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बिहार ड्राइवर महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार और मीडिया प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि बिहार में बस एवं ट्रक चालकों की स्थिति काफी दायिनी है दरअसल चालकों का कहना था कि बिहार में बस और ट्रक चालकों को सुनने वाला कोई नहीं है उनकी मूलभूत सुविधाएं और सेवा को भी लोग नहीं मन पाए हैं और उपेक्षा की दृष्टि से उन सबों को देखा जाता है लोगों का नजरिया बस और ट्रक चालक के प्रति सही नहीं होता है इसी कारण से इन सबों की मुख्य मांग थी कि बिहार में विभिन्न अयोगी की तरह एक ड्राइवर आयोग का भी गठन किया जाए जहान वे सब अपनी बातों को रख सके और उसका निराकरण किया जा सके वैसे प्रदेश के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में भी लगातार इस दिशा में काम चल रहा है 1 सितंबर को चालक दिवस भी मनाया जाता है इन समूह का कहना था कि उन सबों को मूलभूत सुविधाएं बस स्टैंड से लेकर ट्रक पार्किंग वाले स्थान पर दिया जाए दुर्घटना में यदि चालक की मौत होती है तो उन्हें 20 लाख रुपया मुआवजा घायलों को इलाज के साथ पर्याप्त आर्थिक मदद चालक के बच्चों को के भविष्य उज्जवल करने के लिए उच्च शिक्षा का प्रावधानबस स्टैंड और ट्रक पार्किंग स्थल पर शौचालय विश्राम गृह आदि की मांग की गई चालकों का कहना था कि उन सबों की छोटी सी गलती होने पर भी आम जनता और पुलिस की प्रताड़ना झेलना पड़ता है वह सब बस और ट्रक चला कर राज्य और केंद्र सरकार की आर्थिक मदद करते हैं मगर उन लोगों का वोट तो लिया जाता है मगर सहयोग और समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है 1 से 3 जनवरी तक अपनी मांगों को लेकर जब चालक हड़ताल पर गए थे तो देश को आर्थिक नुकसान सहना पड़ा था वही मीडिया प्रभारी राजेश कुमार का कहना था कि छोटी घटना होने पर भी आम जनता भी पकड़ कर चालकों की पिटाई कर देती है पुलिस का तो कहना ही नहीं है पुलिस की प्रताड़ना तो लगातार चालकों के साथ होता रहता है।

### राष्ट्रीय सब-जूनियर कराटे में बिहार को चार कांस्य मिला



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार की शैलवी, शैलिशा, आराध्या श्रीजस ने राष्ट्रीय सब-जूनियर कराटे में बिहार के लिए चार कांस्य पदक जीतने का काम किया। अखिल भारतीय सब-जूनियर राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप 14 और 15 दिसंबर को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इसमें बिहार की शैलवी श्री चौधरी ने 10 वर्ष 40 किग्रा में कांस्य पदक, शैलिशा श्री चौधरी ने सात वर्ष अर्ध में कांस्य पदक, 12 वर्ष बालिका काता में कांस्य पदक, श्रीजस सिंह ने आठ वर्ष बालक कुमिते-30 वर्ष में कांस्य पदक जीता। राज्य कराटे संघ के अध्यक्ष अभय कुमार अतुल, महासचिव पंकज कांबली, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार और बिहार कराटे संघ के कोच हर्ष, राकेश, आकाश और सुभाष ने खिलाड़ियों को जीत पर बधाई दी है।

## संयुक्त किसान मोर्चा की बिहार इकाई ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ऑनलाइन की बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय समन्वय समिति ने एक तत्काल बैठक आयोजित कर पंजाब हरियाणा सीमा(शंभू बॉडर) पर सरकार द्वारा किसानों के संघर्ष पर किए जा रहे दमन पर रोक लगाने , जेल में बंद ग्रेटर नोएडा के किसान नेताओं को रिहा करने, ह्यकृषि विपणन पर नई राष्ट्रीय नीति रूपरेखाह्व को तत्काल वापस लेने और किसानों की लम्बित मांगों पर सभी किसान संगठनों से अविलंब चर्चा शुरू करने की मांग को लेकर 23 दिसंबर 2024 को राष्ट्रव्यापी जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। उक्त आह्वान को बिहार में व्यापक रूप से लागू करने हेतु संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े बिहार के संगठनों ने 17 दिसंबर को देर रात्रि तक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया। बैठक में 25 नवम्बर को भारत सरकार की कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कृषि विपणन प्रभाग द्वारा जारी ह्लकृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रूपरेखाह्व का मसौदा पर चर्चा किया गया । बैठक में किसान नेताओं ने पाया कि केन्द्र सरकार द्वारा कृषि विपणन पर जारी इस मसौदे में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी समेत किसानों की लंबित मांगों पर कोई चर्चा नहीं की गई है। बल्कि डिजिटलीकरण, अनुबंध खेती, और बाजार पर कॉर्पोरेट नियंत्रण को बढावा देने की बात कही गई है। खास बात यह है कि कृषि विपणन पर जारी केन्द्र सरकार का मसौदा देश में एपीएमसी मंडियों की भारी कमी (एनसीएफ, 2006 के मानक से 5 गुना कम) को दशार्ता है। ह्लएक विनियमित बाजार 80 वर्ग किमी के मानक के मुकाबले औसत 407 वर्ग किमी क्षेत्र में सेवा प्रदान करता है।

# फिल्म सहित रचनात्मक उद्यम का हब बनेगा बिहार : विजय

## बिहार को क्रिएटिव इकोनॉमी का हब बनाने के लिए कृत संकल्पित है सरकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कला संस्कृति एवं युवा विभाग में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सूबे में फिल्म सहित रचनात्मक उद्यम के समग्र विकास विकास के लिए विभाग की ओर से बहुसूत्रीय प्रयास किए जा रहे हैं। हम बिहार को क्रिएटिव इकोनॉमी का नया गन्तव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास में जुटे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि हम बिहार में फिल्म उद्योग स्थायी आधार देने के लिए फिल्म सिटी विकसित करने जा रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री की अनुमति से स्थान का चयन किया जाएगा। फिल्म सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास में हम केंद्र सरकार से भी सहयोग लेंगे। हम इस महत्वकांक्षी परियोजना के लिए केंद्र से 200 करोड़ रुपए की सहायता का प्रस्ताव भेजने जा रहे हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि फिल्म निर्माण से जुड़ी बारीकियों के अध्ययन के लिए पुणे का फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान एक विश्वस्तरीय केंद्र रहा है। इस संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र बंगाल, केरल, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में रहे हैं। बिहार जैसे युवा राज्य में आज इसकी व्यापक उपयोगिता है। अतः हमने राज्य में एफटीआईआई के क्षेत्रीय केंद्र



की स्थापना की पहल की है। जिसके लिए हम केंद्र से 100 करोड़ रुपए का बजटीय प्रस्ताव करेंगे। इसके साथ ही राज्य में नाट्य विधा को संरक्षित और सुरक्षित करते हुए उससे जुड़ी पढ़ाई और प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के तर्ज पर बिहार नाट्य विद्यालय शुरू करने जा रहे हैं। इस नाट्य विद्यालय के गठन की प्रक्रिया कैबिनेट के अनुमोदन के तत्काल बाद शुरू कर दी जाएगी। इनके अलावा हम गुरु -शिष्य परंपरा पर आधारित शास्त्रीय और लोककलाओं को भी खास तौर पर लक्षित किया है। इन कलाओं के चयनित कलासाधक गुरुओं और शिष्यों को एक निश्चित अवधि के लिए राज्य सरकार की ओर से मानदेय दिए जाने की योजना पर विभाग काम कर रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य से बाहर दो स्थानों पर बिहार महोत्सव कराए जाने की परिपाटी रही है। साल 2024-25 के लिए हम उत्तर और दक्षिण भारत के एक-एक स्थानों पर इसका आयोजन कराने जा रहे हैं । इससे बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विशिष्टता और विरासत को वहां के लोगों तक विस्तारित किया जा सकेगा। साथ ही हम मुम्बई में फिल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों, तकनीकीविदों और उद्यमियों के साथ फिल्म कॉन्क्लेव करने जा रहे हैं। इसी के साथ विभाग राज्य में फिल्म उद्योग को विशेष गति देने के लिए कॉन्क्लेव के साथ निवेशकों की बैठक आयोजित करने पर भी विचार कर रहा है।

# नेता प्रतिपक्ष झूठा झांसा देकर महिलाओं को नहीं बरगला सकते : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसा है। बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि महिलाओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नीतीश सरकार प्रदेश की बहन-बेटियों को इंटर पास करने पर 25 हजार और ग्रेजुएशन पूरा करने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देती है। इसके साथ ही हमारी सरकार ने 94 लाख गरीब परिवारों को चिन्हित कर 2-2 लाख रुपये देने का निर्णय लिया है। चुनाव नजदीक है इसलिए नेता प्रतिपक्ष झूठा झांसा देकर महिलाओं को बरगलाना चाहते हैं लेकिन उनका मकसद कभी पूरा नहीं होगा। आगे उन्होंने कहा कि श्री तेजस्वी यादव का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है इसलिए उन्हें हर जगह भ्रष्टाचार नजर ही आता है।



## आगामी विस चुनाव में नीतीश के नेतृत्व में बनेगी सरकार : सुनील

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी और इसको लेकर कहीं कोई कन्फ्यूजन नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े हरेक वादों को पूरा किया है और 23 दिसंबर से शुरू होने वाले प्रगति यात्रा के जरिये नीतीश कुमार प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं का जायजा लेंगे। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिन भी शिक्षकों के वेतन में कटौती हुआ है वो जांच के लिए पुनः अपना आवेदन दे सकते हैं। इससे पहले मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

# तेजस्वी सवाल पूछने के बजाय अपनी पार्टी संभालें : राजीव



पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से तेजस्वी यादव द्वारा पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि तेजस्वी पहले अस्तित्व संकट से जूझ रही अपनी पार्टी को बचाने की जुगत लगाएं क्योंकि लोकसभा चुनाव में राजद की करारी हार के बाद विधानसभा की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में एक बार फिर उनका सूपड़ा साफ हो गया है लेकिन इन परिणामों से सीख लेने के बजाय लगातार श्री नीतीश कुमार पर सवाल खड़े करते रहने की आदत से मजबूर हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि तेजस्वी जी को पिछले उन्नीस वर्षों में बिहार द्वारा गढ़े गए विकास के आयामों से सीख लेनी चाहिये। उन्होंने कहा कि 2005 तक राज्य में बिजली की आपूर्ति 640 मेगावाट थी जो अब बढ़कर लगभग 8000 मेगावाट हो चुकी है। हर घर में बिजली पहुँच चुकी है। राज्य के सुदूर गाँवों तक पीने का पानी उपलब्ध है और पूरा राज्य चमचमाती सड़कों से जुड़ा हुआ है और 2005 तक इस राज्य में सड़क से ज्यादा उनमें गड्ढों की चर्चा होती थी। उन्होंने कहा कि महिलाओं समेत सभी वर्गों का अभूतपूर्व सशक्तिकरण हुआ है। श्री प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पंद्रहवी यात्रा पर जा रहे हैं। उनकी पिछली सभी यात्राओं के दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जनता से फीडबैक लिया है और यात्रा के पश्चात अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का जन्म भी हुआ है। श्री प्रसाद ने कहा कि आजतक श्री तेजस्वी का ट्रैक रिकॉर्ड अपनी यात्राओं को अधूरा छोड़ कर निकल जाने का रहा है। अपनी पिछली यात्रा में भी वह बीच से निकल कर दुबई चले गए थे।

# वीर बाल दिवस के लिए प्रदेश स्तरीय टीम गठित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- वीर बाल दिवस के मौके पर प्रदेश भाजपा का कई कार्यक्रम
- टीम में प्रमोद चंद्रवंशी, प्रभाकर मिश्रा, शीला प्रजापति और सुचित सिंह शामिल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। वीर बाल दिवस के मौके पर प्रदेश से लेकर मण्डलस्तर तक बिहार भाजपा द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके सफल आयोजन के लिए प्रदेश स्तरीय एक टीम का गठन किया गया है। बिहार प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि यह टीम चार सदस्यीय है जिसकी देखरेख में सारे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस टीम में विधान पार्षद प्रमोद चंद्रवंशी, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष शीला प्रजापति और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सरदार सुचित सिंह को स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी मंडलों में एक विशेष सभा का आयोजन किया जाएगा जहां साहिबजादों के चित्र लगाये जाएंगे एवं उनके अनुकरणीय साहस एवं बलिदान के बारे में विशेषकर युवाओं को जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी, 2022 को घोषणा करते हुए कहा था कि गुरु गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 26 दिसंबर को दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। श्री मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निदेशार्नुसार 26 दिसंबर को सामूहिक रूप से स्थानीय गुरूद्वारा में जाकर शब्द कीर्तन का श्रवण किया जाएगा तथा मंडल एवं जिलों में प्रभात फेरी का आयोजन होगा, जिसमे समाज के सभी वर्गों के लोगों को शामिल होने का अनुरोध किया जाएगा। इसके अलावा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और जिला स्तर पर बौद्धिक संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में साहिबजादों के बलिदान को लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# एनडीए सरकार बाबा साहेब के संविधान को लेकर आगे बढ़ रही : दिलीप

## बोलें- विपक्ष को राजनीतिक दुकानदारी करनी है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को लेकर कहा कि एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विपक्ष के किसी भी आरोप को नकारते हुए कहा कि भीमराव अंबेडकर संविधान निमार्ता हैं। एनडीए सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र वाला यह देश पूरी दुनिया मे मिसाल है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस तरह की बात करने वाले जो लोग



हैं, इन्हें राजनीतिक दुकानदारी करनी है, इससे ज्यादा और कुछ नहीं है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव के बयान से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि राजद के अध्यक्ष लालू यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमउम्र हैं। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चाचा बोलते हैं। ऐसे में अगर कोई माँ, पिता और चाचा के ऊपर अमर्यादित शब्द का उपयोग करे तो ऐसे इंसान का कोई वजूद नहीं , ऐसे लोग संस्कारहीन लोग हैं।

# नीतीश कुमार एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं : जदयू

पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं। बिहार में महिलाओं का ऐतिहासिक सशक्तिकरन, लालूवादी राजनीति में बुरी तरह हाशिए पर पड़े पिछड़ों, अतिपिछड़ों और दलितों तक आरक्षण का विस्तार और उनका आर्थिक विकास, अकलियतों के मान सम्मान और सुरक्षा की गारंटी, जातिवादी समीकरणों का विनाश कर विकास और सुशासन का आगाज, पूरे बिहार में सुरक्षा के माहौल का निर्माण, बिहारी आत्मसम्मान का जागरण और अपने सार्वजनिक जीवन में शुचिता और ऊंचे दर्जे की ईमानदारी। इन सबका मिला जुला नाम ही नीतीश कुमार है। नीतीश कुमार का चेहरा बिहार के लोगों के दिलों पर इसलिए राज करता है क्योंकि लोगों ने उनकी मंशा और नीयत की पवित्रता को देखा है, पिछले उन्नीस वर्षों से बिहार के विकास को लेकर उनके निःस्वार्थ जुनून को देखा हैं, सभी वर्गों और संप्रदायों को साथ लेकर चलने की उनकी राजनीतिक कार्यशैली को देखा और पसंद किया है।

# बाबा साहेब के नाम पर दिखावा कर रही कांग्रेस : चिराग



पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस आज बाबा साहेब के सम्मान को लेकर चिंता जता रही है, ये वही कांग्रेस है जिसने बाबा साहेब अंबेडकर के रहते हुए उन्हें सम्मान देना जरूरी नहीं समझा। दशकों तक उनकी एक तस्वीर तक भारत की संसद में लगाना कांग्रेस ने जरूरी नहीं समझा। पहली बार बाबा साहेब का तैलचित्र भारत की संसद में तब लगा, जब देश में गैर कांग्रेसी सरकार आयी, वीपी सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। जिसमें मेरे नेता, मेरे पिता रामविलास पासवान जी श्रम एवं कल्याण मंत्री थे, उस वक्त पहली बार भारत के संसद में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को भारत के संसद में लगाया गया । बाबा साहेब के सम्मान में भारत रत्न देना भी उन लोगों ने जरूरी नहीं समझा। आज कांग्रेस केवल एक प्रतिस्पर्धा में है, क्यों? क्योंकि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्र की एनडीए सरकार ने भीम राव अंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख पलों को विकसित कर उन्हें चिन्हित करने का काम किया है। जब तक कांग्रेस सत्ता में रही उन्होंने बाबा साहेब का नाम लेना तो दूर की बात है ,उनके नाम को भुलाने का काम किया। आज उसी कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब के सम्मान की चिंता हो रही है? कांग्रेस केवल दिखावा कर रही है। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# बाबा साहेब का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं : राजद

## गृह मंत्री की टिप्पणी के खिलाफ राजद ने किया प्रदर्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने कहा है कि बाबा साहेब का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचन्द्र राम, विधायक रेखा देवी पासवान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार साधु, प्रदेश राजद प्रवक्ता सारिका पासवान, प्रदेश महासचिव निर्भय कुमार अम्बेदकर एवं प्रमोद कुमार राम ने संयुक्त रूप से कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा राज्यसभा में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर के संबंध में जो अपमानजनक भाषा इस्तेमाल किया है उसकी राष्ट्रीय जनता दल घोर शब्दों से निंदा करता है और गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा तथा देश के लोगों से माफी की मांग की है। राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने पटना के आयकर गोलंबर पर विरोध प्रदर्शन किया। वक्ताओं



ने कहा कि देश के 90 प्रतिशत से अधिक वंचित, उपेक्षित, शोषित, दलित, पिछड़े, गरीब, अल्पसंख्यक और समता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, और संविधान में यकीन रखने वाले न्यायप्रिय लोगों के लिए बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर भगवान से भी कम भी नहीं है। अंबेडकर जी का अपमान कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी और आर एस एस की साजिश का परिणाम बताया। नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने करोड़ों लोगों को नारकीय जीवन से छुटकारा दिलाकर उनको हक अधिकार और समाज में बेहतर जीने की संवैधानिक व्यवस्था दी। इस अवसर पर ओम प्रकाश पासवान, दीपक मांझी, संतोष पासवान,सुखु पासवान, शिवकुमार भारती, रमेश रजक, मंजू दास,राष्ट्रीय महासचिव बीनु यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, फैयाज आलम कमाल,भाई अरुण कुमार, राजेश पाल, संजय यादव,पटना जिला अध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव, बाढ़ जिला अध्यक्ष नमिता नीरज सिंह, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुमार सहित दलित, शोषित, वंचित समाज के सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# सामूहिक बलात्कार और निर्मम हत्या की जांच के लिए राजद की टीम गठित

पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड और माली थाना के अन्तर्गत मंझौली खंभा गांव में गत 9 दिसम्बर को एक 15 वर्षीय नाबालिग के साथ सामुहिक बलात्कार कर निर्ममता पूर्वक उसकी हत्या कर दिए जाने की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए इस घटना को काफी गंभीरता से लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निर्देश पर इस घटना की जांच के लिए एक सात सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के मगध प्रमंडल के प्रभारी महासचिव संजय यादव ने बताया कि पार्टी के प्रधान महासचिव रणविजय साहू के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के अनुसार पूर्व मंत्री सुरेश पासवान के संयोजकत्व में गठित टीम में पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम, विधायक विजय कुमार उर्फ डब्लू सिंह एवं सतीश कुमार, पूर्व विधायक राजेन्द्र राम एवं श्रीमती समता देवी के साथ हीं औरंगाबाद जिला राजद के अध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा को सदस्य बनाया गया है। श्री संजय ने बताया कि जांच टीम कल 19 दिसम्बर को पीड़िता के गांव जाकर उसके परिजनों से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी लेगी साथ हीं स्थानीय प्रशासन से मिलकर इस मामले में की गई अबतक की कार्यवाही भी जानने का प्रयास करेगी।

# गृह मंत्री ने बाबा साहेब का किया अपमान : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा अपमानजनक दिये गये बयान की निंदा करते हुए गृह मंत्री से मांफी मांगने की मांग की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर का अपमान किया है। अमित शाह का बयान आपत्तिजनक है। बयान से लगता है कि अमित शाह का विश्वास भारतीय संविधान में नहीं है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी संविधान निमार्ता बाबा साहेब का अपमान किया था। अब अमित शाह भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बयान के द्वारा डॉ. बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की स्मृति और हमारे संविधान में निहित बाबा साहेब की धर्मनिरपेक्ष, गरीब-समर्थक दृष्टि को मिटाने की कोशिश की है। इस तरह की घृणित सोच भाजपा और आरएसएस की पाठशाला में ही पनपती है। देश की वंचित, उपेक्षित, उत्पीड़ित, शोषित, उपहासित, दलित, पिछड़े, गरीब और अल्पसंख्यक डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान को मानते हैं और विश्वास करते हैं। भारतीय संविधान में समता, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की बातें की गई है। भाजपा और आरएसएस को डॉक्टर अम्बेडकर पच नहीं रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संविधान निमार्ता के प्रति गृहमंत्री अमित शाह की ऐसी संकीर्ण सोच की निंदा करती है।

# अडानी मामले को लेकर कांग्रेस का राजभवन मार्च

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अमेरिका में अडानी के खिलाफ धोखाधड़ी एवं रिश्वतखोरी के मामले में गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी अडानी को गिरफ्तार नहीं किए जाने एवं मणिपुर में जारी हिंसा के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा बुधवार को सदाकत आश्रम से राजभवन मार्च निकाला गया। बड़ी संख्या में स्थानीय पार्टी कार्यालय सदाकत आश्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता तथा कार्यकताओं ने जुलूस के रूप में सदाकत आश्रम से राजापुर, बोरिंग रोड होते हुए राजभवन की ओर प्रस्थान किया जिससे यातायात भी ठप्प हो गया। इस दौरान स्थानीय प्रशासन ने कांग्रेस के इस राज भवन मार्च को बीच रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र के मोदी सरकार के





विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।सड़क पर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।बाद में स्थानीय प्रशासन के द्वारा कांग्रेस के इस राजभवन में शामिल सात वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को राजभवन जाकर अपने ज्ञापन सौंपने की अनुमति प्रदान की।

प्रदेश कांग्रेस के सात सदस्यीय शिष्टमंडल जिसमें पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, वीणा शाही, नरेन्द्र कुमार, ब्रजेश पांडेय ,निर्मल वर्मा, उमैर खान शामिल हैं, ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल के मौजूद न रहने की स्थिति में उनके प्रतिनिधि से मुलाकात कर उन्हें अडानी रिश्वतखोरी मामले को लेकर कांग्रेस की ओर से ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के शिष्टमंडल द्वारा सौंप गए ज्ञापन में पार्टी की ओर से मांग की गई की हाल ही में गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पदार्फाश किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक विचलित करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करती है। अतः इस मामले पर संयुक्त जांच समिति का गठन कर इसकी व्यापक जांच होनी आवश्यक है। मणिपुर के ताजा स्थिति पर सवाल करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में कहा है कि मणिपुर के आम नागरिक निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहें हैं। उपरोक्त दोनों विषयों पर केंद्र की सरकार उचित कदम उठाएं।

## सोन नहर प्रणाली अंतर्गत पूर्वी लिंक नहर का पुनर्स्थापन एवं पक्कीकरण कार्य प्रगति पर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सोन नहर प्रणाली के अंतर्गत पूर्वी लिंक नहर का 10.20 किमी लंबाई में पुनर्स्थापन और लाईनिंग कार्य तेजी से प्रगति पर है। जल संसाधन विभाग की इस महत्वपूर्ण सिंचाई योजना को 01 फरवरी को शुरू किया गया है और 3.75 किमी लंबाई में नहर का पक्कीकरण पूर्ण कर लिया गया है। योजना को जनवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। योजना के पूर्ण होने पर 1539 हेक्टेयर कृष्य कमाण्ड क्षेत्र में प्रत्यक्ष लाभ एवं 1,64,102 हेक्टेयर कमाण्ड क्षेत्र को अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, जिससे औरंगाबाद जिले के बारूण, औरंगाबाद, गोह, रफीगंज, ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा प्रखण्ड, गया जिले के कोंच, टेकारी प्रखण्ड, अरवल जिले के कलेर, अरवल प्रखण्ड तथा पटना जिले के पालीगंज, दुल्हिनबाजार, नौबतपुर, बिहटा, बिक्रम प्रखण्ड लाभान्वित होंगे।

# महाराज छत्रसाल के अंतर्ध्यान तिथि पर अखंड संकीर्तन महायज्ञ शुभारंभ



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

हिंदू रक्षक महाराज छत्रसाल जी के अंतर्ध्यान तिथि पर बुधवार से 24 घंटे संकीर्तण महायज्ञ का शुभारंभ राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर परमहंस पीठ सत्संग धाम राजापुर में हुआ। अखंड संकीर्तन महायज्ञ का शुभारंभ महंत आचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री महाराज के द्वारा किया गया। अखंड कीर्तन का आज यानी गुरूवार को को विश्राम किया जाएगा। भजन मंडली ने अपने स्वरों से अखंड कीर्तन राधेश्याम नाम का धुन की गूंजों से शुभारंभ किया। शास्त्रीजी ने कहा कि महाराज छत्रसाल हिंदू धर्म के लिए मुगल शासक से युद्ध किया और मुगल शासक औरंगजेब को पराजित किया। शास्त्री जी ने आगे कहा....छत्रसाल जी के लिए कहा गया है कि छत्ता तेरे राज में, धक धक धरती होय। जित जित घोड़ा मुख करे, तित तित फत्ते होय। महाराज छत्रसाल देश के उत्थान के लिए अपने गुरु प्राणनाथ से आशीर्वाद प्राप्त कर छत्रसाल ने अपनी वीरता, चातुर्यपूर्ण रणनीति और कौशल से विदेशियों को पराजित किया। आततायिों के लिए बस छत्रसाल का नाम ही पर्याप्त था। आज उन्हीं के याद में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। शास्त्री जी ने आगे कहा कि जैसा कि गोस्वामी जी ने कहा है कलयुग में भगवान का नाम लेने मात्र से मुक्ति मिल जाता है। इस यज्ञ में महिला मंडल के सदस्य विजया प्रणामी, मालती प्रणामी,सूरज प्रणमी, मंदिर के संत विद्वार्थी भोला, संजय सहित अन्य की सहभागिता है। गुरूवार को देवदास समाधि पर पदयात्रा निकलेगी।

# एनडीए शासन में प्रगतिपथ पर अग्रसर है बिहार : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि दरभंगा और मधुबनी को बाढ़ से बहुत जल्द मुक्ति मिल जाएगी। कमला बलान नदी के बाएं एवं दाएं तटबंधों के उच्चीकरण,सुदृढ़ीकरण तथा शीर्ष पर सड़क निर्माण के दूसरे फेज का काम अंतिम चरण में पहुंचा गया है । डबल इंजन सरकार की असरदार नीतियों के करण बाढ़ से बिहार मुक्ति की दिशा में बढ़ रहा है। वहीं 20 दिसम्बर से रिंगा चीनी मिल में फिर से पेराई शुरू हो जाएगी,चालू पेराई सत्र 2024-25 में 15-20 क्विंटल गन्ने की पेराई होगी।गन्ना किसानों को ईख मूल्य के रूप में लगभग 80 करोड़ रुपए दिया जाएगा। श्री अरविन्द ने कहा की डबल इंजन की एनडीए सरकार की नीतियों के कारण प्रगतिपथ पर बिहार लागातार अग्रसर है। इसी क्रम में बिहार और यूपी के बीच गंडक नदी पर बनेगा 10.5 कि.मी. लंबा 4 लेन पुल इससे दोनों राज्यों के बीच 35 किमी दूरी घटेगी बाढ़ के समय भी आवागमन पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का आज होगा शुभारंभ

- कई एमओयू साइन होने की संभावना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार बिजनेस कनेक्ट की पिछले वर्ष की अपार सफलता के बाद उद्योग विभाग द्वारा पटना के ज्ञान भवन में आज यानी गुरूवार से बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय उद्योग सह पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, व अन्य मंत्रियों की उपस्थिति में होगी। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का मुख्य उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करना है। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन कुल छह सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें देश के कई प्रमुख उद्योगपतियों की भागीदारी होगी। इसमें प्रमुख रूप



से अरविंद शुक्ला, निदेशक, जेके लक्ष्मी सीमेंट; आनंद झा, सीईओ, प्रिस्टीन ग्रुप; संजय खेमका, एमडी पीनेक्स स्टील; तथा अन्य कई प्रतिष्ठित उद्योगपति शामिल होंगे। पिछले वर्ष के कार्यक्रम के दौरान 50 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किए गए थे। इस बार भी कई बड़ी कंपनियों के साथ एमओयू साइन होने की संभावना है, जिसमें एनएचपीसी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी और एवीपीएल जैसी कंपनियां शामिल हैं। पहले दिन के सत्र के दौरान उद्योग विभाग, आईटी विभाग, ऊर्जा विभाग, एमएसएमई, स्टार्टअप, और अन्य विभागों के सचिवों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाएगा, जिसमें वे राज्य में इन विभागों के अंतर्गत उपलब्ध संभावनाओं तथा राज्य सरकार की विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। दूसरे दिन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही एक सीईओ राउंड टेबल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उद्योग सह पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कॉफी टेबल बुक - बिहारः ए जर्नी ऑफ इंडस्ट्रियल ट्रांसफॉर्मेशन का विमोचन भी किया जाएगा। इस पुस्तक में सरकार की विभिन्न पहलों, नीतियों और नीतिगत सुधारों की विस्तृत जानकारी दी गई है। इसमें क्षेत्र-विशिष्ट पहलों और नीतियों का भी उल्लेख होगा, जो उद्योगों को बिहार मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कुछ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 से बिहार में बड़े निवेश की सम्भावना है, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा बल्कि राज्य की औद्योगिक स्थिति को और मजबूत करेगा।

# सुशासन के लिए 2025 में फिर से नीतीश जरूरी : उमेश

## बोलें-विरोधियों के दुष्प्रचार को नाकामयाब करना है



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि गत 19 वर्षों की तमाम ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ-साथ हमारे नेता नीतीश कुमार की बेदाग और ईमानदार छवि हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। नीतीश सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों-शोषितों के जीवनस्तर में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर हताश और निराश विपक्ष है जिनका एकमात्र काम झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को गुमराह करना है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उक्त बातें बुधवार को बिहार जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में सारण, कोशी, पूर्णियाँ-1, पूर्णियॉ-2 एवं मुंगेर प्रमंडल के प्रभारियों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा प्रभारियों सहित अग्रिम एवं मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2025 में प्रचंड विजय को सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने सहयोगी दलों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर धरातल पर काम करना है और विकासपुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के हाथों को मजबूत बनाना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2025 की चुनौतियों को फतह करने के लिए हमें गाँव-गाँव में जाकर नीतीश सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है और विरोधियों के दुष्प्रचार को नाकामयाब करना है। विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की एनडीए सरकार है इसलिए आने वाला 5 साल बिहार के लिए स्वर्णिम काल साबित होने वाला है। प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने कहा कि हमारे निष्ठावान कार्यकर्ता जनता दलयू का आधार स्तम्भ हैं और इन्ही कार्यकताओं की बदौलत वर्ष 2025 में लक्ष्य 225 का संकल्प साकार होगा। बैठक में विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद विकल एवं वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वंशीधर ब्रजवासी की जीत शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर : मोहम्मद इश्तेयाक

मुजफ्फरपुर। तिरहुत स्नातक उपचुनाव में संघर्ष के साथी क्रांतिकारी युवाओं की आवाज बंशीधर ब्रजवासी के विजय अभियान में,विभिन्न शिक्षक संगठनों ,सामाजिक और गैर राजनीतिक संगठनों ,व्यवसायिक संघों एवं बुद्धिजीवी मंचों के साथ महती भूमिका निभाने वाले फ्र्रुए &फ्र्रुकएक्टिविस्ट फोरम, बिहार के संयोजक मोहम्मद इश्तेयाक ने तिरहुत स्नातक उपचुनाव में बंशीधर ब्रजवासी के जीत पर कहा कि यह शिक्षा के धिकार ,शिक्षक के अधिकार ,छात्र नौजवानों के रोजगार के अधिकार, युवा कर्मियों और कामगारों के अधिकार की जीत है । मोहम्मद इश्तेयाक ने कहा कि जब व्यवस्था गूंगा और बहरा हो जाता है ,तो शिक्षा से सरोकार से जुडे लोगों को चुनावी राजनीति में आना पड़ता है। ये भारतीय लोकतंत्र के लिए सुखद संदेश है । उन्होंने कहा के बंशीधर ब्रजवासी की जीत इस बात का सुबूत है कि ह्लजीहोश ह्ल एवं बुद्धिजीवी लोगो में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति चेतना और सक्रियता पूरे क्षमता एवं निष्ठा के साथ मौजूद है । उन्होंने कहा कि बिहार विधान परिषद में एक क्रांतिकारी और कर्मठ व्यक्ति को जाने का मौका मिला है जो शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### फरार चल रहे शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार

समस्तीपुर, मुफ्फसिल पुलिस ने एक शराब मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान वैनी थाना क्षेत्र के चंदौली के लालबाबू राय के पुत्र राजीव कुमार राय के रूप में हुई है। बता दें मुफ्फसिल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीते 18 अक्टूबर की रात थाना क्षेत्र के गरुआरा चौर के पास एक ट्रक के अंदर भूसे की बोरियों के पीछे छिपाकर रखी गई 2591.28 लीटर विदेशी शराब बरामद किया था। इस दौरान पुलिस ने ट्रक के साथ एक बाइक भी जब्त की थी। वहीं छापेमारी के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर सभी शराब कारोबारी फरार हो गए थे। भाग रहे शराब कारोबारियों को स्थानीय चौकीदार के द्वारा पुलिस वाहन की रौशनी में पहचान की गई थी। इसके बाद वैनी चंदौली के चार और कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र के शंभूपट्टी के दो व सात-आठ अन्य अज्ञात के विरुद्ध थाना के एसआई चंद्रभूषण कुमार के आवेदन पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### फरार आरोपी के घर थानाध्यक्ष ने चिपकाया इश्तेहार

मनीगाछी(दरभंगा)। नेहरा थाना के थानाध्यक्ष ने बुधवार को थाने क्षेत्र के नेहरा गाँव निवासी स्व जोगी सदाय के पुत्र प्रदीप सदाय के घर इश्तेहार चिपकाकर तामिला कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि प्रदीप सदाय पर मारपीट का केस दर्ज है। जिसमें वह फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर उसके घर पहुँचकर विधिवत इस्तेहार चिपकाकर तामिला कराया गया है। अब यदि हाजिर नहीं होता है तो घर की कुर्की होगी।

### जनसुराज कार्यवाहक समिति की विशेष बैठक आयोजित

मधुबनी जयनगर प्रखण्ड के जनसुराज कार्यवाहक समिति के पदाधिकारी की बैठक जयनगर जनसुराज अनुमंडल कार्यालय में हुआ। इस बैठक में प्रखंड महासचिव सुजीत साह किसान अध्यक्ष सरोज यादव कार्यालय प्रभारी रामहर्ष राय महिला उपाध्यक्ष प्रीति कुमारी उपाध्यक्ष चंदन चौधरी और रहमतुल्लाह अभियान समिति सदस्य रामचंद्र पासवान और रामलाल राय अनुमंडल अध्यक्ष ब्रजेश राउत समेत मदन झा मिथुन यादव मो शमी रामशीष कामत रासलाल यादव मनीषा कुमारी रंजू कुमारी समेत अनेको जनसुराजी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार झा और जिला अभियान समिति मधुबनी के संयोजक विरेन्द्र यादव के उपस्थिति में बैठक में प्रत्येक प्रखंड से 25 नये सक्रिय सदस्य की सूची प्रखण्ड कोर कमिटी विभिन्न कार्य के लिए प्रभारी के नाम पर विचार विमर्श किया गया। महिला उपाध्यक्ष प्रीति कुमारी को महिला अध्यक्ष के पद प्रदान करने का प्रस्ताव पारित हुआ। महिला अध्यक्ष का पद रुपम कुमारी को राज्य कार्यवाहक समिति के सदस्य बनने से रिक्त हो गया था। प्रत्येक माह बैठक का निर्णय लिया गया है। सभी सदस्यो ने प्रशांत किशोर का मार्गदर्शन को बिहार में व्यवस्था परिवर्तन कि दिशा में किया जा रहा सभी कार्य से बिहार में बदलाव होने में विश्वास रखते हुए। 2025 में जयनगर प्रखण्ड और खजौली विधानसभ में जनसुराज को प्रथम स्थान पर रखने के लिए कमर कसने और सक्रिय होने की बात कहा है। राज्य कोर समिति में शामिल सदस्यो की शुभकामना और बधाई प्रदान किया । जिला मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार झा ने कहा प्रशांत किशोर महात्मा गांधी के समान समाज में अंतिम पैयदान पर बैठे और सही लोग सही सोच वाले लोग राजनीति से दूर होकर कुछ परिवारो और कुछ ही लोगो तक राजनीति एवं सत्ता सीमट जाने पर लोगो को आगे लाने और राजनीतिक दल और सत्ता में शामिल कराने के लिए गांव गांव पदयात्रा पर निकले और किये है।

# उत्सव व उल्लास के वातावरण में मनाई जाएगी 151 वें जिला स्थापना दिवस समारोह

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। जिला स्थापना दिवस समारोह का सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से विचार विमर्श के पश्चात उनके द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जिला स्थापना दिवस समारोह धूमधाम और उल्लास के वातावरण में 31 दिसंबर से 01 जनवरी 2025 तक किया जाएगा,जिसमें 31 को प्रातः 8 बजे पूर्वाह्न से विभिन्न खेल प्रतियोगिता यथा वॉलीबॉल, हैंडबॉल,1600 मीटर रेस,जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जम्प नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय दरभंगा में आयोजित होंगे।इस अवसर पर खेल का आयोजन कराए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका आयोजन 31 दिसंबर को पूर्वाह्न 9 बजे नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय प्रांगण में किया जाएगा। ऑडिटोरियम में अपराह्न 4 से संध्या 7.30 बजे तक स्थानीय कलाकारों,हास्य कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उत्कृष्ट कलाकारों के द्वारा सरकार के कल्याणकारी एवं जनोपयोगी योजनाओं पर आधारित गीत, संगीत, नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे।

जिला के 151वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों की साफ सफाई एवं स्वच्छता पर कार्यशाला का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक कर्मी के द्वारा श्रमदान कर किया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह 31 दिसंबर से 01 जनवरी 2025 तक मनाए जाने के कारण इस अवधि में सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों का सभी प्रकार का अवकाश रद्द किया गया है।

## भाकपा माले के पूर्व महासचिव की 26 वे स्मृति दिवस पर संकल्प सभा आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भाकपा माले जिला कार्यालय स्थित हरिसभा चौक में पार्टी के पूर्व महासचिव विनोद मिश्र के 26वीं स्मृति दिवस पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया।. माले नगर कमेटी सदस्य विनय वर्मा के द्वारा शहीद गीत और विनोद मिश्र को श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई।.सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले मुजफ्फरपुर के जिला सचिव कृष्णमोहन ने कहा कि कॉमरेड विनोद मिश्रा ने कहा था कि इतिहास में बड़े-बड़े सवाल हमेशा सड़कों की लड़ाइयों से हल होते हैं।. उन्होने कहा कि मोदी सरकार को सत्ता में आए अब एक दशक से अधिक समय हो चुका है।. सरकार के फासीवादी एजेंडे का पदार्फाश हो चुका है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को रद्द करना और प्लेसेज ऑफ वरशिप एक्ट, 1991 पर हाल में दिया आदेश जरूर स्वागतयोग्य कदम है लेकिन भाजपा-आरएसएस द्वारा संविधान की मूल भावना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ हमें निरंतर संघर्ष जारी रखना होगा।. इलाहाबाद हाइकोर्ट के एक जज कहते हैं कि बहुसंख्यक की इच्छा ही कानून है। ऐस में देश का संविधान व लोकतंत्र कैसे बचेगा? मोदी सरकार ने न्यायपालिका से लेकर मीडिया संस्थानों पर कब्जा कर लिया है और मनुस्मृति का गुलाम बना देने के सारे प्रयास हो रहे हैं।. हमें इन तमाम चुनौतियों से एक साथ लड़ना है.नगर सचिव सूरज कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की तथाकथित डबल इंजन सरकार के अन्याय, बदलाव की ताकतों को कुचल देने और बिहार को पीछे धकेलने की साजिशों के खिलाफ चौतरफा आंदोलनों को तेज करना है।. यह संकल्प सभा लोगों के जीवन-जिंदगानी, सामाजिक न्याय, आर्थिक सुरक्षा, सुरक्षित रोजगार, भूमि पर अधिकार, लाभकारी खेती जैसे बदलाव के एजेंडे को नई ऊर्जा देने के लिए आयोजित है।. 9 मार्च को पटना में आयोजित बदलो बिहार महाजुटान को विभिन्न आंदोलनरत सामाजिक समूहों का एक साझा मंच बना देना है।. उनकी गोलबंदी में अभी से एक-एक कार्यकर्ता को लग जाना है। अधिवक्ता ललितेशव मिश्र ने कहा कि फासीवादी मोदी सरकार और बिहार की डबल इंजन सरकार के खिलाफ विभिन्न मोर्चों पर प्रतिरोध भी बढ़ रहा है।. कभी-कभी यह प्रतिरोध चुनावों में फासीवादी अभियान को झटका देने में सफल रहा है, लेकिन हाल के हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों ने दिखाया है कि फासीवादी सत्ता पर बने रहने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है।प्रोफेसर मीरा ठाकुर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि फासीवादी हमले को रोकने के लिए हमें लंबे समय तक चलने वाले और मजबूत जन–आंदोलनों की जरूरत है। फासीवादी अपनी ताकत साम्प्रदायिक नफरत और ध्रुवीकरण, जाति और लैंगिक उत्पीड़न, और कॉर्पोरेट ताकत के पूर्ण समर्थन से हासिल करते हैं। इसलिए, फासीवाद का मुकाबला करने के लिए हमें सांप्रदायिकता, जातिवाद और कॉरपोरेट ताकत के खिलाफ प्रतिरोध को और भी व्यापक और धारदार बनाना होगा।

## बहुआयामी था कविवर ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह का व्यक्तित्व : संजय पंकज

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । हिंदी कविता की महत्वपूर्ण धारा स्वच्छंदतावाद के महत्वपूर्ण कवि ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह की रचनात्मक प्रतिभा बहुआयामी थी। वे समाजवादी विचारधारा और चिंतन के एक ऐसे साहित्यकार थे जिनका विश्वास सक्रिय समाज सेवा के साथ ही पराक्रमी लेखन में रहा। राष्ट्र, समाज, प्रकृति, जीवन, परंपरा और संस्कृति उनके काव्य के मूल भाव और केंद्र हैं। - ये बातें आमगोला स्थित शुभानंदी में कविवर ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह स्मृति पर्व के अवसर पर विषय प्रवर्तन करते हुए साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने कही। डॉ पंकज ने विस्तार से व्यक्तित्व कृतित्व पर बोलते हुए आगे कहा कि भाव वैभव और भाषा सौंदर्य के सजग सर्जक ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह यायावरी प्रवृत्ति के थे इसलिए उनके सृजन में देश दर्शन और परंपरा सहज ही समाहित है। मानवीय मूल्य और भारतीय संस्कृति का सत्य दर्शन उनके गीतों में है। गद्य पद्य के निपुण लेखक, ओजस्वी वक्ता और छात्रप्रिय प्राध्यापक के साथ ही वे जनप्रिय समाज सेवी थे। अध्यक्ष संबोधन में वरिष्ठ कवि शुभ नारायण शुभंकर ने कहा कि ब्रजकिशोर बाबू का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक था। उनके स्नेह सानिध्य में जिन्हें भी बैठने का अवसर मिला उन्होंने बहुत कुछ सीखा। राजनीति में रहते हुए भी साहित्य की संवेदना को सदा उन्होंने बचाए रखा। निडर, इमानदार, कर्मठ, पराक्रमी और पुरुषार्थी उनका व्यक्तित्व बड़ा ही विराट और उदार था। वह एक ओजस्वी वक्ता और शौर्यवान रचनाकार थे। नई पीढ़ी उनके लेखन से अपनी दिशा तय करते हुए स्वयं को संस्कारित कर सकती है। स्वागत संबोधन में डॉ केशव किशोर कनक ने कहा कि यद्यपि वे मेरे पिता थे लेकिन उनके प्रति लोगों का जो सम्मान भाव था वह मेरे लिए बड़ा ही प्रेरक है। डॉ अनु और डॉ सोनी सुमन ने कहा कि अपने पूर्वज रचनाकार से परिचित होने का यह अवसर हमारे लिए ऐतिहासिक है। ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह की काव्य पुस्तक शब्द शब्द जीवन राग भाव और शिल्प के स्तर पर बड़ा ही समृद्ध है। कवि श्यामल श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह यौवन के कवि हैं। उनके सृजन में आग के साथ ही राग भी है। प्रेम और पराक्रम दोनों का सहज समावेश है। आयोजन का शुभारंभ चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद डॉ सोनी सुमन के द्वारा सरस्वती वंदना - सरस्वती मां शारदे स्वर का मुझको ज्ञान दे - से हुआ। प्रो सोनी ने अपना गीत गांधी दर्शन सुनाकर इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ को खोला।स्त्री पर केंद्रित कविता का पाठ करते हुए जब श्यामल श्रीवास्तव ने इन पंक्तियों को केंद्रित किया - स्त्री हठात नहीं तोड़ती।

## डीएम ने दिया विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा सरकारी दिशा निर्देश एवं मानक के अनुरूप सभी कार्य ससमय पूरा करने हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। डीएम ने अधिकारियों को विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लान का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति, म्यूटेशन, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा, परिमार्जन प्लस, जमीन की मापी, एलपीसी,भू लगान, हेल्थ वेलनेस सेंटर के लिए जमीन, आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण हेतु चिह्नित जमीन का एनओसी तथा शेष बचे आंगनवाड़ी के लिए नये जमीन की उपलब्धता, पंचायत सरकार भवन, पंचायत में खेल मैदान के लिए जमीन, नल जल योजना, आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। म्यूटेशन कार्य की अंचलवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने तथा 10 दिनों के भीतर 90% मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। 85% से कम निष्पादन करने वाले अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी का छुट्टी बंद कर दिया गया है ।इस आशय से संबंधित पत्र जारी करने का निर्देश दिया गया 80 प्रतिशत से कम प्रदर्शन वाले अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। शुक्रवार को कार्य के प्रगति की पुनः समीक्षा जिलाधिकारी के स्तर से की जाएगी। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी को म्यूटेशन के मामलों का अकारण एवं अनावश्यक रिजेक्ट नहीं करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने डीसीएलआर एवं एसडीओ को अंचलों का विजिट कर रिव्यू करने तथा प्रगति लाने का निर्देश दि भूमि मापी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अंचलों में पदस्थापित अमीन को प्रतिदिन की मापी का दायित्व निर्धारित कर लंबित मापी के मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया तथा एसडीओ एवं डीसीएलआर को मॉनिटरिंग करने को कहा।जिलाधिकारी ने प्रखंड व अंचल के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर स्थानीय लोगों की समस्याओं का नियमानुकूल समाधान करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने जिले के सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन करने तथा जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान करने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने की योजना तय की है। इसके लिए जनवरी माह में प्रखंड वार शिविर के आयोजन के लिए कार्यक्रम तय किए जाएंगे। इस क्रम में जिलाधिकारी ने आगामी गुरुवार को मुसहरी प्रखंड परिसर में शिविर का आयोजन किया है जिसमें सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण भाग लेंगे तथा जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान करेंगे एवं जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी दिया जाएगा तथा योग्य पात्र को लाभान्वित किया जाएगा।

## बहुजन चेतना रैली व एकदिवसीय धरना आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।बहुजन समाज पार्टी मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय सरैया में बुधवार को 21 सूत्री मांगों को लेकर बहुजन चेतना रैली सह एकदिवसीय धरना - प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार, केंद्रीय प्रभारी एडवोकेट सुरेश राव, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो एवं नर्मदा प्रसाद अहिरवार मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार एवं संचालन जिला प्रभारी विजय कुमार सिंह ने किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि बिहार की सरकार हमेशा गरीब, दलित, वंचित, शोषित, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कुचलने का काम करती आई है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा और पेंशन योजनाओं की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार जो राशि वृद्धों और जरूरतमंदों को दे रही है, उससे उनके एक दिन के भोजन की भी व्यवस्था नहीं हो पाती। भूमिहीनों के लिए जमीन देने के नीतीश कुमार के वादे को खोखला बताते हुए उन्होंने मांग की कि सभी भूमिहीन परिवारों को कम से कम 5 डिसमिल जमीन तुरंत मुहैया कराई जाए। उन्होंने सरकार पर बहन-बेटियों के अधिकारों को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया और कहा कि कन्या विवाह योजना की राशि इतनी कम है कि इससे उनकी शादी में कोई मदद नहीं मिलती। उन्होंने इसे बढ़ाकर 50,000 करने की मांग की। अनिल कुमार ने जनता से आह्वान करते हुए कहा, ह्लबिहार में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाइए, तभी बाबा साहब के सपनों का बिहार और भारत साकार हो सकता है। केंद्रीय प्रभारी सुरेश राव ने अपने संबोधन में बिहार की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 40 वर्षों से राजद और नीतीश की सरकार ने जनता को गुमराह करने और उनके अधिकारों को कुचलने का काम किया है। उन्होंने जनता को इसके लिए भी जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इस बार बसपा के प्रत्याशियों को जिताकर सरकार बनाएं, तभी गरीबों और दलितों के अधिकार सुनिश्चित हो सकेंगे।केंद्रीय प्रभारी एन.पी. अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि बहुजन समाज पार्टी गरीबों और दलितों की असली पार्टी है। उन्होंने कहा कि जहां भी बसपा सत्ता में आई, वहां गरीबों के अधिकारों के लिए ठोस काम किए गए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि इस बार बसपा को मौका देकर अपने अधिकारों की रक्षा करें।

## दो रेलवे ट्रैक के बीच से अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का मिला शव, जांच में जुटी जीआरपी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर-बरौनी रेलखंड पर उजियारपुर रेलवे स्टेशन के पास दोनों रेलवे ट्रैक के बीच बुधवार 18 दिसम्बर की सुबह एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से ईलाके में सनसनी फैल गयी। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सुचना पर स्थानीय की लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों ने इसकी सुचना उजियारपुर आरपीएफ पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मी को दिया। सुचना मिलने के बाद उजियारपुर रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ कर्मी घटनास्थल पर पहुंच, इसकी सुचना समस्तीपुर रेल पुलिस जीआरपी को दिया। जिसके बाद शव वाहन के साथ पहुंची रेल जीआरपी ने, उक्त अज्ञात वृद्ध व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज मामले की छानबीन में जुट गयी है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का बताना है कि, सुबह करीब 7 बजे जब वह लोग रेलवे ट्रैक के बगल से अपनी खेतों की ओर जा रहे थे तो, अप एण्ड डाउन ट्रैक के बीच एक वृद्ध व्यक्ति का शव देखा। जिसकी सुचना उनलोगों स्थानीय रेलवे स्टेशन उजियारपुर के आरपीएफ पोस्ट को दिया। जिसके बाद उजियारपुर आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने यह आशंका व्यक्त किया है कि, उक्त वृद्ध व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत हुई होगी। वहीं इस संबंध में रेल थानाध्यक्ष समस्तीपुर बीपी आलोक का बताना है कि, आज सुबह सुचना मिली कि, समस्तीपुर बरौनी रेलखंड पर स्थित उजियारपुर रेलवे स्टेशन तथा रेलवे फाटक संख्या-46 के बीच, दोनों रेलवे ट्रैक अप एण्ड डाउन के बीच से एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा हुआ।

## भारतीय सेना विभाग देशभक्ति का एक सशक्त प्रमाण है : प्रो मुश्ताक अहमद

### सीएम कॉलेज,दरभंगा वायु सेना में नौकरियों के लिए उत्प्रेरक गोष्ठी का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।हमारी भारतीय सशस्त्र सेनाएं अपनी सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से विश्व में असाधारण महत्व रखती हैं। हमारी सेना, वायु सेना और नौसेना ने हर चुनौती का सामना किया है और देश का गौरव बरकरार रखा है इसलिए भारतीय सेनाओं मे कार्यरत होना भी देशभक्ति का एक प्रतीक है। ये विचार महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. मुश्ताक अहमद ने व्यक्त किये. प्रो अहमद एयर फोर्स दरभंगा के द्वारा कॉलेज में आयोजित मोटिवेशनल मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉलेज में ऐसी संगोष्ठी आयोजित करने के लिए स्थानीय वायु सेना, दरभंगा के फ्लाइंग ऑफिसर मेहिल गुप्ता और सार्जेंट दीपक रावत को धन्यवाद दिया, जो भारतीय सेनाओं के इतिहास और सशस्त्र बल विभाग में रोजगार के उज्ज्वल भविष्य को प्रतिबिंबित करेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहा है कि बच्चों को केवल कॉलेज में पाठ्यचर्या की शिक्षा तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि देश-दुनिया में कुछ न कुछ बदलाव हो रहा है और छात्रों को यह भी पता चले कि रोजगार के क्षेत्र में कहां-कहां संभावनाएं हैं। इसी उद्देश्य से आज यह उत्प्रेरक संगोष्ठी आयोजित की गयी है। प्रोफेसर अहमद ने कहा कि हमारे कॉलेज में एनसीसी की एक इकाई है, इसलिए ऐसी प्रेरक संगोष्ठी आयोजित करना आवश्यक है ताकि छात्र सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए मानसिक रूप से तैयार हों। फ्लाइंग ऑफिसर मोहुल गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में सबसे अधिक नौकरी के अवसर सशस्त्र बल विभाग में हैं। हमारे 26 वर्ष से कम उम्र के छात्र भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना सेना में अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। इस अवसर पर सार्जेंट दीपक रावत, डॉ. शैलेन्दर श्रीवास्तव, डॉ विजय सेन पांडे, डॉ ललित कुमार शर्मा, डॉ मयंक श्रीवास्तव एवं डॉ विवेश कुमार चतुवेर्दी ने भी इस प्रेरक संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## बिरला ओपन माइंड्स में 4 दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का समारोह पूर्वक समापन

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, दरभंगा में 4 दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का समापन भव्यता से हुआ। इस आयोजन में छात्रों ने विभिन्न खेलों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल दिवस के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो डॉ. संदीप तिवारी, प्रिंसिपल, दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें खेल के महत्व के बारे में बताया। समारोह की अध्यक्षता सकूल के निदेशिका डॉ सुषमा कुमारी ने की, जबकि विद्यालय के वरिय सदस्य मैडम प्रियंका राय, निखिल सर व अमित सर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और इस आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बधाई दी। खेल शिक्षक मुकेश सर एवम विकास सर के कुशल नेतृत्व में छात्रों ने दौड़, वालीबॉल, कबड्डी, खो-खो,जेवलिन थ्रो, शॉटपुट, रिले रेस, फ्रॉग जंप, मैथ रेस, बैलून रेस और योग जैसे विभिन्न खेलों में भाग लिया और अद्वितीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में, विजेता छात्रों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय के इस सफल आयोजन ने छात्रों में खेलों के प्रति उत्साह और टीम भावना को बढ़ावा दिया ।विद्यालय परिवार की ओर से इस शानदार आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद अर्पित किया गया।

## भाकपा-माले के दिवंगत राष्ट्रीय महासचिव कॉ.विनोद मिश्र के 26 वां स्मृति दिवस पर संकल्प सभा आयोजित



● आंदोलन को सड़क से सदन तक मजबूत बनाने के लिए संकल्प लेने की है जरूरत : भूषण सिंह

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर भाकपा माले के दिवंगत राष्ट्रीय महासचिव कॉ. विनोद मिश्र के 26 वाँ स्मृति दिवस देवधा में लोकल कमिटी सचिव कॉ. रशीद अंसारी के अध्यक्षता में और रेल्वे स्टेशन परिसर रिक्शा-तांगा यूनियन जयनगर के द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए संकल्प सभा आयोजित किया गया।आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कॉ. मिश्र के क्रान्तिकारी विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बड़े-बड़े सवाल हमेशा सड़को की लड़ाइयो से हल होते हैं। यह बात कॉमरेड विनोद मिश्रा ने दिसंबर 1998 में पार्टी की सेंट्रल कमिटी को अपने अंतिम नोट में याद दिलाई थी। उन्होने युवा कम्युनिस्टों से अपील की थी कि वे चौतरफा पहल करें और उस फासीवादी खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज करे जो तब अपना सिर उठाना शुरू कर चुका था. क्रांतिकारी मार्क्सवाद के लाल झंडे को मजबूती से बुलंद करने वाली एक मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी ग्रामीण गरीबों का शक्तिशाली आंदोलनऔर भगवा साजिश के खिलाफ हर क्षेत्र में पहल इन तीन प्रमुख चुनौतियो को कॉमरेड वीएम ने अपने अंतिम नोट में रेखांकित किया था। आज जब हम कॉमरेड वीएम की 26वा स्मृति दिवस मना रहे है तो उनकी बाते पहले से कही अधिक प्रासंगिक लगती हैं.मोदी सरकार को सत्ता में आए अब एक दशक से अधिक समय हो चुका है. सरकार के फासीवादी एजेंडे का पदार्फाश हो चुका है और विभिन्न मोर्चो पर प्रतिरोध भी बढ़ रहा है। कॉ. विनोद मिश्र सपनों के भारत का निर्माण के लिए किसान मजदूर गरीब दलित छात्र नौजवान और बुद्धिजीवी को संगठित कर जनता के बुनियादी सवालों के साथ साथ संविधान और लोकतंत्र को बचाने एवं स्थापित करने की लड़ाई को सड़क से सदन तक मजबूत करने की संकल्प लेने कि जरुरत है। सभा को रशीद अंसारी, तस्लीम , मुमताज , नजाम, तैयब अंसारी , याकूब , जितेंद्र कुमार, मुस्तफा , बेचन साफी, सुरेन्द्र राम, साविर , शौकत , शिवो देवी, रानी देवी , आदिल सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके राह पर चलने का संकल्प लिये।

## मिथिला में मोदी सरकार ने रेलवे का किया कायाकल्प : डॉ गोपाल जी ठाकुर

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।भारत सरकार के रेल मंत्रालय के स्थायी समिति की बैठक नई दिल्ली स्थित रेल भवन के सभागार में रेलवे स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री सीएम रमेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे देश स्तर पर रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं, रेलवे यात्रियों को मिलने वाली सुविधाएं, नई रेल लाइन, रेलवे से जुड़े नए उद्योगों का प्रस्ताव, रेलवे की खाली जमीन पर कृषि आधारित एवं अन्य उद्योगों की स्थापना जैसे विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की गई। बैठक में रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य सह दरभंगा के सांसद तथा लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा रेलवे कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री श्री अमित शाह तथा रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आजादी के बाद प्राकृतिक अपदाओ से घिरे तथा विकाश के मामले में पिछड़े क्षेत्र में जितने विकासात्मक कार्य हुए हैं वह मिथिला के प्रति केंद्र सरकार तथा भाजपा की प्रतिबद्धता का ज्वलंत उदाहरण है। सांसद डा ठाकुर ने स्थायी समिति की बैठक में दरभंगा तथा मिथिला क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले योजनाओं तथा मुद्दों की चर्चा करते हुए कहा कि दरभंगा से भाया सीतामढ़ी,अयोध्याधाम होते हुए नई दिल्ली एवं दरभंगा से कोलकाता तक वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन अविलंब प्रारंभ किया जाना, दरभंगा स्टेशन से मुम्बई,पुणे एवं अमृतशहर के लिए अमृतभारत ट्रेन चलाया जाना लहेरियासराय स्टेशन जिला मुख्यालय एवं प्रमंडल मुख्यालय के निकट होने के कारण सुपरफास्ट सहित प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

## संदिग्ध हालत में डीहबार स्थान के पीलर से लटकता मिला युवक का शव, ईलाके में सनसनी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत अंगाघाट थाना क्षेत्र के डिहुली गांव स्थित डिहबार स्थान में बनाए गए चबूतरे के पीलर से लटकता हुआ एक युवक का शव मिलने से ईलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। घटना बुधवार 18 दिसम्बर की अहले सुबह की बतायी जा रही। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को उस वक्त हूई, जब एक महिला ने पीलर से लटकता शव देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई। उधर घटना की सुचना मिलने के बाद अंगारघाट पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। मृत युवक की पहचान अंगारघाट थाना क्षेत्र के डिहुली गांव स्थित वार्ड 11 निवासी, भगलु साह के 22 वर्षिय पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ मुखिया के रूप में की गयी है। वहीं इस घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने एसएच 55 समस्तीपुर रोसड़ा मुख्य मार्ग पर डिहुली गांव के पास शव को रखकर, घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर को बुलाने, व इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। वहीं इस सड़क जाम के कारण समस्तीपुर रोसड़ा सड़क मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। हालांकि जाम स्थल पर पहुंची अंगारघाट पुलिस ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम समाप्त करा दिया, तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक मंगलवार 17 दिसम्बर की देर शाम करीब 09 बजे अपने ही घर में अपने परिजनों से विवाद करके घर से निकल गया था। जिसके बाद अगले दिन बुधवार 18 दिसम्बर की सुबह उसका शव गांव के ही डीहबार स्थान में देखा गया। मृतक का पिता भगलु साह की मानें तो, उसने भी मंगलवार को अपने मृतक बेटे को घर से बाहर नहीं जाने की सख्त हिदायत दिया था। हालांकि मना करने के बाबजूद वह घर से बाहर निकल गया था, और आज यह घटना हो गयी। मृतक के परिजनों का बताना है कि, उसके बेटे की किसी ने हत्या करके उसके शव को घटनास्थल पर टांग दिया है। वहीं इस संबंध में अंगारघाट थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव का बताना है कि, मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्यारोपी के घर सोनो पुलिस ने किया कुर्की जप्ती की कार्यवाही

जमुई / सोनो : सोनो थाना छेत्र के केबाली गाँव निवासी हत्यारोपी योगेन्द्र सिंह का पुत्र गुलशन कुमार के घर पर बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस प्रशासन के लोगों द्वारा कुर्की जप्ती की कार्यवाई की गई है । हत्या का अभियुक्त गुलशन कुमार पर सोनो थाना कॉड संख्या 309 / 2024 का एक मामला सोनो थाना में दर्ज हे , एवं वे पुलिस की नजरों से फरार चल रहे थे । जिसके घर पर विधिवत कुर्की जप्ती करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बलों को जाना पड़ा । कुर्की मे जप्त हुए सामानों को पुलिस ने एक वाहनों पर भरकर अपने साथ सोनो थाना लेकर चले गए ।

### बच्चों में रीडिंग स्किल विकसित करने के लिए चलेगा अभियान

गिद्धौर। जमुई जिले में सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में रीडिंग एवं मैथमेटिकल स्किल विकसित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर विभागीय तैयारी शुरू कर दी गई है।गिद्धौर प्रखंड शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक विद्यालयों में प्रतिदिन पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए पहली घंटी में बेसिक मैथ के प्रश्नों को त्वरित गति से हल करना सिखाया जाएगा, जबकि दूसरी घंटी में प्रतिदिन 1 घंटे का रीडिंग क्लास चलवाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक बच्चों को फराटेदार पाठ्य पुस्तक पढ़ना सिखाया जाएगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा निर्देशक ने प्रतिदिन विद्यालयों का निरीक्षण कर इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है। कहा है कि छात्र-छात्राओं के रीडिंग स्किल एवं मैथमेटिकल स्किल की प्रगति का साप्ताहिक मूल्यांकन प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा। इस संबंध में गिद्धौर प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो. समसुल हौदा ने बताया कि बच्चों के बीच रीडिंग और मैथमेटिकल स्किल विकसित करने को लेकर अब प्रतिदिन अलग से कक्षाएं चलाई जाएगी। प्रत्येक सप्ताह बच्चों का मूल्यांकन होगा।

# खेती: किसानी 10 जनवरी से ठंड के कारण प्रभावित होने की ज्यादा रहती है संभावना

## प्रखंड में सैकडो.हेक्टेयर में आलू की खेती की गई,अब झुलसा रोग से बचाने की जरूरत

● सलाह:फसल को बचाने के लिए इस रोग का उपचार पहले ही कर लेना होगा

प्रात: किरण, संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड की अगर बात करें तो तकरीबन सैकडो. हेक्टेयर में किसानों की ओर से आलू की खेती की गई है। ऐसे में किसान को यह जानना जरूरी है कि आलू के पौधों में लगने वाला झुलसा रोग से इसे कैसे बचाया जाएगा क्योंकि आलू के पौधे में इस रोग का खतरा 10 जनवरी तक अधिक रहता है। ठंड के बढ़ने के साथ आलू की फसलों में झुलसा रोग लगने का खतरा बढ़ जाता है। फसल में झुलसा लगे इसके पूर्व ही उसका उपाय कर देना होगा। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए कृषि जानकार रामाधार चौधरी ने बताया कि मौसम का टेंपरेचर जब 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे होता है तब आलू की फसल में झुलसा रोग का खतरा बढ़ जाता है। दिसंबर महीना आलू की फसलों में झुलसा रोग लगने का सबसे प्रभावित महीना होता है। इसलिए इस महीने में किसानों को फसल को बचाने के लिए इस रोग का उपचार पहले ही कर लेना होता है। झुलसा से प्रभाव की पहचान खेत में आलू की फसल या डंठल गलने से होता है। ऐसा हो तो किसानों को सावधान हो जाना चाहिए। झुलसा की सबसे बड़ी क्षति यह होती है। जिस खेत की फसल में यह रोग लगता है उस प्लांट की पूरी फसल को 24 घंटे में अपनी चपेट में ले लेता है। किसान उपचार करते रहा जाते हैं लेकिन रोग लगने के बाद इसका पूर्ण उपचार नहीं हो पता है और किसानो की मेहनत पर पानी फिर जाता है। ऐसे में किसान खेत के चारों कोने पर धुआं कर दें व खेतों की सिंचाई पहले करें। छिड़काव किया जाए तो फसल अच्छी होगी और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित हो जाएगी वहीं,कृषि जानकार प्रवीण सिंह ने बताया कि इस रोग से बचाव के लिए मैनकोजेप और कार्बेंडार्जिम को मिलाकर उसका घोल बनाया जाता है।उस घोल को 1 लीटर में 2 ग्राम मिलाकर खेतों में छिड़काव किया जाता है। ऊंची भूमि वाले आलू की फसल में यदि नमी का अभाव हो तो क्यारीयों में हल्की सिंचाई कर सूक्ष्म पोषक तत्व का घोल बनाकर 2 ग्राम प्रति लीटर की मात्रा में खेतों में छिड़काव किया जाए तो फसल अच्छी होगी और रोग प्रतिरोध क्षमता भी विकसित होगी। गेहूं की अच्छी उपज के लिए सिंचाई के बाद चौथे या पांचवें दिन दानेदार यूरिया का छिड़काव करें। गेहूं की पहली सिंचाई के बाद यूरिया का करें छिड़काव तो फायदा होगा। बताया गया कि अच्छी पैदावार के लिए फसलों का उचित प्रबंधन सही समय पर करना बेहद जरूरी है। इससे किसानों को आगे अच्छी पैदावार का फायदा होगा।

## पंचायत समिति की बैठक में महिला चिकित्सक , गिरती शिक्षा व्यवस्था में सुधार, आंगनवाड़ी केन्द्रो में मीनू के अनुसार पोषाहार वितरण की मांग रखा गया

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में संग्रामपुर प्रखंड पंचायत समिति की तीसरी बैठक प्रखंड प्रमुख इंदु देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विदित हो कि पंचायत समिति बैठक लगातार दो बैठक में कोरम पुरा नही होने पर बैठक स्थगित होने पर तीसरी बार बैठक बुलाई गई है। बैठक में कुल सदस्यों की संख्या के पॉचवें भाग, यानि 20 प्रतिशत की उपस्थिति से कोलम पूरा होने पर बैठक पूर्ण मानी जाती है। जिसमें 8 पंचायत से 11 पंचायत समिति सदस्य समिति, 8 मुखिया के बदले बैठक में मात्र 8 पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए।बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में महिला चिकित्सक की मांग,मनरेगा,हर घर नल जल,मनरेगा, समेकित बाल विकास परियोजना एवं शिक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाया गया।प्रखंड प्रमुख इंदु देवी ने बारी बारी से मौजूद विभिन्न विभाग के पदाधिकारी से चर्चा की जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में महिला चिकित्सक की मांग पिछड़े कई बैठक से की जा रही है इसके बाद भी महिला चिकित्सक का योगदान ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं समेकित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से विद्यालयों में गिरती शिक्षा व्यवस्था पर सवाल करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने का आग्रह किया।वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को मीनू के अनुसार पोषाहार नहीं मिलने की शिकायत की।प्रमुख ने कहा कि बच्चों को ना तो केन्द्र पर नाश्ता दिया जाता है और ना ही दूध पिलाया जाता है।पोषाहार में पोषक तत्वों का अभाव देखा जाता है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अन्दर शिक्षा व्यवस्था में सुधार दिखने लगेगा।वहीं बाल विकास परियोजना के प्रवेशिका ने एक सप्ताह के मीनू को विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी सेविकाओं को मीनू के अनुसार पोषाहार देने का सख्त निर्देश है।अगर सेविका ऐसा नहीं करती है तो उसके उपर कारवाई की जाएगी।

## मुंगेर जिले में 2 लाख 4090 पशुओं को टीका लगाने का लक्ष्य

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। भारत सरकार ने दुधारू पशुओं में होने वाले अंगदी बुखार और गला घोटू रोग से बचाव के लिए टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे देश में किया है सोमवार को जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर कामदेव यादव ने पशु अस्पताल नया गाड़ी में फीता काटकर इसका शुभारंभ किया पशुपालन विभाग की ओर से जिले को 2 लाख 44090 डोज उपलब्ध कराया गया है टीकाकरण का यह कार्य पूरे जिले में एक साथ शुरू हुआ है अगले 15 दिनों तक विभिन्न प्रखंडों में चलेगा टीकाकरण का कार्य सभी प्रखंडों की अस्पताल को वैक्सीन एवं सीरीज उपलब्ध करा दी गई है टीका देने वाले कर्मी भी इस कार्य में जुट गए हैं पंचायत स्तर पर टीम गठित है जो गांव-गांव जाकर टीका लगाएगी या टीका पूरी तरह निःशुल्क है पशुओं में खासकर बरसात एवं ठंड के दिनों में गला घोटू तथा लंगडी बीमारी का प्रचलन काफी बढ़ जाता है इसको देखते हुए पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं की टीकाकरण करने का निर्णय लिया गया है विभाग का दावा है कि समय-समय पर विभिन्न बीमारी से बचाव को लेकर पशुओं का टीकाकरण किया जाता है लेकिन जो आंकड़ा डोज का प्रस्तुत विभाग द्वारा किया गया है उसमें पशुओं की संख्या पूरे जिला में काफी है और उसके अनुरूप टीकाकरण का डोज काफी कम है पशुपालन विभाग के आंकड़े के अनुसार खड़गपुर में 34,770 टेटिया नंबर 21,740 संग्रामपुर 20,0740 तारापुर 19,300 असरगंज 13,200 बरियारपुर 22,2 00 नगर निगम 6,900 जमालपुर 16,620 मुंगेर सदर 16,800 धारा 32,640 पशुओं का डोज मुंगेर जिला को उपलब्ध कराई गई है जबकि इससे कहीं ज्यादा पशुओं की संख्या पूरे जिला में बताई गई है। पशुपालक किसन कहते हैं कि पशुपालन विभाग द्वारा सरकार द्वारा जो सुविधा पशुपालकों को दी जानी चाहिए।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रयास से शुरू हुई एनएच-333ए की मरम्मत

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] झाझा - सिमुलतला राष्ट्रीय राजमार्ग (ठल-333अ) पर सतीघाट मोड़ के पास टूटी सड़क की मरम्मत कार्य आखिरकार शुरू हो गई है। यह कार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अइश्ढ) के कार्यकताओं की पहल और प्रयासों के परिणामस्वरूप संभव हुआ है। गत दिनों उक्त मार्ग पर गड्ढों और जलजमाव के कारण स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आम राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अइश्ढ के सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक कुसुम यादव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की थी। यादव ने टूटी सड़क की तस्वीरें अधिकारियों को भेजते हुए कहा था, यह मार्ग हजारों लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए।अइश्ढ की इस पहल के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया है। स्थानीय लोगों ने अइश्ढ के इस प्रयास की सराहना की और कार्तिक कुसुम यादव का आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिको ने कहा यह सड़क लंबे समय से खराब थी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं के प्रयासों से आज सड़क का मरम्मत कार्य शुरू हुआ है, जिससे हमें राहत मिलेगी। यह मरम्मत कार्य जारी है और जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। अब लोगों को बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा और यातायात सुगम हो सकेगा।

## जिलाधिकारी ने जिले वासियों की आम समस्याओं को लेकर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ

● दुसरे दिन जिले के सभी प्रखंडों के एक एक चयनित पंचायतों में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई आम लोगों की सामान्य समस्याओं को लेकर प्रखंड और जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। जिसको लेकर आज समस्याओं के समाधान के लिए ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व पहुंचा है। इसी के मद्देनजर कार्यक्रम के दुसरे दिन बुधवार 18 दिसम्बर को जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेर्शानुसार जमुई जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत परिसर में ह्ल प्रशासन आपके द्वार ह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं उनसे उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लिए गए। कुछ आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटान किया गया तो कुछ आवेदन को कठिनाई दूर करने के लिए नामित विभाग भेजे गए। उक्त कार्यक्रम में आमजनों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों से लोगों का अधिक से अधिक आवेदन लेने पर जोर दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने पीएम आवास योजना , मनरेगा , आपूर्ति , पेंशन , हर घर नल का जल , विद्युत , स्वास्थ्य , शिक्षा , आंगनवाड़ी , कृषि , परिवहन , उद्योग , श्रम आदि विभागों से जुड़े कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की और इसके संबंध में उपस्थित जनों को वांछित जानकारी देकर उनका क्षमतावर्धन किया। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि हितकारी कार्यों के लिए सरकार कटिबद्ध है। फ्लैक्स के जरिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर मद्य निषेध , समाज कल्याण , आईसीडीएस , स्वास्थ्य , शिक्षा , परिवहन , उद्योग , श्रम आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए है, जरूरतमंद लोग वहां जाकर वांछित जानकारी हासिल करें और आवेदन के जरिए अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराकर उसका निदान कराएं। इस अवसर पर समेकित बाल विकास परियोजना के तहत एनीमिया , पूरक पोषाहार , पोषण भी पढ़ाई भी , पर्यावरण संरक्षण आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने इसका लाभ लेने का संदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से केंद्र पर एनीमिया जांच के लिए कैंप लगाने का भी निर्देश दिया। शिविर में सभी सम्बंधित प्रखंड स्तरीय व अंचल स्तरीय पदाधिकारी समेत पंचायत जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी की इस पहल की जमकर सराहना की जा रही है।

## भाकपा माले झाझा की ओर से पार्टी के तृतीय महासचिव के 26 वें स्मृति दिवस मनाया



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बुधवार को भाकपा माले प्रखंड कमिटी झाझा की ओर से पार्टी के तृतीय महासचिव कॉमरेड विनोद मिश्रा के 26 वें स्मृति दिवस पर लिया गया संकल्प सभा को संबोधित करते भाकपा माले झाझा प्रखंड सचिव कंचन रजक ने कहा इतिहास में बड़े बड़े सवाल हमेशा सड़कों की लड़ाइयों से हल होते हें, यह बात कॉमरेड विनोद मिश्रा ने दिसम्बर 1998 में पार्टी की सेंट्रल कमिटी को अपने अंतिम नोट में याद दिलाई थी, उन्होने यूवा कम्युनिस्टों से अपील की थी कि वे चौतरफा पहल करें और फासीवादी खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज करें, जो तब अपना सिर उठाना शुरू कर चुका था, क्रांतिकारी मार्क्सवाद के लाल झंडे को मजबूती से बुलंद करने वाली एक मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी ग्रामीण गरीबों का शक्तिशाली आंदोलन, और भगवा साजिस के खिलाफ हर क्षेत्र में पहल - इन तीन प्रमुख चुनौतियों को कॉमरेड वीएम ने अपने अंतिम नोट में रेखांकित किया था, आज जब हम कॉमरेड वीएम की 26 वां स्मृति दिवस मना रहे हें, तो उनकी बातें पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक लगती है, मोदी सरकार को सत्ता में आए अब एक दशक से अधिक समय हो चुका है, सरकार के फासीवादी एजेंडे का पदार्फाश हों चुका है और विभिन्न मोर्चो पर प्रतिरोध भी बढ़ रहा है, कभी कभी यह प्रतिरोध चुनावों में फासीवादी अभियान को झटका देने में सफल रहा है, लेकिन हाल के हरियाना और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों ने दिखाया है कि फासीवादी सत्ता पर बने रहने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य रमेश यादव ने बताया कि बिहार सरकार की ओर घौषित उधमीयौजना के तहत जो महागरीब परिवार जिसका सलाना आमदनी 72 हजार से कम है वैसे परिवार को दो -दो लाख देने का बादा भी मोदी जी की तरह ही जुमला साबित हो रहा है स्मार्ट मीटर पर रोक लगे और सभी गरीब परिवार को 200 सो यूनिट बिजली दिया जाये। वहीं माले नेता गुलटन पुजहर ने कहा की जंगल में वसे भूमिहीन परिवार का 5-5 डीसमिल जमीन ओर पक्का मकान दिया जाये जंगली क्षेत्र रहने वाले गरीब अदिवासी सुखा लकड़ी पतल बेचकर अपना अपने जीवन का गुजर बसर करने बाले लोगों पर वन विभाग के प्रशासन की मनमानी देखा जा रहा है सभी सबालो को लेकर आन्दोलन को तेज किया जायेगा । मौके पर जगदीश राणा, लुटन पुजहार, लखन पुजहार, सोनेलाल टुडु, किशोरी पुजहार, कलसी देवी, मंजु देवी, चुनियां देवी, मुर्ति देवी, संझली किस्कु, मती बेसरा, बड़की बेसरा, रिना देवी मौजूद रहे।

## अनियमितता और कर्तव्य हीनता के आरोप में सदर अंचल के दो डाटा एंट्री ऑपरेटर का सेवा समाप्त सहित एक राजस्व कर्मचारी को डीएम ने किया निलंबित

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने मंगलवार को सदर अंचल के दो डाटा इंट्री ऑपरेटर को अनियमितता एवं कर्तव्यहीनता के आरोप में सेवा समाप्त कर दिया है साथ ही एक राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पुराबसराय दिलीप महल के निकट की निवासी फरहाना खातून द्वारा आवेदन दिया गया था कि सदर अंचल कार्यालय में कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर पंकज कुमार झा एवं रंजन कुमार द्वारा वहां के राजस्व कर्मचारी सतीश कुमार आर्य की मिलीभगत से विधिवत प्रक्रिया की विरुद्ध जा कर गलत तरीके से जमीन का जमाबंदी कराया गया था। फरहाना खातून के आवेदन पर जिलाधिकारी द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीएलआर सदर को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया। जांच में उक्त तीनों कर्मियों को दोषी पाते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उन पर कार्रवाई कर दोनों डाटा इंट्री ऑपरेटर पंकज कुमार झा एवं रंजन कुमार की जहां सेवा समाप्त करने का आदेश दिया है, वहीं राजस्व कर्मचारी सतीश कुमार आर्य को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में किसी भी कर्मियों के खिलाफ यदि कार्यों के प्रति अनियमितता अथवा कर्तव्यहीनता की शिकायत मिलेगी तो उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में सभी कर्मचारियों अथवा कर्मियों को आगाह करते हुए कहा कि यदि वे इस तरह का कार्य कर रहे हैं तो अभी ही खुद को ऐसे कृत्य से दूर कर लें, अन्यथा वैसे कर्मियों को न सिर्फ सेवा से बर्खास्त किया जाएगा बल्कि उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। इधर जिलाधिकारी द्वारा तीनों कर्मियों के खिलाफ किए गए कार्रवाई से सभी कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

## भेलविंदा गांव के किसानों ने धान की पुंज जल जाने के बाद आर्थिक मदद देने की लगाई गुहार

प्रात : किरण, संवाददाता





जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के करहरा पंचायत अंतर्गत भेलविंदा गांव में बीते रविवार को खलियान में 20 किसानों का रखे धान के पुंजर में अचानक आग लग जाने की घटना के बाद पीड़ित किसान अब पदाधिकारी से आर्थिक मदद देने की गुहार लगा रहे हैं। किसानों ने बताया कि हमसभी कड़ी मेहनत करके धान की उपज किया और अचानक आग लग गई जिससे पूरी मेहनत मिट्टी में मिल गया। अब हमलोगों के सामने परिवार के भरण पोषण करने के साथ अन्य कई तरह परेशानी उठ आई है। चिंतित किसान अब इस आशा में है कि कब कोई पदाधिकारी हमलोगों की समस्या पर सुंध ले और जल्द से जल्द मुआवजा दे ताकि जो क्षति हुई है उसकी भरपाई पूरी हो। बुधवार को भी घटना स्थल पर पीड़ित किसान सौदागर यादव, लौंगी यादव, चुरामन यादव, रेणु देवी, प्रमोद यादव, पंकज यादव, प्रदीप, वंशी यादव सहित 20 पीड़ित किसान और उसपर निर्भर रहने वाले परिवार ने स्थानीय पदाधिकारी और जिला के वरीय पदाधिकारी से मुआवजा देने की गुहार लगाया है। आगे किसानों ने कहा कि अगर हमलोगों का धान नही जलता तो हमलोगों का एक साल तक धान बेचने से अच्छा मुनाफा होता और उससे पूरे परिवार का भरण पोषण होता और कई तरह के जो सपने सोचकर रखा था वह साकार होता लेकिन धान की पुंजर में आग लग जाने से हमलोगों का सपना चकनाचूर हो गया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय धरवा के सरकारी विद्यालय में बच्चों को नहीं मिल रहा मीनू के अनुसार भोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई:- जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत मड़ैया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय धरवा के बच्चें को मध्यान भोजन में सिर्फ सब्जी चावल ही नसीब हो पा रहा है। बच्चों की थाली से सब्जी फल एवं अंडा बीते कई महीनों से गायब है। जिसका खुलासा विद्यालय की रसोइया समेत बच्चों ने की है, विद्यालय की रसोइया ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार उन्हें एमडीएम बनाने की जो सामग्री देते हैं,वही हमलोग तैयार करके बच्चों को परोसते हैं। बीते शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि योगेन्द्र साह और वार्ड नंबर 13 के वार्ड सदस्य गोविंद यादव बच्चों की शिकायतों पर निरीक्षण करने विद्यालय पहुंचे। मौके पर ही जिला संवाददाता भी पहुंच कर रसोईया से एवं क्लास तीन और चार के छात्र छात्राओं से जानकारी ली तो पता चला कि कई महीनों से बच्चों की थाली में अंड़ा नसीब नहीं हुआ है।वहीं विद्यालय में अध्यनरत कई बच्चों ने भी बीते कई दिनों से सिर्फ सब्जी चावल ही मिलने की बाते कहीं, शुक्रवार को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार विद्यालय से उपस्थिति बनाकर गायब दिखे, विद्यालय में सैंकड़ों बच्चों के नामांकन होने के बावजूद विद्यालय में कुछ ही बच्चे उपस्थित थे, मौके पर विद्यालय में कुछ सहयोगी शिक्षक व रसोईया उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि योगेंद्र शाह, वार्ड नंबर 13 के वार्ड सदस्य गोविंद यादव की गरिमाई उपस्थिति में निरीक्षण किया गया तो प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनुपस्थित रहे। ऐसा इसलिए हो पाता है कि 6 - 8 क्लास यानि मध्य विद्यालय में 1- 5 क्लास के शिक्षक प्रभारी प्रधानाध्यापक के कुर्सी पर विराजमान हैं। जबकि वरीय शिक्षक के मौजूद रहने के बाबजूद भी प्राथमिक विद्यालय शिक्षक पदाधिकारी से मेलजोल करके आज तक कुंडली मारकर बैठे हैं। एक तरफ सरकार सरकारी विद्यालय के बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन देने को लेकर एमडीएम योजना की शुरूआत की है। इसके तहत विद्यालय के बच्चों को साप्ताहिक मीनू तैयार कर संतुलित भोजन देना है । विद्यालय में बच्चों को भोजन मीनू के अनुसार दाल चावल हरी सब्जी के साथ अंडा या एक मौसमी फल देना है। लेकिन प्रभारी प्रधानाध्यापक की लापरवाही से बच्चों को सिर्फ सब्जी चावल ही नसीब हो पाया। ऐसा इसलिए होता है कि वेंडरों द्वारा विद्यालय को एमडीएम का संसाधन नहीं पहुंचाया जाता है।

## पेयजल आपुर्ति के लिए मंगाई गई दो बडे बोरिंग वाहन , पाताल बोरिंग का कार्य हुआ शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई / सोनो : हजारों की तायदाद मे जुटने वाले यात्रियों ओर आम व्यव्साईयों को हो रही पेयजल की समस्या अब दुर होने वाली है । क्योंकि पेयजल की समस्या को दुर करने के लिए दो बडे. बडे. बोरिंग वाहन को लगाया गया है । जहाँ पर एक हजार से अधिक गहराई तक बोरिंग किया जायेगा । जी हाँ दोस्तों मे बात कर रहा हूँ जमुई जिले के प्रसिद्ध बाबा झुमराज धाम बटिया का। जहाँ पर धार्मिक न्यास बोर्ड पटना के द्वारा पिछले 14 वर्षों पुर्व से यात्रियों की सुविधा के लिए कमेटी का गठन किया गया लेकिन उन सभी पुराने कमेटी की सदस्यों द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए आज तक किसी भी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। लेकिन पिछले दो माह पुर्व धार्मिक न्यास बोर्ड पटना के द्वारा नये तरिके से हुई कमेटी की गठन के बाद बाबा मंदिर मे विकास की झड़ियां लग रही है उक्त बातें बाबा मंदिर के समिप बसने वाले आम व्यव्साईयों का कहना हे। मौके पर मौजूद नव गठित कमेटी के कोषाध्यक्ष लल्लू प्रसाद बरनवाल ने कहा कि पाताल बोरिंग के साथ ही बाबा मंदिर के समिप बसने वाले सभी व्यवसाईयों ओर आम यात्रियों को शुद्ध पेयजल पहुंचाते हुए पैयजल की समस्या को दुर किया जायेगा । उपाध्यक्ष आशीष बरनवाल ने कहा कि बाबा मंदिर मे सबसे बड़ी समस्या पैयजल की रही हे इस समस्या को दुर करते हुए इसके बाद भी यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त समास्याओं को दुर किया जायेगा। मंदिर के मुख्य पुजारी दिवाकर सिंह ने बताया कि नव गठित कमेटी द्वारा बाबा मंदिर के समिप पहली बार कराये जा रहे पाताल बोरिंग के लिए सभी सदस्यों को बधाई देता हूँ। व्यव्साईयों मे नारायण पासवान, गांगो पासवान , सुधीर पासवान आदि लोगों ने नव गठित कमेटी सदस्यों के द्वारा कराये जा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी व्यवसाईयों ओर यात्रियों को हो रही पैयजल संकट से अब मुक्ति मिलेगी । आगे बताया गया है कि नव गठित कमेटी सदस्यों को जुड़े अभी मात्र दो माह ही बिती हे इस दो माह के अंदर मंदिर के प्रांगण में लाखों रुपए की लागत पर मार्बल बिछाने का कार्य संपन्न हो चुका है। ओर अब पैयजल संकट को दुर किया जा रहा है , इसके लिए हम सभी व्यवसाई वर्ग इनका आभारी रहेंगे। ओर आशा करते हैं कि नव गठित कमेटी इसी प्रकार हम सभी व्यव्साईयों ओर आम यात्रियों की समस्या को दुर करते रहेंगे ।

## पतसंडा पंचायत में 2025-26 के योजनाओं के चयन को ले ग्राम सभा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। पतसंडा पंचायत भवन में पंचायत सचिव दीपक कुमार चौधरी के देखरेख व पंचायत की मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में जीपीडीपी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर 2025-26 के विकास योजना जीपीडीपी तैयार करने एवं ई ग्राम स्वराज योजनाओं से जुड़े डेटा को पोर्टल पर प्रविष्टि करने को लेकर आपसी विचार विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद मुखिया ललिता देवी एवं पंचायत सचिव दीपक कुमार चौधरी ने क्षेत्र के संबंधित वार्ड सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि जीपीडीपी के तहत प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन किया जाएगा। पंचायत में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संधारित करवाने को ले आपसबों की सहभागिता जरूरी है।

## फ्लैट और भूखंड खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए रेरा अधिनियम कानून लागू किया गया है : अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रे रा), बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने मुंगेर प्रमंडल के जिलों के जिला एवं म्युनिसिपल प्रशासन से आग्रह किया है कि वे रे रा अधिनियम को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। फ्लैट और भूखंड खरीदारों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से ही भू-सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016, को लागू किया गया है । इसलिए जमीनी स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन और अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए जिला एवं म्युनिसिपल प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेरा बिहार के अध्यक्ष ने यहां रेरा बिहार द्वारा आयोजित एक संवेदीकरण-सह-अभिमुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि सभी जिला पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अंचलाधिकारी नियमित रूप से रिपोर्ट ले ताकि रेरा अधिनयम के प्रावधानों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध करवाई की जा सके. उन्होंने कहा कि घर खरीदारों के हितों की रक्षा में जिला प्रशासन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है क्यों कि उन्हें न सिर्फ अधिनियम के प्रावधानों कर उलंघन करने वाले प्रमोटर्स के विषय में प्राधिकरण को सूचित करना है बल्कि जो प्रमोटर रेरा के आदेश के बाद भी घर खरीदारों का पैसा नहीं लौटते हैं उनके विरुद्ध लोक अधिनियम के तहत कारवाई भी करनी है मुंगेर के आयुक्त संजय कुमार सिंह ने प्राधिकरण को कार्यशाला आयोजित करने के लिए धन्यवाद् दिया तथा कहा कि रेरा से सम्बंधित लोक शिकायत मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु कदम उठाये जायेंगे एवं प्रमंडल के प्रत्येक जिले में ए वरीय पदाधिकारी को इसकी जिम्मेवारी दी जायेगीं. आयुक्त ने यह भी कहा कि डिफाल्टर प्रमोटरों के बारे में भी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि आम लोग उनके झांसे में ना आयें। जमुई की जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा, मुंगेर के जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह बेगुसराय के जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, खगड़िया के प्रभारी जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त अभिषेक पलासीया, शेखपुरा के जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन एवं लखीसराय के जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्रा ने अपने विचार इस कार्यशाला में व्यक्त किये तथा सभी ने रेरा अध्यक्ष को ये भरोसा दिलाया की उनके स्तर से रेरा प्रावधानों की अवहेलना करने वालों के विषय में नियमित सूचना दी जायेगी।आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, विशेषकार्य पदाधिकारी देवव्रत मिश्र, मुंगेर नगर निगम, बेगुसराय नगर निगम सहित मुंगेर, बेगुसराय, खगड़िया, शेखपूरा, लखीसराय एवं जमुई के 28 नगर निकायों के अधिकारिओं ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया।

सम्पादकीय

## हरियाणा के पिछड़े वर्ग का चेहरा कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

बरवाला में रणबीर गंगवा के नेतृत्व को कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के प्रति उनके समर्पण से देखा जा सकता है। इनके काम ने किसानों के समर्थन पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में काफी सुधार किया है। एक सामाजिक कार्यकर्ता और नेता के रूप में ये समुदाय की मदद करने और बरवाला में जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। ये अपने क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए स्थानीय परियोजनाओं पर काम करते हैं। रणबीर सिंह गंगवा का जन्म 4 मार्च 1964 को हिसार जिले के गंगवा गाँव में हुआ। इनके पिता का नाम राजाराम और माता का नाम केसर देवी है। पत्नी अंगूरी देवी से इनकी शादी बहुत कम उम्र में हो गई थी। इनकी दो बेटे सुरेंद्र गंगवा और संजीव गंगवा हैं। 34 साल की राजनीतिक यात्रा में इन्होने कैबिनेट मंत्री के पद तक का ऐतिहासिक सफर तय किया है। गंगवा ने राजनीति की शुरूआत अपने गाँव गंगवा से की थी, जहाँ उन्होंने पंच का चुनाव जीता था। इन्होंने हिसार जिले की बरवाला विधानसभा क्षेत्र में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के ह्यकमल खिलानेह्न का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। रणबीर गंगवा ने 1990 में 26 साल की उम्र में अपने गाँव में पंच का चुनाव लड़ा था, जहाँ से उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरूआत की। 2024 में बीजेपी ने उन्हें नलवा की बजाय बरवाला विधानसभा से उम्मीदवार बनाया, जहाँ उन्होंने पहली बार पार्टी को जीत दिलाई। इस ऐतिहासिक जीत में उनकी इस यात्रा में कड़ी मेहनत और लगातार संघर्ष का सामना करने की उनकी क्षमता विजय गान करती नजर आती है। पिछले कुछ वर्षों में, 60 वर्षीय रणबीर गंगवा हरियाणा की सत्तारूढ़ भाजपा में पिछड़े वर्ग का एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं। नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में इनको सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग और सार्वजनिक निर्माण (भवन और सड़कें) विभाग दिया गया है। रणबीर गंगवा वर्ष 2000 में लम्बी राजनीति के सफर में शामिल हुए जब वह हिसार ज़िला परिषद के लिए चुने गए। 2005 में वे पुनः निर्वाचित हुए और इसके उपाध्यक्ष बने। चार साल बाद पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने इनको इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के टिकट पर नलवा विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा। हालांकि, कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मंत्री संपत सिंह चुनाव जीत गए। बाद में, गंगवा 2010 में आईएनएलडी के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए। 2014 में, पार्टी ने इनको फिर से नलवा विधानसभा सीट से मैदान में उतारा और इन्होंने संपत सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन को हराया। 2018 में इनेलो के विभाजन के बाद, गंगवा 2019 के चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए। ये नलवा से चुने गए और बाद में विधानसभा में डिप्टी स्पीकर बने। इस बार ये फिर से विधानसभा के लिए चुने गए। बरवाला निर्वाचन क्षेत्र से राज्य विधायिका के सदस्य रणबीर सिंह गंगवा बरवाला में बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा को बदलने के लिए समर्पित हैं और अपने नेतृत्व कौशल का उपयोग करके खुद को निर्वाचन क्षेत्र में एक सम्मानित व्यक्ति और ओजस्वी नेता के रूप में स्थापित कर रहे हैं। सार्वजनिक सेवाओं को बढ़ाने तथा किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण की वकालत करने के प्रति इनकी प्रतिबद्धता ने इनको समुदाय से सराहना और समर्थन दिलाया है। बरवाला में रणबीर गंगवा के नेतृत्व को कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के प्रति इनके समर्पण से पहचाना जा सकता है।

## भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता

कोठारी आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को खत्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की जरूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया। समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को खत्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर जोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50% बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में, परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँ: शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है। डिजिटल शिक्षा के विकास के बावजूद, तकनीकी बुनियादी ढाँचा अपर्याप्त बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। उदाहरण के लिए: डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट की पहुँच और डिवाइस की पहुँच अभी भी कम है, जिससे छात्रों का आधुनिक शैक्षिक उपकरणों से संपर्क सीमित हो जाता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता वास्तविक दुनिया के कौशल के साथ संरेखण की मांग करती है। आमूलचूल परिवर्तन छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय व्यावहारिक कौशल से लैस करने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, शिक्षा को वास्तविक दुनिया की मांगों के साथ संरेखित कर सकता है। फि नलैंड की शिक्षा प्रणाली व्यावहारिक कौशल और हाथों से सीखने पर जोर देती है, जिसके परिणामस्वरूप छात्रों की अधिक सहभागिता और रोजगार क्षमता होती है। आमूलचूल सुधार लचीले शिक्षा मार्ग प्रदान कर सकते हैं, जिससे छात्रों को उनकी रुचियों के आधार पर अलग-अलग सीखने के मार्ग अपनाने की अनुमति मिलती है। जर्मनी की दोहरी शिक्षा प्रणाली व्यावसायिक शिक्षा और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन प्रदान करती है, जिससे रोजगार क्षमता में सुधार होता है। अधिक छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण में बदलाव से छात्रों में रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और आलोचनात्मक तर्क को बढ़ावा मिलेगा। इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (क्ह) कार्यक्रम रचनात्मकता, संस्कृति और संज्ञानात्मक कौशल सहित छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है एक देश एक चुनाव में

**यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी।**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक**

एक देश एक चुनाव के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में ह्यएक देश-एक चुनावह्न का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हाद थे कम किया जा सके। चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि ह्यएक देश, एक चुनावह्न से कई मसलों का हल हो जाएगा।

चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है। एक देश-एक चुनाव के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि ह्यएक देश एक चुनावह्न को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एंजेडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता ह्यएक देश एक चुनावह्न के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

# किसान आंदोलन : शुरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद

**अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की कवायद फिर से शुरू हो चुकी है। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं। राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए।**





**निर्मल रानी**
**लेखक**

पंजाब- हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एनपी) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब- हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं। काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी ह्यन झुकनेह्न की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि-ह्न हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। ह्ल यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फर्जी संगठनों को किसान संगठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी। परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता जरूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि-ह्ल किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं। ह्यह्न राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफा नुक़्सान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है। पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संगठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फर्जी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगण्डे नहीं किये गये? इन्हें आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी, देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित ह्लआन्दोलनजीवी, खालिस्तानी व देशद्रोहीह्व किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन।

# न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव की नोटिस



**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद, सपा, सीपीआइ (एम) और सीपीआइ ने एक साथ मिलकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध राज्य सभा में महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी में लगे हुए हैं। महाभियोग लगाने के लिए किसी भी न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत लोकसभा में पेश की जाती है, सूत्रों की माने तो महाभियोग लगाने के लिए कम से कम 100 सदस्यों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव पेश करना होता है। उसी प्रकार राज्य सभा में पेश करने के लिए भी 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होता है। महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने के लिए न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 के तहत संविधान के अनुच्छेद 124 (4) और 124 (5) के साथ न्यायाधीश (जांच) अधिनियम की धारा 3(1) (बी) के तहत किसी भी न्यायाधीश के खिलाफ मांग की जाती है। सदन का पीठासीन अधिकारी पेश किए गए नोटिस को मंजूर या नामंजूर कर सकता है। नोटिस मंजूर होने पर क्या यह मामला महाभियोग के लिए उपयुक्त है या नहीं, इसकी जांच, तीन सदस्यीय न्यायिक कमिटी करती है। न्यायिक कमिटी में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के एक-एक न्यायाधीश शामिल होते हैं। सूत्रों की माने तो विश्व हिन्दू परिषद के कार्यक्रम में दिए गए बयान कहते हुए न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग लगाने के लिए देश के विपक्ष तैयारी कर रही है। जबकि इस संबंध में वीडियो वायरल होने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 10 दिसंबर को ही बयानों पर आधारित खबरों पर संज्ञान ले चुका है और इस मुद्दे पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय से रिपोर्ट भी मांगी है। फिर भी, विपक्ष महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी कर रहा है। जबकि मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम के समक्ष न्यायाधीश पेश भी हो चुके है। निर्धारित मानदंडों के अनुसार, किसी भी न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा संबंधित उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी जाती है और भारत के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम के समक्ष उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता है। विपक्षी नेताओं ने न्यायाधीश के बयानों पर प्रश्न उठाते हुए ह्लघृणास्पद भाषणह्व करार दिया है और गैर-सरकारी संगठन ह्यकैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के संयोजक अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आचरण की आंतरिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि न्यायाधीश ने न्यायिक नैतिकता और निष्पक्षता एवं धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया। वहीं सी पी आई (एम) की नेता वृंदा करात ने इसे उनकी शपथ का उल्लंघन बताया है और कहा कि न्यायालय में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इसी तरह, ह्यबार एसोसिएशन ऑफ इंडियाह्न ने भी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बयान की निंदा की है। यदि सदन में महाभियोग के प्रस्ताव पेश होता है तो ऐसी स्थिति में सदन की कुल सदस्यता के बहुमत के अतिरिक्त, उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो- तिहाई बहुमत द्वारा समर्थित होना चाहिए। किसी भी न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पास होने के बाद राष्ट्रपति की ओर से उसे पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। क्योंकि इस तरह के संवैधानिक कार्रवाई के बाद कोई न्यायाधीश सरकारी सेवा में बने रहने का अधिकार खो देता है। जबकि इस प्रक्रिया के बाद आपराधिक मामले की जांच सामान्य रूप से जारी रखा जाता है। देश में सबसे पहले न्यायाधीश वी. रामास्वामी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 1993 में लोकसभा में लाया गया था। लेकिन दो- तिहाई बहुमत के अभाव में प्रस्ताव गिर गया था। वहीं 2011 में कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव आया था तो उन्होंने इससे पहले ही इस्तीफा दे दिया था। सूत्रों के अनुसार, महाभियोग के प्रस्ताव पर 36 सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिया है, जिसमें कांग्रेस के दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश, विवेक तन्खा, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले, सागरिका घोष, राजद के मनोज कुमार झा, सपा के जावेद अली खान, सीपीआइ (एम) के जॉन ब्रिटास और सीपीआइ के संदोष कुमार शामिल है।

संक्षिप्त खबरें

## डकैती की योजना बना रहे दो अपराधियों को मिली सजा एवं अर्थ दंड

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने भगवान बाजार थाना कांड सांख्य 491/ 17 के सत्र वाद संख्या 59/19 में छपरा नगर थाना के मौना निवासी नंदन कुमार और मुकेश कुमार को अंदर दफा 399 भादवि में 7 साल कठोर कारावास एवं 25 हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त एक माह की सजा तथा 402 भादवि में 6 वर्ष की सजा तथा 25 हजार अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक दयानंद राय ने सरकार का पक्ष न्यायालय में रखा और कुल सात गवाहों की गवाही न्यायालय में कार्रवाई। थाना कांड के सूचक पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष भगवान बाजार सुरेंद्र कुमार ने 30 नवंबर 2017 को प्राथमिक दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि 29 नवंबर 2017 को वे पुलिस टीम के साथ संध्या गस्ती के लिए निकले थे तभी गुप्त सूचना मिली की तीन मोटरसाइकिल पर कुछ अपराधी सरकारी बस स्टैंड के पास अपराध का योजना बना रहे हैं। सूचना प्राप्त के बाद उन्होंने एसआईटी टीम को को लेकर उक्त स्थल पर छापामारी किया तो दो व्यक्ति पकड़े गए और मोटरसाइकिल तथा लोडेड पिस्तौल गोली बरामद हुआ। शेष अपराधी भागने में सफल रहे पुलिस द्वारा न्यायालय में 25 फरवरी 2018 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

## प्रधानमंत्री पोषण योजना अन्तर्गत पाक कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खैरा। बुधवार को मध्य विद्यालय खैरा में रसोईमा-सह- सहायाको का पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रामनाथ बैठा नाथ बैठा एवं एम डी एम प्रभारी सानू आनन्द, एवं एम डी एम ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार एवं साथ ही मध्य विधालय खैरा के प्रधानाध्यापक नुरुल होदा अंसारी तथा नगरा बी आर सी के बी पी एम और बीआरपी के समक्ष प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों से आए 30 रसोईया को तीन दलों में बाँट कर प्रखण्डस्तरीय पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के में मध्य विधालय खैरा के प्रधानाध्यापक तथा बी आर सी के सभी पदाधिकारायो के द्वारा पाक कला में प्रथम स्थान प्राप्त रसोईयो को 2000 रु की राशि, द्वितीय स्थान के रसोईयों को 1500 रु की राशि तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रसोईयादल को पुरस्कार के रूप में 1000 रु की राशि प्रदान किया गया। एवं सभी रसोइयों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

इस प्रतियोगिता में सम्मिलित शिक्षको में मंटू मिश्र, विनोद कुमार शुक्ला, संजय राय, संजीव कुमार सहित मध्यविद्यालय खैरा के सभी शिक्षक सदस्य के रूप में मौजूद थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी टीम के ज्योति देवी और रेखा देवी को द्वितीय स्थान सी टीम की शारदा देवी और सुशीला देवी को तथा तृतीय स्थान ए टीम की रेखा देवी और रेणु देवी को मिला।

## रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर 24 को

छपरा कार्यालय। श्रम संसाधन विभाग ,अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा , सारण द्वारा दिनांक 24 दिसंबर को प्रातः 10:30 से शाम 4:00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा कार्यालय परिसर में (बाजार समिति के नजदीक, प्रेम नगर, कजारिया टाइल्स के सामने, ) एक दिवसीय रोजगार -सह - मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है ' जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा बताया गया कि इस रोजगार शिविर में आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड , फील्ड डेवलपमेंट अस्सिटेंट पद हेतु चयन करेगी ' इस पद के लिए पात्रताः 12वीं , ग्रेजुएशन ,पोस्ट ग्रेजुएशन ' आयुः 18 से 35 वर्ष चयन के माध्यम : साक्षात्कार चयनित उम्मीदवार को उनकी योग्यता के अनुसार मासिक 16500/- 18000 रुपये वेतन का लाभ मिलेगा। मुफ्त ज्वाइनिंग, कोई छिपा हुआ शुल्क नहीं इस रोजगार शिविर में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी अपना बायोडाटा , शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र , फोटो ,आधार कार्ड के साथ आएंगे ' ड्राइविंग लाइसेंस एवं बाइक होना जरूरी है ' नियोजन शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि उनका निबंधन जिला नियोजनालय में हो ' नियोजनालय में निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है जो कि भारत सरकार के पोर्टल ६६६.ल्लूर. ङ्ग५.ल्ल के माध्यम से होता है ' कोई स्वयं भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से अपना निबंधन कर सकता है ।

# जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। मंत्री विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सह प्रभारी मंत्री सारण जिला श्री सुमित कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आहुत की गई।

सर्वप्रथम जुलाई माह में हुए विगत बैठक में उठाये गये मामलों के अनुपालन को लेकर की गई कार्रवाई पर एक एक कर चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने आगे से बैठक में उठाये गए मामलों को लेकर अनुपालन रिपोर्ट एक माह के अंतर्गत उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

विधायक डॉ० रामानुज प्रसाद ने जिला में टोपोलैण्ड (गैर सर्वेक्षित भूमि) का सर्वे प्राथमिकता से कराने का अनुरोध किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस संदर्भ में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री से बात कर उचित कार्रवाई हेतु अनुरोध किया जायेगा। सोनपुर विधायक ने पीरगंज, बाकरपुर, दुधैला मोड़ आदि जगहों पर सड़क दुर्घटना के अधिक मामलों को संज्ञान में लाया गया। इस संदर्भ में एक विशेषज्ञ समिति का गठन कर इन स्थलों पर सड़क को सुरक्षित यातायात की दृष्टिकोण से लेकर आवश्यक सुधरात्मक कार्रवाई की जायेगी।

विधान परिषद सदस्य वीरेंद्र नारायण यादव द्वारा स्वर्गीय भिखारी ठाकुर को भारत रत्न देने हेतु उचित माध्यम से प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया। सदस्य बिहार विधान परिषद सच्चिदानंद राय द्वारा बनियापुर में सुगम यातायात को लेकर अतिक्रमण हटाने हेतु कार्रवाई का अनुरोध किया गया। इस संबंध में 15 जनवरी 2025 तक कार्रवाई सुनिश्चित कराने को कहा गया। शिक्षा विभाग से संबंधित शिक्षकों के वेतन भुगतान, मातृत्व अवकाश आदि से संबंधित कई मामले उठाये गये। इस संबंध में उपविकास आयुक्त के माध्यम से जाँच सुनिश्चित कराने को कहा गया।

नल जल योजना के तहत पानी टंकी की नियमित सफाई हेतु स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा गया। इस संदर्भ में कार्यपालक अभियंता पीएचईडी ने बताया कि विभागीय स्तर से पंचायती राज वाली योजनाओं के तहत निर्मित पानी टंकी की सफाई हेतु निविदा की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। ऐजेंसी का निर्धारण होने के उपरांत सभी पानी टंकी की नियमित सफाई हो सकेगी। जिन विद्यालयों, अस्पतालों, कार्यालयों में चापाकल खराब हैं, उनकी मरम्मती 15 दिनों के अंतर्गत सुनिश्चित कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया।

पंचायतों में खेल मैदान के विकास हेतु कुछ विद्यालयों के मैदान को भी चिन्हित किया गया है। इस संदर्भ में विद्यालय प्रबंधन समिति को संज्ञान में लाते हुये ही एनओसी हेतु अग्रेतर कार्रवाई का अनुरोध किया गया। सोनपुर की जिला मुख्यालय छपरा से अत्यधिक दूरी को देखते हुये पोस्टमार्टम हेतु सोनपुर में व्यवस्था करने अथवा वैशाली जिला के हाजीपुर में इसके लिये स्थाई व्यवस्था का अनुरोध किया गया।

अमनौर विधायक ने पूर्व की मांग के अनुरूप अमनौर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु अग्रेतर कार्रवाई का अनुरोध किया। प्रत्येक प्रखण्ड में पंचायत समिति भवन के निर्माण हेतु पूर्व से राशि प्राप्त है। इसके निर्माण हेतु त्वरित कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया। इस संबंध में बताया गया कि निर्माण को लेकर कुछ बिंदुओं के संदर्भ में विभाग से मार्गदर्शन की मांग की गई है। मार्गदर्शन प्राप्त होते ही अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

कुछ सदस्यों द्वारा मुख्य सड़कों के किनारे बालू/गिट्टी आदि का व्यवसाय करने वाले लोगों द्वारा सड़क के भाग पर सामग्री के भंडारण के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस संदर्भ में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को कारगर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने क्षेत्र से संबंधित मामलों को संज्ञान में लाया तथा लिखित रुप में भी समर्पित किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विकास कार्यों के क्रियान्वयन में बीस सूत्री के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोई भी सदस्य इस बैठक से इतर भी महत्वपूर्ण मामलों को जिला प्रशासन के संज्ञान में ला सकते हैं। संज्ञान में लाये गये मामलों के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारी तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## पूर्व सांसद को पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर मनाया गया पुण्यतिथि

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। राजद प्रखंड कार्यालय मे प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन यादव के अध्यक्षता में राज्यसभा के पूर्व सांसद मरहूम मोतिउर्रहमान साहब के पुण्यतिथि पर उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर मनाया गया। मौके पर महागठबंधन पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने कहा कि मोतिउर्रहमान साहब गरीबों के मसीहा थे, वे सभी जाति, धर्म के लोगों को एक साथ लेकर चलते थे, उनके नजर मे कोई छोटा- बड़ा नहीं, सब एक समान थे। वे कार्यकताओं को बहुत समान देते थे। विधानसभा प्रभारी सैफुल आजम ने कहा कि रहमान साहब चंपारण के गांधी थे, वे अमीर गरीब मे कोई भेद नहीं रखते थे, वे आम आवाम के हक के लिए किसी से लड़ जाते थे, उनका दरवाजा आम आवाम के लिए हमेशा खुला रहता था। वहीं राजद नेता सुनील कुशवाहा ने कहा कि रहमान साहब बनना कोई आसान काम नहीं वैसे बनने के लिए बहुत त्याग करना पड़ता है. रहमान साहब गरीबों को हक दिलाने के लिए पहाड़ से टकराने के लिए तैयार रहते थे, वहीं राजद जिला प्रवक्ता रवि मस्करा ने कहा कि रहमान साहब जीवन एक नायाब हीरा की तरह था, वे किसी खास वर्ग के नेता नहीं थे वे हर जाति, धर्म हर वर्ग के नेता थे, उनके अंदर वे सारे गुण थे जो एक सफल नेता मे होता है। मौके पर पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव, विधानसभा प्रभारी सैफुल आजम, राजद नेता सुनील कुशवाहा, जिला प्रवक्ता रवि मस्करा, प्रखण्ड अध्यक्ष सौरंजन यादव, युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अरमान आलम,दलित प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष दिनेश राम,किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष नीतेश कुमार,आदापुर प्रखंड अध्यक्ष मुबारक अंसारी,किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अवधेश यादव,सरफुद्दीन आलम,नवीन यादव,एजाजुल हक,साबिर खान,देवीलाल बैठा,संदीप सूर्या, विक्कू यादव,झूलन पटेल,अनिल यादव, वकील हवाई,मदन मांझी,पप्पू राम,सिकंदर यादव आदि थे।

## जेपीयू कुलपति द्वारा स्थानांतरण को ले जदयू ने लिखा सीएम को पत्र, किया हस्तक्षेप की मांग

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । कॉलेज प्राध्यापकों के व्यापक स्थानांतरण से संबंधित जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति के हालिया निर्णय के संबंध में जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कमाल अहमद ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ को पत्र लिखा है। अपने पत्र में डॉ कमाल अहमद ने लिखा है कि जेपीयू के कुलपति द्वारा सारण, सिवान और गोपालगंज जिले में अवस्थित 21 अंगीभूत महाविद्यालय के प्राध्यापकों के स्थानांतरण किए जाने के निर्णय से विश्वविद्यालय शिक्षकों में गहरा असंतोष और आक्रोश का भाव व्याप्त है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि कुलपति के निर्णय को वापस लिए जाने के ज्ञापन के साथ तीनों जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के सौ से अधिक प्राध्यापक 16 दिसंबर को कुलपति से मिले थे, परंतु कुलपति अपने निर्णय पर अडिग हैं। इससे शिक्षक समुदाय में अस्थिरता और असुरक्षा का माहौल कायम है। अहमद ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि बिहार स्टेट यूनिवर्सिटी एक्ट में मास ट्रांसफर या रेगुलर ट्रांसफर का प्रावधान नहीं होने के बावजूद जेपीयू कुलपति का हालिया निर्णय महाविद्यालय शिक्षकों को प्रताड़ित और अस्थिर करने की मंशा की ओर इंगित करता है। शिक्षक का पद प्रशासनिक पद नहीं है। 5 वर्ष की सेवा पूर्ण होते ही उन्हें जबरन दूसरे महाविद्यालय में स्थानांतरित कर दिया

# राज्य स्तरीय ट्रैकिंग शिविर में सारण स्काउट टीम लखीसराय हुई रवाना

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा सदर। बुधवार को राज्य स्तरीय ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कोर्स में सारण से 10 प्रतिभागी छपरा जंक्शन से लखीसराय के लिए रवाना हुए।छपरा जंक्शन से जिला आयुक्त(स्काउट) अरुण परासर,जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज तथा मैक्सफोर्ट वर्ल्ड स्कूल के निदेशक संदीप पाण्डेय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा के टीम को रवाना किए। राज्य स्तरीय शिविर 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक लखीसराय के अशोकधाम में होगा।इस ट्रैकिंग कैम्प में लाल पहाड़ी,ज्वाला स्थान,श्रृंगी ऋषि तथा अशोक धाम मन्दिर में पैदल यात्रा के माध्यम से प्राकृतिक अध्ययन कार्यक्रम चलाया जायेगा।

जिला आयुक्त स्काउट अरुण परासर ने बताया कि सारण जिला से इस ट्रैकिंग शिविर हेतु 5 स्काउट,4 गाइड एवम 1 लीडर की प्रतिनियुक्ति जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के द्वारा किया गया है। वही जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया की सारण से जो 10 सदस्यीय टीम जा रही है उन्हे पूरी तैयारी के साथ भेजा जा रहा है ताकि वो राज्य स्तरीय शिविर में जिला का नाम रौशन कर सके।टीम लीडर आशुतोष कुमार ने बताया कि मेरी पूरी प्रयास है की सारण को राज्य स्तर के इस शिविर में बेहतर प्रदर्शन हो। टीम में सदस्य के रूप में स्काउट कुणाल,रजनीश,प्रिंस,निकेश,प्रीतम, गाइड खुशी,संजू, चांदनी एवम मुस्कान शामिल है।

## भाजपा व आरएसएस लोगों को आपस में लड़ाने में व्यस्त एवं मस्त है:सौरभ

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।

देश की जनता मंहगाई, नौजवान बेरोजगारी तथा किसान महंगी अलाभकर खेती से त्रस्त हैं और भाजपा आर एस एस देश मे धार्मिक फसाद खड़ा कर लोगों को आपस मे लड़ाने में व्यस्त और मस्त है।

ये बातें बुधवार को सीपीआई की सारण जिला परिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सुरेन्द्र सौरभ ने कही। आज सीपीआई सारण जिला परिषद की बैठक जिला कार्यालय मंजर रिजवी भवन सलेमपुर छपरा मे महात्मा प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। सुरेन्द्र सौरभ ने कहा कि सीपीआई के संघर्षों के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य मे पार्टी सघन अभियान चलाकर भाजपा और आर एस एस की घृणित साजिश को बेनकाब करेगी।बैठक मे लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कार्यकारी जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि पार्टी स्थापना के 100 वें वर्ष मे प्रवेश करने के मौके पर 30 दिसंबर 2024 को जिला कार्यालय भवन पर एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले भर से पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। पार्टी पूरे जनवरी 2025 मे एक महीना पार्टी सदस्यता अभियान चलाएगी और पुराने सदस्यों का नवीकरण कर पार्टी को मजबूती प्रदान की जायगी।26 दिसम्बर 2025 को जिले भर के पार्टी सदस्य अपने अपने घरों पर पार्टी झंडा फहरा कर पार्टी स्थापना के शताब्दी समारोह का आगाज करेंगे।

बैठक मे एक प्रस्ताव पारित कर डी ए पी खाद की कालाबाजारी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया और यह मांग की गई कि किसानों को सस्ते और उचित दर पर खाद बीज सरकार उपलब्ध कराए।बैठक को वरीय पार्टी नेता चूल्हन प्रसाद सिंह, नागेन्द्र राय, हरिबलम सिंह, सुरेंद्र त्रिपाठी, परमात्मा गुप्ता, पप्पु कुशवाहा, नारायण मांझी, डॉ वीरेन्द्र सिंह, रजाक हुसैन, मो शहाबुद्दीन, मोहन राय, सीताराम मांझी, सुरेन्द्र राम, महेन्द्र प्रभाकर, नन्द कुमार गिरि, नरेन्द्र राय,सुग्रीव गुप्ता,नसीम अहमद आदि ने सम्बोधित किया।

## जिले में रात्रि रक्त पट संग्रह में 84 लोग मिले फाइलेरिया से संक्रमित

**सम्बन्धित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कराया जाएगा इनका उपचार**

- 18 प्रखंड से संकलित 10 हजार 600 लोगों के रक्त की हो रही जाँच

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया(मोहन सिंह)।फाइलेरिया (हाथी पाँव) रोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में 22 नवंबर से चलाए गये नाइट ब्लड सर्वे में 18 प्रखंड से 10 हजार 600 लोगों के रक्त नमूने लिए गए थे, जिनकी लैब टेक्निशियन द्वारा जाँच की जा रही है। इस दौरान कई प्रखंड के लोग फाइलेरिया के परजीवी से संक्रमित पाए गए हैं। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। इसके कृमि मानव शरीर के अन्दर जाकर लसिका तंत्र को बर्बाद कर देते हैं। जिसके फलस्वरूप प्रभावित अंग में सूजन होने लगता है। यह अधिकतर पैर, हाथ, स्तन तथा जननांगों को प्रभावित करता है। पैर में सूजन इस तरह बढ़ जाता है कि पैर हाथी के पैर जैसे मोटे हो जाते हैं, इसलिए इसे हाथीपाँव कहते हैं।

**अब तक 84 मरीज फाइलेरिया से संक्रमित पाए गए**

जिले के भीडीसीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि रक्त नमूनों की जाँच में अब तक 84 लोग फाइलेरिया से संक्रमित पाए गए हैं, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक की देखरेख में दवाओं का कोर्स कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक 10 केस मधुबनी प्रखंड से मिला है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर फाइलेरिया के प्रसार दर का पता लगने के बाद लोगों को जागरूक करते हुए आगामी 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा।

## रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर 24 को


प्रातः किरण, संवाददाता

छपराकार्यालय। श्रम संसाधन विभाग ,अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा , सारण द्वारा दिनांक 24 दिसंबर को प्रातः 10:30 से शाम 4:00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा कार्यालय परिसर में (बाजार समिति के नजदीक, प्रेम नगर, कजारिया टाइल्स के सामने, ) एक दिवसीय रोजगार -सह - मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है ' जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा बताया गया कि इस रोजगार शिविर में आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड , फील्ड डेवलपमेंट अस्सिटेंट पद हेतु चयन करेगी ' इस पद के लिए पात्रताः 12वीं , ग्रेजुएशन ,पोस्ट ग्रेजुएशन ' आयुः 18 से 35 वर्ष चयन के माध्यम : साक्षात्कार चयनित उम्मीदवार को उनकी योग्यता के अनुसार मासिक 16500/- 18000 रुपये वेतन का लाभ मिलेगा। मुफ्त ज्वाइनिंग, कोई छिपा हुआ शुल्क नहीं।

इस रोजगार शिविर में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी अपना बायोडाटा , शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र , फोटो ,आधार कार्ड के साथ आएंगे ' ड्राइविंग लाइसेंस एवं बाइक होना जरूरी है ' नियोजन शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि उनका निबंधन जिला नियोजनालय में हो ' नियोजनालय में निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है जो कि भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से होता है ।कोई स्वयं भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से अपना निबंधन कर सकता है । अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा में भी निबंधन हेतु संपर्क किया जा सकता है ।


## भिखारी ठाकुर की जयंती समारोह संपन्न

- भिखारी ठाकुर ने भोजपुरी कला को नई दिशा दी, इनके नाटकों में बेटी बेचवा आज भी प्रसंगिक

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।छपरा । भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर की जयंती पर बुधवार को भिखारी चौक स्थित उनके प्रतिमा पर जिला प्रशासन द्वारा माल्यार्पण किया गया ' बता दें कि भिखारी ठाकुर की जयंती राजकीय समारोह के रूप में आयोजन किया जाता रहा है ' जबकि गैर सरकारी स्तर पर और अन्य समाज सेवायों द्वारा भी माल्यार्पण किए जाने की परंपरा रही है और इसे आज कार्यान्वित किया गया।

मालूम हो कि भिखारी ठाकुर भोजपुरी नाटक और लोक संगीत के एक अद्वितीय कलाकार थे ' इनकी जयंती हर साल 18 दिसंबर को मनाई जाती है। भिखारी ठाकुर को भोजपुरी साहित्य, संगीत, और नाटक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया और लोगों को जागरूक किया। यह दिन उनके योगदान को सलाम किया जाता है,और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की जाती है।भिखारी ठाकुर की कला की विशेषताएँ न केवल उनकी कला की विविधता में निहित हैं, बल्कि उनके काम के माध्यम से उन्होंने भोजपुरी समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्थिति को भी प्रकट किया। उनकी कला में विशेष रूप से लोक संगीत, नाटक, और कविता का समावेश था। भोजपुरी कि शेक्सपियर भिखारी ठाकुर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया जाता है ।। बता दें कि भिखारी ठाकुर को भोजपुरी थिएटर के शेक्सपियर के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने भोजपुरी लोक नाटक की दिशा को एक नई ऊँचाई दी। उनके लिखे हुए नाटकों में बेटी बेचवा, गंगा मईया, और सत्यानाशी प्रमुख हैं। इन नाटकों में समाज की समस्याओं, जैसे महिला अधिकार, गरीबों की स्थिति, और सामाजिक असमानता को प्रमुखता से उठाया गया था। उनके नाटकों ने समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं को केंद्रित किया और उन्हें उजागर भी किया गया है ।

भिखारी ठाकुर की कला का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना था। उन्होंने अपनी रचनाओं में ऐसे मुद्दों को उठाया जो उस समय समाज में प्रचलित थे। वे विशेष रूप से महिलाओं की स्थिति, समाज में फैली असमानता, और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ थे। उनके नाटकों में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की बात की गई,और समाज में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उनके गीतों और नाटकों में यह संदेश साफ था कि समाज को बदलने की जरूरत है, और इस बदलाव की शुरूआत महिलाओं से हो सकती है।

भिखारी ठाकुर के गीत भोजपुरी लोक संगीत का अभिन्न हिस्सा बने। उनका नकली बाबा गीत, जो समाज में व्याप्त बाबागिरी पर कटाक्ष करता है, आज भी लोकप्रिय है। उनके गीतों में भोजपुरिया संस्कृति और जीवनशैली का अद्वितीय चित्रण मिलता है। उनका संगीत समाज की परंपराओं, त्योहारों, और किसानों के जीवन से जुड़ा हुआ था, जो उनके गीतों को और भी प्रभावी बनाता था। भिखारी ठाकुर ने अपने गीतों के माध्यम से जन जागरूकता फैलाने का काम किया।भिखारी ठाकुर ने अपनी कला के माध्यम से भारतीय संस्कारों और संस्कृति को प्रोत्साहित किया। वे पारंपरिक लोक संस्कृति के प्रबल समर्थक थे ।

## स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा लावारिस दिव्यांगजनों के बीच कंबल का किया गया वितरण

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा(**नसीम खान क्या**)।भारत नेपाल सीमा पर कड़ाके की ठंढ के मद्देनजर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा लावारिस दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था के संरक्षक फौजी विद्यासागर राणा द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबलों को वितरित करते हुए संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने कहा कि ऐसे लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है, जो सड़कों के किनारे लावारिस दिव्यांग, विक्षिप्त और मानसिक बीमार के रूप में वर्षों से रह रहे हैं। 14 नवंबर 2012 से सुबह शाम दरिद्र नारायण भोज के माध्यम से ऐसे लोगों को हम भोजन भी प्रदान करते हैं। औरंगाबाद में भी ऐसे लोगों को सेवा दी जा रही है। बताते चलें कि फौजी विद्यासागर राणा स्वरांजलि सेवा संस्थान को निरंतर सहयोग प्रदान करते हैं। कंबल वितरण करते हुए संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी ने बताया कि स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा झारखंड ,उत्तर प्रदेश एवं सीमावर्ती मित्र देश नेपाल में भी समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। सड़कों के किनारे, पेड़ के नीचे जीवन गुजारने वाले लावारिस दिव्यांग जनों को हर दिन सुबह शाम भोजन दिया जाता है। सोशल प्लेटफॉर्म के सहयोग से ऐसे लोगों को उनके परिजनों से मिलवाने की भी कोशिश की जाती है। फौजी विद्यासागर राणा ने दूरभाष पर बताया कि यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है ।ऐसे लोगों में विशेष रूप से ईश्वर का वास होता है। महिला समाजसेवी स्वरांजलि सैगम ने बताया कि मानवीय संवेदनाओं को समझना ही इंसानियत की पहचान है। आगे भी मैं स्वरांजलि सेवा संस्थान को सहयोग प्रदान करती रहूंगी। संस्था के संरक्षक राजेश गुप्ता ने कहा कि इस संस्था का काम सबसे अलग है। लावारिस दिव्यांगजनों के प्रति दया का भाव ,यथार्थ की धरातल पर इसे ही समाज सेवा कहते हैं। प्रथम चरण के कंबल वितरण कार्यक्रम में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा दिव्यांगजन लाभान्वित हुए। इस मौके पर समाजसेवो संगीत आनंद, अंजू देवी, निमार्ता एचेल थारू की भूमिका सराहनीय रही।

## इसुआपुर के व्यवसायी की हार्ट अटैक से हुई मौत

इसुआपुर । प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर के व्यवसायी जफरुल्लाह अंसारी की असामयिक मौत हार्ट अटैक से हो गई। उनके पुत्र बबलू अंसारी ने बताया कि वे खाना खाकर सोने चले गए। उसी समय हृदयाघात से उनकी मृत्यु हो गई। पत्नी रसूलन बानो तथा विवाहित पुत्र पुत्रियों का रो-रो के हाल बुरा था।। मृतक के पार्थिव शरीर को इसुआपुर कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। शोक संतप्त स्वजनों को सांत्वना देने तथा जनाजे में शामिल होने वालों में पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय,सैनिक कैंटीन के प्रबंधक एमडी वारिस आदि थे।

## स्कूल का मनाया गया वार्षिक उत्सव, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शहर की महापौर गरिमा ने कहा: नारी शिक्षा महत्वपूर्ण**

प्रातः किरण, संवाददाता




सिकटा(प.च) ।सिकटा प्रखंड क्षेत्र के शांति चौक स्थित संत कबीर पब्लिक स्कूल में रविवार को मनाए गए वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची नगर निगम मेयर गरिमा देवी सिकारिया ने जहां अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समाज में नारी शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है और समाज के विकास के लिए नारी का उत्थान होना अति आवश्यक है वहीं सिकटा विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि गर्व है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में शहर जैसी शिक्षा इस शिक्षण संस्थान द्वारा दिया जाता है तो पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरिलाल ने कहा कि ऐसे पिछड़े इलाके में इस प्रकार कि शिक्षा मिलना एक बहुत बडी बात है तो बेतिया सदर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विशुन देव शाह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बेहतरीन अनुशासन सही शिक्षा दिया जाना समाज में एक क्रांति के समान है वहीं विद्यालय के डायरेक्टर नितु पटेल ने कहा कि शिक्षा का मायने व्यवसाय नहीं वल्कि समाज को एक नई दिशा देना है तो प्राचार्य इंजीनियर धर्मेश कुमार ने कहा कि बच्चे आगे निकल कर बड़े-बड़े पदों पर पहुंचे और अपने से बड़ों को सम्मान दे तभी जाकर उनके शिक्षण संस्थान द्वारा दी गई शिक्षा सफल होगी । कार्यक्रम में आए अतिथियों ने जहां बच्चों द्वारा किए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा किए गए भाव नित्य देखकर मंत्र मुगनधित हो गये वहीं विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सफल आए छात्र छात्राओं को शिल्ड एवं मेडल प्रदान किया गया वहीं जिले से पहुंचे प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ऑल इंडिया ग्रामीण पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा अमानुल हक, निरंकार भास्कर, क्राइम एक्सप्रेस न्यूज के फाउंडर सत्यम सिघानिया, शेखर सोनी, वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता,जय किशोर शर्मा, शत्रुघ्न शर्मा, मधुसूदन गुप्ता आदि एवं अन्य अतिथियों को विद्यालय प्रबंधन शाल एवं बुकें देकर सम्मानित किया तो कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर नीतू पटेल एवं प्राचार्य ने दिप प्रज्वलित कर किया । मौके पर सब इंस्पेक्टर साठी के शशिकांत शर्मा , संतोष शर्मा, डॉ परवेज आलम, डॉक्टर सद्दाम अंसारी, सिकटा राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, सुजीत यादव, जुन्नु सिंह,समेत कई पंचायत के मुखिया के साथ साथ सरगटिया हनुमान मंदिर के मठाधिश बाबा मणिराम दास उपस्थित रहे मंच का संचालन वरिये शिक्षक अजित गिरी ने किया ।

## बाइक और लकड़ी लदे साइकिल की आमने सामने टक्कर, दो घायल

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित रामपुरवा लक्ष्मीपुर पंचायत के बावन गढ़ी मोड़ पर साइकिल और बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें दो लोग घायल हो गए है।जिन्हें 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती कराया।

बतादें की लक्ष्मीपुर से कनघुसरी सड़क मार्ग स्थित बावन गढ़ी मोड़ के समीप एक्सीडेंट हुआ है। 112 पुलिस पीटीआई 15 दिलीप कुमार ने बताया कि सूचना मिली की दो बाइक आपस में टकराई है।हमलोग लोकेशन पर तत्काल पहुंचकर राहत कार्य मे जुट गए और घायलों को वाल्मीकिनगर अस्पताल लेकर आए और भर्ती कराए। संदीप ने बताया कि घायल अलाउद्दीन दोस्त के साथ उक्त मार्ग से कहीं जा रहे थे तभी बावन गढ़ी मोड़ पर सामने से आ रहे लकड़ी लदे साइकिल से टक्कर हो गई। सामने वाली साइकिल पर जलावन का लकड़ी लदा हुआ था जिससे अलाउद्दीन टकरा गया।डॉक्टर विकास कुमार ने बताया कि पिपरा कुटी निवासी 18 वर्षीय अलाउद्दीन और 18 वर्षीय संदीप कुमार भर्ती कराए गए हैं।जिसमे दिनों घायलों की हालत गम्भीर है।एक एक पैर दोनों घायलों का फ्रेक्कर हो गया है।

## पूर्व शिक्षक के एसडीपीओ बनने पर किया गया अभिनंदन

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास)। जिले के करगहर थानाक्षेत्र के बभनी उच्च विद्यालय में 2014 में शिक्षक रहे अर्जुन प्रसाद गुप्ता का विद्यालय परिवार की ओर से उनके एसडीपीओ बनने पर अभिनंदन किया गया। अर्जुन प्रसाद वर्तमान में भागलपुर जिले के कहलगाँव में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने सम्बोधन में छात्रों को यह संदेश दिया कि व्यक्ति को प्रयास करते रहने से उसे निश्चित रूप से उच्चाइयों को छूने का अवसर मिलता है। छात्रों से कहा की उन्हें हमारे जैसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि आने वाले समय में उन्हें भी अपनी मंजिल हासिल हो सके। इस मौके पर बभनी पंचायत के मुखिया वरुण कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सरोज कुमार सिंह तथा पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने भी अर्जुन कुमार जी के स्वागत में अपना वक्तव्य दिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और संचालन किया शिक्षक मुकेश कुमार ने।

# मनुष्य को मनन चिंतन करना चाहिए कि मैं कौन हूं : जीयर स्वामी

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास): नगर पंचायत के बाद गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में बुधवार को अपने प्रवचन के दौरान श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा की मनुष्य को सबसे पहले अपने बारे में मनन-चिंतन करना चाहिए, कि मैं कौन हूं। इस धरती पर क्यों आया हूं, क्या करना चाहिए और दूसरों के साथ क्या व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य ईश्वर का अंश है, न कि ईश्वर। गंगा नदी से एक लोटा जल लेकर बाहर आने पर वह गंगाजल कहलाता है, न की गंगा नदी। ठीक उसी प्रकार ईश्वर का अंश मानव है। मनुष्य का कार्य है कि वह अपनी मानवता को समझे। जो व्यक्ति अपने बारे में पूरी तरह मनन चिंतन करते हुए यह समझ ले कि मैं कौन हूं, तो उस व्यक्ति से कभी भी अहित कार्य नहीं हो सकता है। धन, बल, वैभव जिस मनुष्य के पास हो जाता है, वह यही समझता है कि मैं सबसे अच्छा हूं। उन्होंने कहा कि एक बार हनुमान जी से पूछा गया की वह कौन है, तो उन्होंने कहा कि मैं प्रभु का सेवक हूं। हनुमान जी हमेशा सेवक बन कर रहे। फलस्वरूप वे आज भी पूजनीय हैं। रावण अपने आप को ईश्वर समझने लगा, जिसके कारण उसका विनाश हो गया। इसलिए मनुष्य को भगवान के चरणों में अपने आप को समर्पित कर देना चाहिए और वेद, शास्त्र, उपनिषद, पुराण सहित सनातन धर्म ग्रंथों में वर्णित आदेशों का पालन करना चाहिए। तभी मनुष्य को आत्मिक सुख प्राप्त हो सकता है। मनुष्य सुख शांति की चाहत में कई कुकर्म भी कर डालता है, लेकिन उसे दुख के बजाय सुख नहीं मिल पाता। वर्तमान समय में शिक्षा में बढ़ोतरी तो हुई है, धन संपदा भी बढ़ा है। जिस व्यक्ति व परिवार में संस्कार नहीं, वह जीवन पूरी तरह बेकार होता है। ऐसा देखा जा रहा है कि परिवार में संस्कार नहीं होने के कारण पति-पत्नी, बाप-बेटा, भाई-बहन, पुत्र-माता के बीच लड़ाई-झगड़ा होते रहता है। स्वामी जी ने कहा कि जो भारतीय संस्कृति एवं वेद परंपराओं का आदर करते हैं, वे इस यज्ञ में आएं। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। मानव कल्याण एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए इस तरह के यज्ञ कराए जा रहे हैं। ज्ञात हो की बाद गांव में आयोजित 25 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 13 दिसंबर से शुरू है, जो 20 दिसंबर को भव्य भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न होगा।

# मारुत नंदन सेवा समिति के द्वारा पांचवे दिन बृंदावन की कथावाचिका पूज्य अर्चना दीदी द्वारा भागवत कथा हुआ

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। मारुत नंदन सेवा समिति के भागवत कथा के आज पांचवे दिन बृंदावन की कथावाचिका पूज्य अर्चना दीदी द्वारा भागवत कथा के साथ साथ में ब्रह्म जी के जीवन के बारे में बताता ।पूज्य अर्चना दीदी द्वारा भगवान को छप्पन भोग लगाने के महत्व के बारे में बताया ।एवं भगवान को छप्पन भोग लगाया गया ।भागवत कथा में हजारों भक्तगण की भागीदारी हुई जिन्होंने भागवत कथा का श्रवण किया ।महंत सुमन बाबा,अध्यक्ष सतेन्द्र नारायण सिंह ,त्रिवेणी सिंह के कुशल नेतृत्व में भागवत कथा भव्य रूप में हो रही है ।मंच संचालन सचिव डॉ सुनील सिंह ने किया ।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संजय राय सह सचिव कुमार मोहित,रोटी बैंक के राजेश कुमार,रवि सहाय सहित कई भक्तगण उपस्थित थे । वही काशी धाम से पधारे रामलीला समिति के कलाकारो द्वारा रामलीला का मंचन किया गया ।जिसका हजारों भक्तगणों ने आनंद लिया ।जिसकी अध्यक्षता गुड्डू सिंह बाबुआन ने किया ।रामलीला का मंच संचालन अभय विश्वास भट्ट ने किया। वही काशी से आये रामलीला मंडली के द्वारा राम राज्याभिषेक एवं श्री राम बनवास को दर्शकों के बीच दिखाया गया। जिसकी काफी सराहना दर्शकों ने की वही श्रीराम बनवास को देख कर दर्शक काफी भावुक हो गए। आज रामलीला मंच पर एमएलसी जीवन कुमार, डॉ पी सिंह, रिंकू सिंह मुखिया, शिक्षाविद अखिलेश कुमार, मनोज पटेल, बाल्मीकि शर्मा, हरेंद्र सिंह तोमर, अधिवक्ता आशुतोष पांडेय, सुनील पाठक, पवन जयसवाल, पुष्पा कुशवाहा, मीना सर नवोदय वाले को अंगवस्त्र एवं माला से सम्मानित किया गया।

मौके पर यशवन्त नारायण, संजय राय, अभय विश्वास भट्ट, रोहित सिंह बजरंगी, अंशु सिकरिवाल, अंकित राय, रबिश कुमार, विकास कुमार समेत कई थे।

# भोजपुर के दावा पंचायत की मुखिया सुषुमलता कुशवाहा कौन बनेगा करोड़पति में शामिल होने के लिए हुई रवाना

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर । बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड के दावा पंचायत के मुखिया सुषुमलता कुशवाहा कौन बनेगा करोड़पति सिलेक्शन होने पर गांव के लोगों में खुशी का लहर है वहीं पर लोगों ने उनका घर पर शुभकामनाएं देने के लिए लोगों के लगा ताता मुखिया ने कहा कि यह मेरे गांव की जनता एवं मेरे पति का भरपूर सहयोग रहा और अल्ट्रा सीमेंट कंपनी जो आज इस मुकाम तक पहुंचने में उनका भरपूर सहयोग रहा मैं अल्ट्रा सीमेंट कंपनी के बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं जिन्होंने इतने बड़े हॉट सीट पर बैठने का मौका मिल रहा है यशस्वी मुखिया विकाश के सारथी कौन बनेगा करोड़पति अल्ट्राटेक सीमेंट के माध्यम से कौन बनेगा करोड़पति मे भाग्य लेने के लिए और हॉटसिट पर बैठने के लिए मुम्बई के लिए रवाना दावा पंचायत के मुखिया अल्ट्राटेक सीमेंट के पूरे परिवार को बहुत बहुत आभार एवम धन्यवाआदिनाथ भोजपुर जिला के जगदीशपुर आदर्श ग्राम पंचायत मुखिया लता का चुनाव अल्ट्राटेक सीमेंट की ओर से कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम नामित किया गया आज कुसुम लता हवाई जहाज के द्वारा मुंबई के लिए गांव से रवाना हुई अल्ट्राटेक सीमेंट के डायरेक्टर पूरा ग्रामीणों के सामने गजब बजे के साथ रवाना किया और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ग्रामीणों ने मुखिया धन्यवाद दिया लोगो ने भगवान से प्रार्थना किया कि आप बिहार का नाम रोशन करे ग्रामीण की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि आपने जिस तरह से एक बेहतर घर बनवेट हैं इस तरह से सामाजिक कार्य करके नेशनल मंच पर भेजा है इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# भिखारी ठाकुर लोकोत्सव का भव्य समापन, भोजपुरी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का हुआ गठन

प्रातः किरण संवाददाता

भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर विगत तीन दिनों से चल रहे भिखारी ठाकुर लोकोत्सव के 24 वें संस्करण का भव्य समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि मातृभाषा भोजपुरी के सम्मान और संवर्धन के उद्देश्य से निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके लिए भोजपुरी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया जिसकी कोर कमिटी में विभिन्न क्षेत्रों के भोजपुरीसेवियों को शामिल किया गया जिनमें रांची से नवीन सिंह, डॉ अजय ओझा, गोरखपुर से नंदलाल मणि त्रिपाठी, देवरिया से जनार्दन सिंह, छपरा से उमाशंकर साहू, बक्सर से राजेश कुमार, रोहतास से स्यंदन सुमन, आरा से पत्रकार नरेंद्र सिंह, सोहित सिन्हा, पप्पू सिंह प्रमुख हैं। समापन दिवस के उद्घाटन सत्र की शुरूआत महापौर इंदु देवी, साहित्यकार एवं संस्कृतिकर्मियों नवीन सिंह, प्रीति सिंह, जनार्दन मिश्र, अंकिता पंडित, देवीदयाल राम, श्याम नारायण शर्मा, प्रो किरण कुमारी, वाल्मीकि शर्मा कयामुद्दीन अंसारी तथा सांसद प्रतिनिधि दिलराज प्रीतम एवं अन्य द्वारा दीप जलाकर हुई। भोजपुरी की संवैधानिक मान्यता के सवाल पर अतिथियों ने विचार रखे। सांसद प्रतिनिधि ने सांसद सुदामा प्रसाद का शुभकामना संदेश पढ़ा तथा संसद के सत्र में भोजपुरी से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के आग्रह पर दिलराज प्रीतम ने कहा कि भोजपुरी में पत्र व्यवहार करने के लिए राजधानी दिल्ली में एक बॉक्स लगाया जाएगा। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान का भिखारी ठाकुर स्मृति सम्मान सांसद सुदामा प्रसाद को भोजपुरी के लिए किए जा रहे संकल्प के लिए दिया गया। अन्य वार्षिक सम्मानों में भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच का विशेष सम्मान गोरखपुर की लोकगायिका अंकिता पंडित को, रंगकर्मी शशिनाथ त्रिवेदी सम्मान रंगकर्मी अंबुज कुमार को, समकालीन तापमान पत्रकारिता सम्मान युवा पत्रकार बंटी भारद्वाज को, साहित्यकार मधुकर सिंह स्मृति सम्मान कवि जनार्दन मिश्र को, पद्मश्री उस्ताद बिस्मिल्ला खां स्मृति सम्मान नवीन सिंह को , कवयित्री उर्मिला कौल स्मृति सम्मान डॉ रेणु मिश्र को, बाबू शत्रुंजय प्रसाद सिंह स्मृति सम्मान डॉ जया जैन को तथा, भोजपुरी सेवक सम्मान गीतकार कवि राज कवि, रंगकर्मी रंजन यादव, समाजसेवी कृष्ण प्रताप सिंह, फिल्म अभिनेता रामेश्वर, भोजपुरी शोधछात्र सोहित सिन्हा तथा व्यास कमलेश व्यास और उनकी टीम को दिया गया।

### अंकिता पंडित के शिव भजन और कमलेश व्यास के भिखारी ठाकुर गीत पर झूमे लोग

आज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भोजपुरी लोकगायकी के सत्र में गोरखपुर से आई अंकिता पंडित ने शिव भजन और अलचारी सुनाया तथा कमलेश व्यास ने भिखारी ठाकुर रचित गीत और देवी पचरा गाकर सुनाया। दर्शकों और आगंतुक अतिथियों की विशेष फरमाइश पर भी कलाकारों ने भावविभोर करने वाले गीत प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के अंत आयोजन सचिव रवि कुमार सूरज ने कहा कि अगले साल लोकोत्सव का 25 वां रजत जयंती भव्य तरीके से होगा जिसमें विदेशों से भी अतिथि आयेंगे, इसके अलावा स्मारिका का पुनर्प्रकाशन भी होगा।

मंच से सांसद प्रतिनिधि दिलराज प्रीतम ने अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के आग्रह पर कवि शैलेन्द्र की स्मृति में स्मारक के लिए सांसद द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया जिसके लिए भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान प्रस्ताव भेजेगा। युवा पत्रकार बंटी भारद्वाज ने अपने पिताजी और लोककलाकार मुक्तेश्वर उपाध्याय को स्मृति में स्थानीय बस पड़ाव पर भिखारी ठाकुर स्मृति द्वार बनवाने की घोषणा की। अंत में आरा नगर निगम में भिखारी ठाकुर की भव्य पेंटिंग लगवाने के लिए महापौर इंदु देवी को धन्यवाद देते हुए सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### खुशी के दुष्कर्मी को फांसी हो : राजेश्वर पासवान

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। विगत दिन आरा नगर थाना अंतर्गत हनुमान टोला धरहरा में 8वर्षीय खुशी कुमारी को दुष्कर्म कर हत्या की सूचना पर राजेश्वर पासवान जिला अध्यक्ष लोजपा रामविलास भोजपुर,संतोष पासवान प्रधान महासचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ,राजेश साहू जिला अध्यक्ष संसदीय बोर्ड,मनोज पासवान जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, शहनवाज बलि जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ,विकास सिंह अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा का शिष्ट मंडल मृतका के घर जाकर उनके परिजनों से मिला।मृतका की मां का आज भी रो रो कर बुरा हाल हो गया है।मृतका पिता अर्जुन चौधरी तथा मां रेखा देवी ने राजेश्वर पासवान से कहा कि मेरी बेटी का हत्यारा को फांसी दिलवा दीजिए तब ही मेरी बेटी की आत्मा को शांति मिलेगी ।श्री पासवान ने कहा कि आप हिम्मत से काम लीजिए इस दुख की घड़ी में हम और हमारी पार्टी आपके साथ है,हमलोग न्याय जरूर दिलाएंगे। आगे जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने खुशी कुमारी के दुष्कर्म कर हत्या करने वाले को जिला पुलिस प्रशासन से स्पीडी ट्रायल चला कर फांसी की सजा दिलाने की मांग किया है ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का घृणित कार्य करने पर सौ बार सोचे । आगे उन्होंने दूरभाष पर एस पी भोजपुर से मृतक के परिजनों की सुरक्षा मुहैया कराने की मांग किया ताकि कोई किसी तरह का दबाव न बना सके ।खुशी कुमारी के पिता एक मजदूर दलित वर्ग से है।

### 13 लीटर देसी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

काराकाट(रोहतास) । काराकाट थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों से पुलिस ने देसी शराब बरामद की है। साथ ही मौके से दो कारोबारियों को भी गिरफ्तार किया है। बताया गया कि गश्ती के दौरान स्थानीय पुलिस टीम को बिक्रमगंज एएलटीएफ द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के करूप गांव व सुकहारा डिहरी गांव में देसी शराब का कारोबार किया जा रहा है। बिक्रमगंज एएलटीएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा करूप से गोरख परासी जाने वाले पथ पर देखा गया की एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी देखकर हाथ में लिया झोला फेंककर भाग रहा है। जिसका पीछा कर पकड़ा गया । तथा झोला की तलाशी लिया गया। झोला की अंदर प्लास्टिक में रखा करीब 9.2 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार शराब कारोबारी करूप गांव निवासीनन्दजी सिंह बताया जाता है।

# डॉ. आरके सिन्हा के चचेरे भाई प्रमोद कुमार सिन्हा के निधन से पैतृक गांव में शोक की लहर, ग्रामीणों से लगाव उन्हें यूएसए से खिंच लाता था बहियारा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भाजपा के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद और एशिया महादेश की सबसे बड़ी निजी सुरक्षा एजेंसी के ग्रुप चेयरमैन डॉ. आरके सिन्हा के चचेरे भाई प्रमोद कुमार सिन्हा का पेंसिलवेनिया यूएसए के एलेनटाउन में बीती रात निधन हो गया. वे पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा के चाचा स्व. चंद्र शेखर प्रसाद सिन्हा के छोटे पुत्र थे. प्रमोद कुमार सिन्हा सॉफ्टवेयर उद्योग के चर्चित नामों में से एक थे और विश्व की नामी गिरामी सॉफ्टवेयर कम्पनी एसएपी से सेवानिवृत होकर फिलहाल एलेनटाउन में अपनी कोठी में ही रहते थे. सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ होने के साथ साथ वे एक अच्छे गायक, लेखक, अनुवादक और शिव भक्त भी थे. बीती रात जब उनकी तबियत बिगड़ी तो अंतिम क्षणों में उनके बड़े भाई टेम्पा फ्लोरिडा से तुरंत एलेनटाउन स्थित उनके आवास पर उनके पास पहुँच गए थे और अंतिम समय में वे उनके साथ ही थे.

चचेरे भाई के निधन ने पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा को शोक में डुबो दिया है. उन्होंने प्रमोद कुमार सिन्हा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उधर प्रमोद कुमार सिन्हा के निधन की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव भोजपुर जिले के कोइलवर स्थित बहियारा में शोक की लहर दौड़ गई है. गांव के बड़े बुजुर्गों से लेकर छात्रों और युवाओं में भी शोक की लहर देखी गई. वे जब भी अपने गांव बहियारा आते थे तो गांव के बड़े बुजुर्गों, छात्रों और युवाओं के बीच खूब घुल मिल कर रहते थे. बच्चों के लिए बड़े बड़े टॉफी से भरे डब्बे बगल के चांदी बाजार से खरीद कर बाँटते रहते थे. बहियारा गांव के लोगों से उन्हें बहुत लगाव था. यूएसए जाने के बाद भी वे अपने गांव के इन लोगों को नहीं भूलते थे और वहां से गांव के बच्चों के लिए खेल सामग्री समेत जरूरत की चीजें भेजा करते थे.

प्रमोद कुमार सिन्हा के निधन की खबर सुन उनके पैतृक आवास के परिसर में पूर्व राज्यसभा सांसद की अध्यक्षता में संचालित रामानंदी यज्ञानंद मेमोरियल दी इंडियन पब्लिक स्कूल में एक शोक सभा का आयोजन हुआ. इस शोक सभा में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्टाफ और आवास पर मौजूद लोगों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण किया और शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी.इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वंदना सिन्हा, उप प्राचार्य अनिल कुमार सिन्हा, शिक्षिका पल्लवी सिन्हा, गोल्डी वर्मा, सोनालिका, पायल, प्रियंका श्रीवास्तव, शिक्षक नीरज कुमार सिन्हा, कन्हैया कुमार, पीआरओ अखिलेश मिश्रा, कार्यालय सहायक राम अनुज, बस चालक हरेंद्र पंडित समेत कई लोग शोक सभा में शामिल थे.

# पटना-आरा-सासाराम एवं जिले के ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यो की प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में एनएच 119अ (पटना-आरा-सासाराम) एवं जिले के ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यों की प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यों को एक माह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कारणवश कार्य में कोई विलंब नहीं होना चाहिए, सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए समय सीमा के भीतर अपने कार्यों को पूर्ण करें।

उन्होंने पटना-आरा-सासाराम एन०एच०के भूमि अधिग्रहण कार्यों में आने वाली कठिनाइयों को समय पर समाधान करने एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों,सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं को इसकी सतत निगरानी करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण संबंधित कार्यों में गति लाने के लिए अंचलाधिकारी को विशेष कैंप आयोजित करने साथ ही, जिला भू अर्जन पदाधिकारी को इसकी सतत अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी सप्ताह में भूमि अधिग्रहण कार्यों की प्रगति पर अद्यतन रिपोर्ट के साथ संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध रहने का निर्देश दिया।

इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, पिरो, जगदीशपुर, भूमि सुधार उपसमाहर्ता आरा सदर, पिरो, जगदीशपुर, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग आरा, पिरो और जगदीशपुर, पी०डी०एनएचएआई पटना और सासाराम, अंचलाधिकारी कोईलवर, उदवंतनगर, जगदीशपुर, गड़हनी चरपोखरी, सहार, संदेश, तरारी, बड़हरा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लोजपा रामविलास डुमराँव प्रखंड अध्यक्ष बने रौशन सिंह व जिला उपाध्यक्ष बने दिनु सिंह: अखिलेश



प्रातः किरण संवाददाता

बक्सर । डुमराँव विधान सभा अंतर्गत ग्राम- अरियाव मे डुमराँव विधान सभा के सभी प्रखंड अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह ने किया।

बैठक मे डुमराँव विधान सभा मे चल रही बुथ कमिटी की समीक्षा व संगठन का विस्तार किया गया।

जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने संगठन विस्तार करते हुए डुमराँव प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दिनु सिंह को पदोन्नति करते हुए बक्सर लोजपा रामविलास का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने डुमराँव प्रखंड अध्यक्ष के तौर पर रौशन कुमार सिंह उर्फ रिपु सिंह को मनोनीत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा की डुमराँव विधान सभा के सभी बुथो पर बुथ अध्यक्ष की नियुक्ती हो गई है साथ ही डुमराँव विधान सभा के 90% बुथो पर चार सदस्यीय बुथ कमिटी तैयार हो चुकी है ।टोटल बुथ कमिटी एक सप्ताह के अंदर पूर्ण हो जाएगी ।इस बैठक मे संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिनु सिंह, जिला प्रवक्ता सह डुमराँव विधान सभा अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, जिला महासचिव कृष्णा रजक, नावानगर प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, चौगाई प्रखंड अध्यक्ष शिव जी सिंह, केसठ प्रखंड अध्यक्ष धन जी पासवान, डुमराँव नगर अध्यक्ष मगन राय, डुमराँव प्रखंड अध्यक्ष रौशन कर सिंह उर्फ रिपु सिंह, संजय सिंह, गोल्डी दुबे, सुरेन्द्र राम, घनश्याम पासवान, अंशु पासवान उपस्थित हुए।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

दिनारा(रोहतास) ।दिनारा नेशनल हाईवे 319 मुख्य पथ पर मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना दिनारा नेशनल हाईवे 319 मुख्य पथ पर मंगलवार की देर रात करीब 8 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई ।घटना को अंजाम देकर चालक वाहन को लेकर फरार हो गया ।घटना दौरान आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए ।जिसकी सूचना आसपास के लोगों द्वारा दूरभाष के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया ।जानकारी देते हुए दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि मृतक बक्सर जिला अंतर्गत धनसोई थाना क्षेत्र के ग्राम बामल बांध निवासी गिरजानंद मसीह के 36 वर्षीय पुत्र पौलुस कुमार अपनी बाइक से जा रहे थे तो उक्त क्रम में ही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए ।

## भाजपा द्वारा भोजपुर में विकास और संकल्प सेमिनार का होगा आयोजन आज



आरा। पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा लोकसभा के पूर्व सांसद आर के सिंह के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा 20 दिसम्बर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय मे मनाया जाएगा। उक्त अवसर पर भोजपुर में विकास और संकल्प सेमिनार का आयोजन किया गया है ।जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी आरा लोकसभा के लोकप्रिय नेता और केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह का जन्मदिन भाजपा के कार्यकताओ और समर्थकों द्वारा मनाया जा रहा है ।वहीं जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक ई. धीरेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि विकास का पर्याय बन चुके विकास पुरूष आर के सिंह का जन्मदिन धूम-धाम से मनेगा ।उक्त अवसर पर भोजपुर में विकास और संकल्प ह्विषय के साथ सेमिनार का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम मे सेवा के विभिन्न क्षेत्रो से संबधित विशेष ब्यक्तियो को सम्मानित किया जाएगा।

## न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया




आरा ।न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नागरी प्रचारिणी सभागार में किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में रव्र्ट भोजपुर श्रीमती रश्मी, .ए हसन, डीईओ भोजपुर इंदु देवी, मेयर, आरा, परिचय कुमार, एएसपी भोजपुर डीपीओ भोजपुर, भाई ब्रह्मेश्वर प्रोफेसर विमला सिंह महिला कॉलेज आरा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे . कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बहुत ही मनोरंजक एवं अन्य प्रस्तुतियाँ दीं जिनमें विभिन्न राज्यों की नृत्य शैलियाँ, कई सकारात्मक एवं जागरूकता फैलाने वाली प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। छात्रों ने प्रेमचंद और जोनाथन स्विफ्ट जैसे महान लेखकों की कृतियों का भी प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा पुराने खेलों का प्रदर्शन किया गया, सड़क सुरक्षा के नियमों को समझाया गया तथा गिद्दा जैसे लोक नृत्य भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पूनम पाण्डे ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा निदेशक एन.के.पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अंत में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

# स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों को दी गई सीपीआर देने की ट्रेनिंग

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शुभ नारायण नगर,मझौवां स्थित सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में आज महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) ट्रेनिंग दी गई। इस कार्यक्रम से स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने जीवन रक्षक कौशलता सीखा। कार्यक्रम रोटरी क्लब आरा और मेदान्ता हॉस्पिटल के सँयुक्त तत्वावधान में किया गया। मंच संचालन रोटेरियन अवधेश पाण्डेय और अध्यक्षता रोटरी के अध्यक्ष राम कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम के दौरान, छात्रों और शिक्षकों को सीपीआर के मूल सिद्धांतों और तकनीकों के बारे में सिखाया गया। उन्हें यह भी सिखाया गया कि कैसे एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने या दम घुटने पर सीपीआर दिया जा सकता है।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम हमारे स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को जीवन रक्षक कौशल प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि सीपीआर एक महत्वपूर्ण कौशल है जो किसी भी व्यक्ति को जीवन रक्षक बना सकता है। इस मौके पर मेदांता हॉस्पिटल के इमरजेंसी कंसल्टेंट डॉ सैयद फैज अहमद ने बताया कि कार्डियक अटैक और कार्डियक डिजीज दोनों में भिन्नता है। उन्होंने उढफका तरीका उपस्थित लोगों को सिखाया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मरीज को सेफ साइड लाकर ब्रीदिंग चेक करना है। फिर एक सेकेंड में 120 बार करना है हाथों को लॉक करके हर काउंटिंग के 30 सेकेंड के बाद पल्स चेक करना है और मुँह से सांस भी देना है। यह काम तबतक करना है जबतक इलाज के लिए कोई मेडिकल हेल्प वहाँ नही पहुंचता है। कार्डियक अरेस्ट लगातार धूप या भीड़ में खड़े रहने से आता है।




इस मौके पर हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ अमित जयसवाल ने कहा कि उढफ हीरो बनने का आसान तरीका है। दरसअल हम हार्ट बैठ जाने के कारण उसके पम्पिंग का काम अपने हाथ से करते हैं। ब्लड को मैनुअली ब्रेन तक पहुँचाने के लिए हाथ से पम्प कराते हैं। यह किसी को बचाने का आसन तरीका है। इसके लिए किसी यंत्र की जरूरत नही,आपका हाथ का हुनर ही काफी है।जिसके बाद अगर कोई बच जाए तो सामने वाले के लिए आप हीरो ही हैं।

इस मौके पर डॉ सैफ ने खुद उढफ डेमोंस्ट्रेशन भी कर के दिखाया। उसके बाद विद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्चना सिंह और विद्यालय के बच्चों ने भी उढफको खुद से किया। इस मौके पर डॉ मालती श्रीवास्तव ने ऐसे कार्यक्रम को स्कूल में आयोजित कराने के लिए धन्यवाद दिया।

इस मौके पर रोटरी क्लब के राम कुमार सिंह ( रोटरी क्लब प्रेसिडेंट), अवधेश कुमार पांडेय, अभय कुमार जैन, अखिलेश्वर प्रसाद( कोषाध्यक्ष, रोटरी क्लब), मनोज कुमार सिंह(रोटरी क्लब), मंजीत आनंद, सुरेश कुमार चौधरी, राजेश कुमार उर्फ पप्पूजी, नीरज कुमार,विपुल कुमार(फरर), डॉ मनीष(दन्त चिकित्सक), अभिषेक कुमार जैन के साथ मेदान्ता टीम के कुंदन कुमार और सुमित कुमार के साथ विद्यालय के निदेशक डॉ कुमार द्विजेन्द्र व स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे।

कार्यक्रम में आये सभी आगन्तुकों को इस जीवन रक्षक कौशलता को सीखने और सिखाने के लिए विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# जिला टास्क फोर्स की बैठक में की गई धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत पैक्स , व्यापारमंडलों द्वारा किये जा रहे धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा जिला टास्क फोर्स की बैठक में की गई है इस बैठक में समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत कुल 308 पैक्स ,व्यापार मण्डल द्वारा धान अधिप्राप्ति का कार्य 15.11.2024 से शुरू किया गया है। अधिप्राप्ति में 290 पैक्स एवं 18 व्यापार मंडल शामिल है। अभी तक कुल 2892 किसानों से 21976.179 मे0 टन धान की खरीद की गई है। जिला पदाधिकारी, गया द्वारा निदेश दिया गया कि प्रबंध निदेश, मगध सेंटल को० बैंक लिमिटेड, गया एवं सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी धान अधिप्राप्ति में संलग्न शत प्रतिशत किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी, गया द्वारा प्रतिवेदन के अवलोकनों उपरांत धान अधिप्राप्ति हेतु ऑन लाईन आवेदन करनेवाले किसानों के संबंध में नाराजगी व्यक्त की गई एवं निर्देश दिया गया कि व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक किसानों का निबंधन कराना सुनिश्चित करेंगे। ज्ञातव्य हो कि गया जिलान्तर्गत धान अधिप्राप्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करनेवाले किसानों की कुल संख्या 37168 है जिसमें 17546 रैयत किसान एवं 19622 गैर रैयत किसान है। जिले में धान अधिप्राप्ति के लिए 279 समितियों को क्रियाशील बनाया गया है। 18 मिल को चयन किया गया है। आज बुधवार को बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चयनित सभी समितियों को कैश क्रेडिट उपलब्ध कराया गया है जिससे धान अधिप्राप्ति का कार्य उन समितियों द्वारा किया जा रहा है। संबंधित समितियों द्वारा धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा की गई है। जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, गया द्वारा राईस मिल सत्यापन की जानकारी देते हुए बताया गया की 30 मिलों का सत्यापन किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी द्वारा राईस मिल एवं पैक्स की संबंद्धता के लिए निदेश दिया गया है। जिले में 226 राइस मिलों के माध्यम से पैक्स को संबद्ध किया जा चुका है। शेष राइस मिलों से अगले 2 दिनों में 100% टैगिंग का कार्य पूर्ण कर ली जाएगी।डीएम ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि हर हाल में छोटे किसानों को प्राथमिकता पर धान क्रय किया जाए। डीएम ने कहा कि राज्य सरकार काफी गंभीर है, धान अधिप्राप्ति को लेकर। हर सप्ताह प्रगति संबंधित उच्च स्तरीय बैठक भी हो रही है। अधिप्राप्ति में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। अभी इनिशियल पीरियड है किसानों से धान खरीद का, उसे अच्छा से करवाये। उन्होंने कहा कि पैक्स गोदाम और सीएमआर गोदाम की अनुमंडल पदाधिकारी स्तर से नियमित जांच करवाया जाए। किसान जितना मात्रा में धान दे रहे हैं, उसी वजन के अनुरूप किसानों को भुगतान करें, उस से कम भुगतान नही करें। उन्होंने सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि लगातार भ्रमणशील रहे जितने भी छोटे किसान हैं उनसे बातचीत करें एवं धान बेचने हेतु प्रेरित करें। किसानों को पूरी मदद नहीं करने के कारण मजबूरन वह मार्केट में अपने धन को बेचते हैं। अगर सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रुचि लेकर किसानों को मदद करेंगे तो हर हाल में विभाग द्वारा दिए गए टारगेट का अचीवमेंट पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि धान की वास्तविक खरीदारी का यही वर्तमान समय है। इसमें हर हाल में तेजी लाएं। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता विभागीय जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि स्वयं रैंडमली विभिन्न प्रखंड का धान खरीदारी संबंधित जांच करें, जो भी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी की लापरवाही रहे उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। सभी सीएमआर गोदाम में ए जी एम अच्छे तरीके से कम करें, धान के क्वालिटी का भी नियमित जांच कराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को कहीं कोई ह्रास नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि परैया, मानपुर, इमामगंज, बांके बाजार, कोच एवं बाराचट्टी के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अभी भी इन क्षेत्रों में अधिप्राप्ति का कार्य काफी धीमा है तेजी लाने की अत्यंत आवश्यकता है। इन संबंधित क्षेत्र के सहकारिता पदाधिकारी हर फैक्स के साथ एक-एक घंटा का बैठक करते हुए तेजी से अधिप्राप्ति करवाये। किसानों से रूबरू हो और उन्हें धान पैक्स में देने हेतु जागरूक बनाये। धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में जिला पदाधिकारी, गया, अपर समाहर्ता विभागीय जांच गया, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, गया, सहायक निबंधक, स०स०, शेरघाटी, प्रबंध निदेशक, मगध सेंटल बैंक आदि मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती को लेकर राजद नेताओं ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता




कुर्था (अरवल) कुर्था डाक-बंगला में राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ अरवल जिला के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय कमेटी का बैठक किया गया बैठक में आगामी 23 दिसंबर 2024 को पटना मे राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में किसान प्रकोष्ठ द्वारा चौधरी चरण सिंह जयंती में भाग लेने के लिए कार्यकताओं से अपील किया गया अरवल जिला के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों से कार्यकताओं एवं किसान जयंती में भाग लेंगे इसके लिए हम लोग वाहन का व्यवस्था किया जाएगा राष्ट्रीय जनता दल किसान मजदूर के लिए सदैव संघर्ष करने का काम किया है आगे भी पुरी मजबुती से लडाई लडी जाएंगी सभी किसान प्रकोष्ठ के कार्यकता अपने अपने बुथ पर मेहनत करेंगे तभी हम लोगों सफल होंगे।

राष्ट्रीय जनता दल सभी लोग के लिए अन्याय शोषण के खिलाफ आवाज उठाती है एवं लडाई लड्ने काम काम किया है आज देश में गरीब वर्ग दलित शोषित के हक अधिकार के देश में बडी लडाई लड्ने वाले समाजिक न्याय के योद्धा लालू प्रसाद यादव को यही कारणों से मनुवादी पूंजी वादी विचार धारा के लोग झूठ का जाल रचकर उन्हें प्रताडित कर अपमानित करने का भरपूर कोशिश किया।

लेकिन सच तो सच होता है आज संविधान निमार्ता बाबा साहेब को मनुवादी पूंजीपति आर एस एस विचार धारा नफरत फैला कर कुर्सी हासिल करने वाला देश के सर्वोच्च मंदिर सांसद भवन में कानून के कुर्सी पर बैठ कर 100 करोड़ गरीब वंचित वर्ग के लोगों के न्याय हक अधिकार दिलवाने वाले बाबा साहेब को गृह मंत्री अमित शाह ने अपमानजनक शब्द वोलकर अपमानित किया है। इस मौके पर राजद किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील यादव के अलावा कई राजद नेता शामिल थे।

# धनबाद और नासिक रोड के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु कतरासगढ़-चन्द्रपुरा-बोकारो थर्मल-गोमिया-रांची रोड-बरकाकाना-पतरातू-खलारी-टोरी-लातेहार-बरवाडीह-डाल्टनगंज-गढ़वा रोड-रेणुकुट-चोपन-सिंगरौली के रास्ते धनबाद और नासिक रोड के मध्य एक पूर्णतः वातानुकूलित स्पेशल ट्रेन 03397/03398 का परिचालन किया जाएगा । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 20 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 03397 धनबाद-नासिक रोड स्पेशल दिनांक 20.12.24 से 31.12.24 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को धनबाद से 23.00 बजे खुलकर क्रमशः गुरुवार एवं रविवार को 09.00 बजे नासिक रोड पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03398 नासिक रोड-धनबाद स्पेशल दिनांक 22.12.24 से 02.01.25 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को नासिक रोड से 11.00 बजे खुलकर क्रमशः शुक्रवार एवं सोमवार को 21.00 बजे धनबाद पहुंचेगी ।

यह स्पेशल देश के विभिन्न राज्यों (जैसे झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र) को जोड़ेगी तथा कई मुख्य शहरों (जैसे- धनबाद, बरकाकाना, डाल्टनगंज, सिंगरौली, जबलपुर, नासिक रोड) में रूकेगी ।इससे न केवल लोगों को आवागमन की सुविधा होगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मार्ग से लोग को महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों जैसे त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने में भी सुविधा होगी ।

# सीयूएसबी के समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग में प्रोफेसर योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी के अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग में ह्यसोशल मीडिया और सामाजिक शोध विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया है ।जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि अतिथि वक्ता के रूप में प्रो. योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष, एसके साकेत पीजी कॉलेज, डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या ने सोशल मीडिया के दुष्परिणामों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला है ।व्याख्यान में प्रो. त्रिपाठी ने तीन मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया जो क्रमशः छात्रों द्वारा स्मार्ट फोन के रूप में प्रौद्योगिकी के उपयोग का जुनून, पुस्तकों, लेखों, रिपोर्ट आदि को पढ़ना और उनका उपयोग करना भूल जाना और भारत के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में उत्पन्न ज्ञान को समुदाय, समूह और समाज से जोड़ना है ।उन्होंने कहा है कि इन तीन कारणों के परिणामस्वरूप पारिवारिक संरचना टूट रही है, परिवारों के टूटने और तलाक की संख्या बढ़ रही है और समुदाय, समूह और समाज में उनके सदस्यों का विश्वास टूट रहा है। अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र में विभाग के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें शोध छात्र, एमए समाजशास्त्र, एमएसडब्ल्यू और यूजी-पीजी छात्र शामिल थे।

इससे पहले औपचारिक उद्घाटन के पश्चात विभागाध्यक्ष प्रो. एम विजय कुमार शर्मा ने प्रो त्रिपाठी को पुष्प और शॉल भेंट कर सम्मानित किया है व्याख्यान में छात्रों के साथ विभाग के प्राध्यापकगण प्रो. अनिल कुमार सिंह झा, डॉ. जितेंद्र राम, डॉ. हरेश नारायण पांडेय और डॉ. पारिजात प्रधान मौजूद थे। अंत में प्रो. अनिल कुमार सिंह झा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया है।

# अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं: मनीष पंकज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता



गया जिला भाजपा अल्पसंख्क मोर्चा के अध्यक्ष सहलाल सिद्दीकी उर्फ लालबाबु अधिवक्ता एवं भाजपा किसान मोर्चा सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक समाज को बधाई देते हुए कहा देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मोदी जी के सरकार ने ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के मूल मंत्र को अपनाते हुए अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण की दिशा में कई उल्लेखनीय पहल की हैं ।मोदी सरकार ने शिक्षा रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र मेंअल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रमों के तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है, जैसे स्कूल, अस्पताल, और कौशल विकास केंद्र। इसके अलावा, मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन के माध्यम से अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई, जिससे लाखों छात्रों को उच्चशिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला प्रधानमंत्री ने यह सुनिश्चित किया है कि अल्पसंख्यकों को अपने धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों का पूरा संरक्षण मिले। हज यात्रा में सुधार और उसे अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाना इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मोदी सरकार ने तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय और सम्मान दिलाने का साहसिक कार्य किया है। अल्पसंख्यक समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल इंडिया मिशन और स्टैंड अप इंडिया योजना जैसे कार्यक्रमोंको प्राथमिकता दी गई है ।इन योजनाओं ने अल्पसंख्यक युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए हैं ।प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान हमेशा समावेशी विकास पर रहा है। उनकी नीतियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के हर नागरिक को समान अवसर मिले और कोई भी पीछे न छूटे। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर यह कार्य न केवल उनकी दूरदर्शिता को दशार्ता है, बल्कि उनके नेतृत्व में एक सशक्त और समावेशी भारत की परिकल्पना को साकार करता है। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और मंदिरों को तोड़फोड़ की कड़ी शब्दों में निंदा की। निंदा करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर राणा रणजीत सिंह महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता सहित थे।

### कोडरमा-गोमो-धनबाद-बोकारो के रास्ते गया और रांची के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू

हाजीपुर। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा टेकनीशियन पद हेतु आयोजित की जा रही परीक्षा के मद्देनजर कोडरमा-गोमो-धनबाद-बोकारो स्टील सिटी-मुरी के रास्ते गया और रांची के मध्य एक जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेन 03640/03639 का परिचालन किया जाएगा ।इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 03640 गया-रांची परीक्षा स्पेशल दिनांक 19, 22, 23, 25, 26, 27, 28 एवं 29 दिसंबर, 2024 को गया से 14.45 बजे खुलकर 15.55 बजे कोडरमा, 16.28 बजे हजारीबाग रोड, 16.50 बजे पारसनाथ, 17.30 बजे नेसुब गोमो, 18.30 बजे धनबाद , 19.15 बजे कतरासगढ़।

# एसबीआई की यह पहल देगी बेहतर वित्तीय सुरक्षा

प्रातः किरण संवाददाता




पटना/ नई दिल्ली । आज के समय में जब दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता है, लोग अपनी बचत और निवेश को लेकर बहुत सतर्क हो गए हैं। हम सब चाहते हैं कि हमारी मेहनत का पैसा सुरक्षित रहे और भविष्य में भी हमें कोई चिंता न हो। ऐसे में, गारंटीशुदा आय वाली योजनाएँ एक बेहतरीन विकल्प बनकर सामने आती हैं। एसबीआई लाइफ की ह्यस्मार्ट प्लेटिना सुप्रीमह्न योजना इसका बेहतरीन उदाहरण है। यह योजना न सिर्फ आपको वित्तीय सुरक्षा देती है, बल्कि आपको गारंटीशुदा आय भी देती है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, श्री अमित झिंगरन ने कहा कि यह योजना लोगों को उनके सपनों को पूरा करने के लिए आर्थिक सुरक्षा और आत्मविश्वास देती है। इसके अलावा, इस योजना में अतिरिक्त सुरक्षा के लिए दुर्घटना लाभ राइडर भी उपलब्ध है। यह एक ऐसी योजना है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति की जरूरतों के हिसाब से अनुकूलित हो सकती है। चाहे आपको अपने बच्चों की शिक्षा के लिए पैसा जमा करना हो, या फिर अपनी सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा चाहिए हो, यह योजना हर स्थिति में एक बेहतरीन समाधान बनकर सामने आती है।

यह योजना उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो भविष्य के लिए सुरक्षित बचत करना चाहते हैं और अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का ध्यान रखते हुए मानसिक शांति चाहते हैं। एसबीआई लाइफ का यह कदम उनके ग्राहकों को वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए है।

एसबीआई लाइफ स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें आपको उच्च प्रीमियम भरने पर ज्यादा गारंटीशुदा आय मिलती है। इसके अलावा, इसमें परिपक्वता के समय आपको कुल प्रीमियम का 110% रिटर्न मिलता है, जिससे आपकी जमा राशि भी सुरक्षित रहती है।

इतना ही नहीं, इस योजना में दुर्घटना लाभ राइडर भी उपलब्ध है, जिससे अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है।यह योजना आपकी और आपके परिवार की वित्तीय सुरक्षा के लिए एक मजबूत आधार बनती है। जब आप इस योजना का चयन करते हैं, तो आप सिर्फ अपने जीवन को सुरक्षित नहीं कर रहे होते, बल्कि अपने परिवार की खुशहाल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ा रहे होते हैं।

# मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा का अनावरण

प्रातः किरण संवाददाता

गया।अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय, गया के प्रांगण में स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा का अनावरण एवं उद्यान का उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही साथ आई.क्यू.एस.सी. द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा के संवाहक स्वामी विवेकानन्दः एक विमर्श विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरूवात डॉ. धनन्जय कुमार के नेतृत्व में एन.सी.सी. कैडेट द्वारा गार्ड आफ आनर के साथ बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह एवं महाविद्यालय के संस्थापक सचिव स्व. रमाबल्लभ प्रसाद सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर किया गया है। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया प्रो. शशी प्रताप शाही के कर कमलों द्वारा विशिष्ट अतिथि स्वामी विवेकानन्द गिरि महंत, श्री बड़ी काली जी मंदिर, लखनऊ, सन्यासी बोधगया मठ की गरीमामय उपस्थिति में स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति का अनावरण किया गया तथा उद्यान का उद्घाटन किया गया है। इसके उपरान्त होने वाले संगोष्ठी में दीप प्रज्जवलन के साथ कुलगीत एवं स्वागत गान से सभा की औपचारिक शुरूआत की गई है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं विद्वतजनो का स्वागत किया है। प्रथम वक्ता के रूप मे डॉ. मानिक मोहन शुक्ला विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन एवं संदेश को श्रोताओं के समक्ष रखा है।

# सांसद ने कोयला से आम जनता को हो रही परेशानियों व विस्थापितों की मांग को संसद में उठाया

प्रातः किरण संवाददाता

गया। लोकसभा क्षेत्र के सांसद काली चरण सिंह ने आज लोकसभा में अम्रपाली-मगध कोयला खदानों के संचालन से जुड़ी समस्याओं पर जोरदार तरीके से अपनी मांग रखी है। उन्होंने खदानों के संचालन से उत्पन्न सड़क सुरक्षा, प्रदूषण, विस्थापन और स्थानीय लोगों के रोजगार से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। सिंह ने इन समस्याओं को न केवल क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की मांग की है ।सड़क सुरक्षा और प्रदूषण सांसद ने सार्वजनिक सड़कों पर कोयला परिवहन के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं और प्रदूषण के गंभीर परिणामों को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के लगातार आवागमन से न केवल सड़कों की हालत खराब हो रही है। बल्कि धूल और प्रदूषण से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है ।कोयला परिवहन के लिए अलग से समर्पित कोरीडोर या रेलवे लाइन का निर्माण ।प्रदूषण नियंत्रण के लिए सड़कों पर नियमित जल छिड़काव और वाहनों की प्रदूषण जांच ।सड़क सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन और सड़क मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देना है।

खनन गतिविधियों के कारण विस्थापित होने वाले परिवारों की दयनीय स्थिति पर श्री सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि पुनर्वास योजनाओं का क्रियान्वयन अक्सर अधूरा रह जाता है, जिससे विस्थापित परिवारों को रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ता है ।विस्थापितों के लिए प्रभावी पुनर्वास नीति तैयार करना, जिसमें रोजगार और आजीविका के स्थायी विकल्प शामिल हों ।विस्थापित परिवारों को मुआवजे की पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था ।स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं में सुधार और प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का विकास।,स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय विकास ।सांसद काली चरण सिंह ने जोर देकर कहा कि खनन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों की नियुक्ति के बजाय क्षेत्रीय युवाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

इसके अलावा, खनन से होने वाले राजस्व का उपयोग क्षेत्रीय विकास में होना चाहिए। स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करना है ।खनन कंपनियों के लिए क्षेत्रीय युवाओं को 85% रोजगार देने की नीति लागू करना है ।खनन परियोजनाओं से होने वाले लाभ का हिस्सा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च करना है।

# लोक भाषा भोजपुरी को वैश्विक स्वरूप प्रदान करने में भिखारी ठाकुर का योगदान

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार भोजपुरी भाषा के शेक्सपियर जन-जन के चितेरे बिहारी अस्मिता के शान भिखारी ठाकुर की 137वीं जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भिखारी ठाकुर को नमन किया गया एवं उनके समग्र साहित्यिक कृतियों पर लोक भाषा भोजपुरी को वैश्विक स्वरूप प्रदान करने में भिखारी ठाकुर का योगदान विषयक गोष्ठी की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी संरक्षक मंडल सदस्य डॉ रामाधार सिंह, शब्दाक्षर के जिला अध्यक्ष नागेंद्र केसरी की गरिमामई उपस्थिति रही। संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संबोधन के क्रम में कहा कि भोजपुरी एक लोक भाषा थी लेकिन भिखारी ठाकुर के साहित्यिक अवदान ने भोजपुरी को पूरे राष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित करने के साथ-साथ विदेश में भी विशेष स्थान दिलाने का कार्य किया था। मॉरीशस सूरीनाम फिनलैंड जैसे देश में भी आज भोजपुरी भाषा बोली जाती है तो उसके केंद्र बिंदु में भिखारी ठाकुर का योगदान अप्रतिम रहा है। विदेशिया इनकी सर्वोत्कृष्ट कृति है जिसके माध्यम से उन्होंने समाज के उस तबके को उजागर किया है जहां कोई पहुंचता नहीं।भाई विरोध,बेटी बेचवा,कलयुग प्रेम,गंगा स्नान,विधवा विलाप,पुत्र वध,गबर घिचोर सहित दर्जनों रचनाएं हैं जिन्होंने समाज के उस तबके का प्रतिचित्रण है जो सदियों से दबे कुचले थे उनकी आवाज को उठाने वाला कोई नहीं था ऐसे ही आवाज उठाकर भिखारी ठाकुर ने उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया था।उनके कारण भोजपुरी भाषा का बहुत विकास हुआ।गोष्ठी में विजय कुमार सिंह,सुनील मेहता,राणा सुनील सहित अन्य उपस्थित थे।

# आत्मसमर्पण कर अभियुक्त न्यायालय से फरार



औरंगाबाद ।व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में उत्पाद कोर्ट द्वितीय नीतीश कुमार के कोर्ट में एक अभियुक्त आत्मसमर्पण कर फरार हो गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि माली थाना कांड संख्या - 48/17 में गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद अभियुक्त विजय राम पिता रामधनी राम नवाडीह माली आज व्यवहार न्यायालय में अपने अधिवक्ता के साथ आत्मसमर्पण किया और मौका मिलते ही न्यायालय कर्मियों को चकमा देकर दोपहर में भाग गया, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला अभियुक्त के अधिवक्ता ने भी खोजबीन किया मगर वह न्यायालय से फरार हो गया था। अधिवक्ता ने बताया कि अभियुक्त को 2017 में 06 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया था अधिवक्ता ने कहा कि 2019 से अभियुक्त गैरहाजिर रहा जिस कारण उससे कहा गया कि दो दिन जेल में रहने के पश्चात 21 दिसम्बर 2024 को आरोप गठन कर बंधपत्र पर छोड़ा जाएगा किंतु अभियुक्त न्यायालय कर्मियों को चकमा देकर भाग गया।

# अदरी बचाओ आंदोलन के चौथे दिन की यात्रा हुई प्रारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। अदरी बचाओ आंदोलन का चौथे दिन की यात्रा खखड़ा ग्राम से प्रारंभ होते हुए कूड़ा, रावल बीघा, कमा बीघा,रघुनाथ बीघा, होते हुए पहुंची शहर के यमुनानगर में समापन हुई। ग्राम वासियों ने इस आंदोलन यात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बताया है, ग्राम वासियों ने कहा कि यह यात्रा हम सब की कई पीढियो को सुरक्षित रखने वाली यात्रा है, वही इस यात्रा में औरंगाबाद शहर के स्थानीय विधायक आनंद शंकर शामिल होते हुए इस यात्रा का समर्थन करते हुए कहा कि सामाजिक दृष्टि कौन से बहुत ही बहुमूल्य है इस आंदोलन के समर्थन में विधानसभा में आवाज उठाऊंगा और सरकार को ध्यान आकर्षित करवाने का काम करूंगा, मानव जीवन के लिए जल ही जीवन है, इस आंदोलन से हम बहुत प्रभावित है, हर संभव इस आंदोलन के समर्थन मैं खड़ा रहूंगा जब तक अदरी नदी का पानी निर्मल धारा के रूप में प्रवाहित ना हो। पानी संकट के विकराल रूप को देखते हुए यह आंदोलन हम सबको जगाने वाली है। ऐसे अच्छे कार्य के लिए सभी आंदोलनकारी को मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। आंदोलन के संयोजक जैक अनिल सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास तब तक जारी रहेगा जब तक अदरी नदी की पानी अविरल रूप में प्रवाहित ना हो जाए, इस आंदोलन के प्रति जिस तरह ग्राम वासियों का समर्थन मिल रहा है निश्चित रूप में आंदोलन हम सबके लिए सार्थक साबित होगा, इस आंदोलन में ग्राम वासियों का प्रेम पाकर हम सभी भावुक हो जा रहे हैं जल के लिए गर्मी के वक्त हम लोग एक बूंद के लिए दर-दर भटकते हैं जल है तो हमारा जीवन सुरक्षित है यह आंदोलन मानव फरिश्ता के रूप में आंदोलन है, ग्राम वासियों का यह प्रेम और समर्थन इस आंदोलन के प्रति हम सभी को हम सभी को संकल्पित कराता है। हम सभी ने संकल्प लिया है जब तक अदरी को अविरल रूप ना उतार दे तब तक यह संघर्ष हम सब का जारी रहेगा। भाजपा पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह ने कहा अपनी नदियों को बचाने के लिए अब हम सबको एक होने की जरूरत है यदि नदिया बचेगी तभी हमारा भविष्य बचेगा। पानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है इसलिए इस आंदोलन में हम सबको एक होने की जरूरत है। समाजसेवी आदित्य श्रीवास्तव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह अपनी हक की लड़ाई की आंदोलन है इसलिए हम सबको एक होने की जरूरत है, भ्रष्टाचारी लुटेरे लोगों से नदियों को दोहन होने से बचाना है, यदि इसी तरह नदिया का दोहन होता रहा तो हमारा भविष्य एक दिन अंधकार में चला जाएगा, नदियों एवं पर्यावरण को संरक्षित रखने की जिम्मेवारी हर इंसान को है, यदि यह संरक्षित है तभी हमारा जीवन सुरक्षित है। चर्चित साहित्यकार कालिका सिंह ने अपने काव्य पाठ से ग्राम वासियों को नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

इस मौके पर समाजसेवी अनिल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य कालिका सिंह, समाजसेवी आदित्य श्रीवास्तव ,मुखिया बिजेंद्र यादव,समाजसेवी सुजीत सिंह, पूर्व मुखिया विक्रांत सिंह,चंदन सिंह, शशि सिंह, कैलाश पासवान, शत्रुघ्न सिंह मुन्ना,अरविंद सिंह,मदेशर सिंह, बी के पाठक, प्रिंस सिंह, गुड्डू सिंह, विकाश बारूद, अंकित कुमार, दीपक सिंह,अन्य कई लोग मौजूद थे।

# महान तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन पर दानिका द्वारा शोकसभा

औरंगाबाद। जिला मुख्य औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के द्वारा भारत के महान तबला वादक जाकिर हुसैन के असामयिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद कुमार के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखा एवं कहा कि तबला वादक जाकिर हुसैन विश्व स्तरीय संगीत साधक थे जिन्होंने अपने संगीत साधना के बल पर पूरे भारतवर्ष की पहचान पूरे विश्व में फैलाई थी।तबला वादक के साथ-साथ जाकिर हुसैन तालवाहक, संगीत निमार्ता, और फिल्म अभिनेता भी थे उन्हें शास्त्रीय भारतीय संगीत को आगे बढ़ाने के लिए जाना जाता था उनके निधन से संगीत के क्षेत्र को अपूरू क्षति हुई है। शोकसभा के मौके पर केंद्राधीक्षक शशि देवी,शिवांगी सिंह, अंजली सिंह, नंदनी कुमारी, कुंदन कोंबो राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिहार सरस मेला में देश ही नहीं विदेशी सैलानी भी उठा रहें है मेले का लुत्फ

प्रातः किरण संवाददात



पटना। आयोजित सरस मेला ने आधुनिक समाज में भी अपनी अलग पहचान बनाए हुए है ' मेला में बिके उत्पादों का बढ़ता हुआ क्रेज इस बात का प्रमाण भी हैं कि आगंतुक पुनः अपनी लोक संस्कृति, परंपरा और लोक कला से रूबरू हो रहे हैं ' आगंतुक अपने घरों को सवारने के लिए ग्रामीण शिल्प और उत्पाद को ही तरजीह दे रहे हैं ' वर्तमान समय में बिहार सरस मेला राष्ट्रीय स्तर पर परिलक्षित है । बिहार सरस मेला में प्रदर्शित शिल्प ,लोक कलायें, उत्पाद एवं व्यंजन आम से लेकर खास , देशी से लेकर विदेशियों को लुभा रहे हैं ' यहाँ तक कि स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच सरस मेला का क्रेज देखते ही बन रहा है ' प्रतिदिन खास एवं प्रतिष्ठित हर उम्र लोग मेला में आ रहे हैं और अपनी सैकड़ों वर्ष पुरानी संस्कृति, परंपरा , हस्तशिल्प एवं देशी व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं । विदेशी सैलानी भी भारत देश की लोक कला एवं हस्तशिल्प का अवलोकन करते हुए उनके उनके जुबां से स्वतः ही लविंग दिस के भाव उद्बोधित हो जा रहे हैं ' पोलैंड से आई पोला और उनका परिवार पटना में एक शादी समारोह में आया हुआ है। पटना में सरस मेला के आयोजन की जानकारी उन्हें मिली ' सपरिवार वो बुधवार को मेला में आई और मेला में प्रदर्शित शिल्प को देखकर उन्होंने इसे अद्भुत कहा ' पश्बिम बंगाल से आई 75 वर्षीय दंपत्ति रमेश वर्मन एवं उनकी पत्नी से सरस मरिसर में बैठकर बड़े चाव से मक्के की रोटी और चने की साग को खाया ' उनके लिए सरस मेला में आनेक यादगार पल बन गया है '

बिहार सरस मेला जीविका द्वारा 12 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024 तक आयोजित है । सरस मेला में बिहार, हरियाणा , महाराष्ट्र, पंजाब, केरला,तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड , पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आसाम , ओड़िसा,पांडीचेरी, गुजरात,छत्तीसगढ़ एवं जम्मू-कश्मीर से स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमी और स्वरोजगारी अपने-अपने प्रदेश के शिल्प, लोक कला,परिधान,सजावट के सामान और देशी व्यंजन आदि को लेकर उपस्थित हैं ।500 सेअधिक स्टॉल एरिया में हस्तशिल्प और देशी व्यंजनी का बाजार सजा हुआ है।

छह दिनों में खरीद -बिक्री का आंकड़ा 6 करोड़ पार कर गया है ' 12 से 17 दिसंबर तक 6 करोड़ 20 लाख 51 हजार रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई है ' छठे दिन मंगलवार लगभग 1 करोड़ 20 लाख 47 हजार रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई है ' सरस मेला के सातवें दिन 18 दिसंबर को अनुमानतः 96 हजार से अधिक लोग आए।

जीविका दीदियों द्वारा संचालित 4 ग्राहक सेवा केंद्र से रुपए की जमा - निकासी हो रही है ' 6 दिनों में लगभग ढाई लाख रुपये जमा एवं लगभग 1 लाख रुपये की निकासी हुई है। जीरो वेस्ट इवेंट सरस मेला में उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद- बिक्री के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार और जन जागरूकता अभियान विभिन्न संस्थानों एवं विभागों तथा बैंको द्वारा चलाये जा रहे है '

सेमिनार हॉल में आर. से.टी.ई के तत्वाधान में स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार हेतु उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर उन्मुख किया गया ' रैंग्वे राघव, सहायक निदेशक, एन.आई.आर. डी , श्रीमती रूचि सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक, जीविका , रंजना रश्मि,प्रोजेक्ट प्रबंधक, आर.से.टी. ई एवं श्री राहुल कुमार , प्रोजेक्ट प्रबंधक ने स्वरोजगार में सफलता का गुर बताया ।

# मधेपुरा पहुंचे कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, सिनेट बैठक में लिया भाग

■ कार्यक्रम के दौरान मिडिया विश्वविद्यालय प्रशासन ने लगाई रोक

प्रातः किरण संवाददात



मधेपुरा । मधेपुरा के बीएन मंडल विश्वविद्यालय में सीनेट की वार्षिक बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर स्थित ऑडिटोरियम में हुआ। बीएनएमयू में दूसरी बार कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर सीनेट बैठक की अध्यक्षता की। इससे पहले राज्यपाल ने 19 मार्च 2024 को बैठक की अध्यक्षता की थी। बीएनएमयू कुलसचिव डॉ. बिपिन कुमार राय ने बताया कि बीएनएमयू में सीनेट की वार्षिक बैठक को लेकर सभी तैयारी पूरी की गई थी। सीनेट की बैठक को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया। चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई।

बिना गेट पास के किसी को भी अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा रही थी। वहीं मीडिया के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई थी। विवि के नॉर्थ कैंपस में हेलीपेड का निर्माण कराया गया। वहां से सड़क मार्ग से राज्यपाल विवि के प्रशासनिक परिसर पहुंचेंगे। डीएम तरनजोत सिंह और एसपी संदीप सिंह हेलीपेड के पास पहले से मौजूद थे। कुलसचिव प्रो. बिपिन कुमार राय ने बताया कि 10.40 बजे राज्यपाल हेलीपेड पर पहुंचें। वहीं सीनेट सदस्य सह सिंहेश्वर विधायक चंद्रहास चौपाल ने बैठक में मीडिया के प्रवेश पर रोक लगे रहने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पहले कभी भी सीनेट की बैठक में मीडिया के प्रवेश पर रोक नहीं लगाई गई थी। इस मुद्दे को सीनेट की बैठक में रखा जाएगा।

## जीविका ने किया एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) ।पुरैनी प्रखंड में ग्राम पंचायत औराय के आदर्श मध्य विद्यालय के ऐतिहासिक मैदान में बुधवार को जीविका केडोरों के द्वारा एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जीविका बीपीएम संजीत कुमार, डॉक्टर सुमित कुमार सुमन एवं डॉ रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के माध्यम से पशुओं का निशुल्क इलाज किया गया वहीं पशुपालकों के कहने पर घर तक पहुंच कर पशुओं का निशुल्क इलाज कर कई आवश्यक सलाह दी गई। पुरैनी के भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार ने पशुओं को हो रहे रोगों से दूर रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पशुपालकों को मार्गदर्शन करते हुए दूध उत्पादन पर बल दिया। पशुओं को ठंड से बचने के लिए मोटा कपड़ा जुट का बोरा पहनाने की सलाह दी। प्रत्येक दिन पशु को आहार में 50 से 60 ग्राम मिनरल्स देने की सलाह दी। वहीं डॉक्टर सुमित कुमार सुमन ने पशुपालकों को जानकारी दिया कि ठंड के समय में ताजा पानी, हरा चारा, खल्ली, सुधा दाना संतुलित मात्रा में दें। हो सके तो इस कड़ाके की ठंड में गुड का भी उपयोग करें साथ ही उन्होंने बताया पशुओं को कोई भी बीमारी हो बिना डॉक्टर सलाह के दवा का उपयोग ना करें। शिविर आयोजन के दौरान मौके पर डॉ. सुमित कुमार सुमन, डॉ. रंजीत कुमार, परवीन मिश्रा, मनोज भारती, प्रीति कुमारी, आयुष कुमार,पंकज कुमार, नितेश कुमार ,गौतम कुमार, दिलखुश कुमार , पशुपालक बहादुर शर्मा, बुचों शर्मा, मिथिलेश कुमार, रेणु देवी, ममता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला खनिज फाउण्डेशन की बैठक में की गई स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा ।समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन, भोजपुर की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन, भोजपुर की बैठक की गई। बैठक में सिविल सर्जन, भोजपुर, जिला लेखा पदाधिकारी, भोजपुर, जिला कल्याण पदाधिकारी, भोजपुर, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भोजपुर के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई०सी०डी०एस०, भोजपुर, जिला समन्वयक, जीविका, भोजपुर, सहायक निदेशक, जिला खनन कार्यालय, भोजपुर, प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा, भोजपुर, एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, (उत्र्र ल्ीं'इँ), भोजपुर उपस्थित हुए। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को निम्नांकित निदेश दिए गए:-समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष, भोजपुर द्वारा पूर्व की बैठक में स्वीकृत योजनाओं के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल-1, आरा से स्वीकृत योजनाओं की प्रगति के बारे में पृच्छा की गयी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल-1, आरा द्वारा बताया गया कि माह दिसम्बर-2024 के अन्त तक स्वीकृत योजनाओं का कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा।समीक्षा के क्रम में शाहपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय, बिलौटी, कोईलवर प्रखण्ड अन्तर्गत माचा स्वामी उच्च विद्यालय, राजापुर, जगदीशपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय हरिगाँव, संदेश प्रखण्ड अन्तर्गत, मध्य विद्यालय, संदेश एवं संदेश प्रखण्ड अन्तर्गत, सुहासत सहदेव +2 उ० वि०, संदेश को प्राथमिकता के आधार पर मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगतन, कार्य प्रमण्डल-1, आरा को माह जनवरी-2025 के प्रथम सप्ताह तक कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की प्रगति के बारे में सिविल सर्जन, भोजपुर, से पृच्छा की गयी। सिविल सर्जन, भोजपुर को स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल-1, आरा से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र तकनीकी अनुमोदन के साथ प्राक्कलन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।जिला कल्याण पदाधिकारी, भोजपुर को सामाजिक कल्याण से संबंधित योजनाओं हेतु सामग्रियों का क्रय जिला स्तरीय क्रय समिति के माध्यम से कराने हेतु निदेश दिया गया।जिला समन्वयक, जीविका, भोजपुर को पूर्व की बैठक में स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु यथाशीघ्र तकनीकी अनुमोदन के साथ प्राक्कलन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

## शिक्षक को हटाने की मांग को लेकर पठन पाठन का किया बहिष्कार

चौसा (मधेपुरा) ।चौसा प्रखंड अंतर्गत रसलपुर धुरिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय श्याम टोला में पुनः पदस्थापित शिक्षक को हटाने की मांग को लेकर अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजने से रोक लगा दिया है जिस कारण गुरुवार को एक भी बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे ।ग्रामीणों का कहना है कि जब स्कूल आए बच्चों के साथ शराब के नशे में अश्लील हड़कत करेंगे तो ऐसे में बच्चों पर इसका बुरा असर होगा जबकि यह शिक्षक इसी मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ चुके है और निलंबित किया जा चुका था तो पुनः इसी विद्यालय में शिक्षक प्रकाश राम को इसी विद्यालय में पुनः पदस्थापित नहीं किया जाना था। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि जबतक शिक्षक प्रकाश राम को इस विद्यालय से नहीं हटाया जाता है तो बच्चों को स्कूल नहीं भेजा जाएगा।

वही इस बाबत प्राथमिक विद्यालय श्याम टोला के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार पोद्दार ने बीडीओ चौसा और बीईओ चौसा कार्य के बहिष्कार संबंधित आवेदन दिया है।

## गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर भड़के राजद कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला



मधेपुरा। देश के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान से भड़के राजद कार्यकताओं ने मधेपुरा के कॉलेज चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंक कर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकताओं ने खूब नारेबाजी करते हुए देश के गृह मंत्री अमित शाह से स्थिति की मांग की है। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सदर विधायक प्रोफेसर चंद्रशेखर ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता देश के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं भगवान में सबको आस्था है लेकिन हमारे अधिकारों और हक हुकुम के लिए अंबेडकर ही हमारे भगवान है और उनका अपमान हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से देश की जनता से माफी मांगने और केंद्र सरकार से अमित शाह को कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग उठाई है ।

## फुलौत पूर्वी में कचरा उठाव कार्य का किया गया शुभारंभ

चौसा (मधेपुरा) ।चौसा प्रखंड अंतर्गत फुलौत पूर्वी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर कचरा उठाव का विधिवत शुभारंभ बुधवार को किया गया। पंचायत के मुखिया बबलू ऋषिदेव, जिला परिषद अनिकेत कुमार मेहता, प्रखंड समन्वयक सीताराम ठाकुर के द्वारा विधिवत फिता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए स्वच्छता कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर मुखिया बबलू ऋषिदेव ने कहा कि गांव में भी स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का यह कदम काफी सार्थक है.उन्होंने बताया कि पंचायत के सभी 11 वार्डों में घर-घर कचरा उठाने का कार्य स्वच्छता कर्मियों द्वारा किया जाएगा। सभी नियुक्त सफाई कर्मियों को सफाई के कार्य में आने वाले झाड़ू कचरा वाहन दस्ताना जूता इत्यादि भी उपलब्ध करा दिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी इस स्वच्छता अभियान में कदम से कदम मिलाकर साथ देने का वादा किया। जिला परिषद अनिकेत कुमार मेहता ने बताया कि इस अभियान से हर गांव हर घर से कचरा उठाने के लिए सफाई कर्मी का दायित्व है। इसे बिना किसी निष्ठा भेदभाव से कार्य को सुचारू रूप से करें जिससे कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सफल हो सके, वही प्रखंड समन्वयक सीताराम ठाकुर ने बताया कि योजनाओं को सफल संचालन हेतु स्वच्छता पर्यवेक्षक की देखरेख में कार्य को हर वार्ड के सफाई कर्मी की निगरानी हेतु रखा गया है एवं हर गली हर मोहल्ले को साफ सफाई एवं हर घर से कचरा उठा के लिए दायित्व दी गई है। इसे सही तरीके से निर्वहन करें। मौके पर फुलौत थानाध्यक्ष शिशुपाल रविदास, स्वच्छता पर्यवेक्षक मो.अली अहमद, सुमन कुमार मेहता, यासीर हामीद, संजय कुमार, पूर्व मुखिया रामदेव मेहता, सरपंच शुभाष यादव, पंचाय समिति सुभाष यादव, वार्ड सदस्य राजा कुमार, फुलो महतो, कमलकिशोर साह, राजेंद्र महतो, शंकर साह, गोपाल साह, उदय पंडित, फुल खां, फुदन देवी, मालिक यादव, शिश कुमार मंडल सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## नए डीजीपी विनय कुमार कमान संभालते ही शराब बंदी को लेकर आए एक्शन मोड में

बगहा। बिहार में नए डीजीपी विनय कुमार को कमान मिलते हीं पुलिस एक्शन मॉड में है। लिहाजा बिहार में पूर्ण शराबबंदी को लेकर बगहा पुलिस अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चला रही है ।

दरअसल नए साल के आगमन में महज कुछ दिन और बाकी हैं लिहाजा न्यू ईयर जश्न में शराब को खपाने की योजना पर पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई में जुटी है। इसी कड़ी में नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस नें बड़ी कार्रवाई करते हुए देशी शराब निर्माण की भट्ठियां ध्वस्त किया है. इस दौरान पुलिस टीम नें करीब 400 लीटर से अधिक कच्चा शराब विनष्ट किया है। महिला पुलिस बल के साथ जवानों नें वाल्मीकि टाइगर रिजर्ब से सटे गोबरहिया गाँव में मीनी देशी शराब निर्माण का खुलासा करते हुए सघन अभियान चलाकर देशी शराब को नष्ट किया है जिसके बाद शराब कारोबारियों और तस्करों में हड़कंप मचा है। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान कारोबारी भाग खड़े हुए हैं बावजूद इसके पुलिस टीम प्रतिबंधित शराब निर्माण में जुटे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# नेता प्रतिपक्ष का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम 22 दिसंबर को भागलपुर में होगा: अरुण

प्रातः किरण संवाददाता



भागलपुर।राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी का ह्यकार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम ह्य भागलपुर के टाउन हॉल में 22 दिसंबर को होगा। तेजस्वी यादव जी भागलपुर जिला के सुल्तानगंज, नाथनगर, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, बिहपुर और गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं से संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव जी ने बिहार की आधी आबादी महिलाओं के शसक्तीकरण और खुशहाली के उद्देश्य से सरकार बनने पर माई बहिन मान योजना लागू करेंगे और महिलाओं को प्रत्येक माह 2500 रुपया देने का प्रण लिया है। प्रत्येक परिवार को 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत विधवा, दिव्यांग व्यक्तियों को मिलने वाला 4 सौ की राशि बढ़ाकर 15 सौ करेंगे। वृद्धा पेंशन योजना की राशि 4 सौ से बढ़ाकर 15 सौ करेंगे। तेजस्वी यादव जी जो कहते हैं वो करते हैं, उन्होंने महागठबंधन सरकार में 17 माह के सेवाकाल में अपने प्रण अनुरूप कार्य करके दिखा दिया है। इसलिए तेजस्वी यादव जी जनता की आशा और उम्मीद बन चुके है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव जी के कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम को लेकर राजद कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि तेजस्वी यादव जी के कुशल नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बननी तय है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार हर मोर्चों पर विफल साबित हुई है। राज्य की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आपराधिक घटनाओं से त्रस्त है। नीतीश सरकार से राज्य की जनता का मोह भंग हो चुकी है। संवाददाता सम्मेलन में कोशी स्नातक के पूर्व प्रत्याशी नितेश कुमार यादव, पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ तिरुपति नाथ यादव, जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, जिला प्रवक्ता प्रो.सलाउद्दीन अहसन, युवा राजद के जिलाध्यक्ष बसारुल हक, सीमा जयसवाल, कृष्ण बिहारी गर्ग, नट बिहारी मंडल, अमित आर्यन कुमार, राम कुमार, मो.उमर ताज, गौतम बनर्जी सहित दर्जनों राजद के नेता मौजूद थे।

## बगहा अनुमंडलीय अस्पताल का राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा किया गया मूल्यांकन

बगहा। बगहा अनुमंडलीय अस्पताल मिशन कायाकल्प के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल का किया गया मूल्यांकन।

मूल्यांकन के आधार पर अस्पताल को राज्य स्तर पर मिलेगा रैंकिंग और बढ़ेगी सुविधा।बतादें, मिशन कायाकल्प 2024-25 के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति की चार सदस्यीय टीम द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण के साथ साथ मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के क्रम में अस्पताल के सभी वार्ड, वार्ड की स्थिति, वार्ड में बेड की स्थिति, बेड पर चादर, साफ सफाई, पानी एवं बिजली की व्यवस्था के साथ दवा, मरीजों को मिलने वाली सुविधा, अस्पताल स्थित औषधि वाटिका,अस्पताल परिसर में लगाए गये पौधे,रजिस्ट्रेशन काउंटर पर इलाज कैसे होता है, पैसा लिया जाता है या नहीं, पुराने भवन के पीछे का परिसर, माइनर ओटी, शौचालय की साफ सफाई, मरीजो से बातचीत तथा फायर के बारे में कर्मियों से बचाव की जानकारी पर महिला जीएनएम द्वारा मांगी तो महिला जीएनएम असफल रही। इसके अलावे टीम द्वारा नर्स स्टेशन पर दवा वितरण की जानकारी, निश्चय के दौरान पुरुषों के बारे में कार्यरत जीएनएम शालिनी कुमारी आदि से प्रसव परसों के उपरांत, जच्चा बच्चा आदि के देखरेख के बारे में पूरी जानकारी लिया गया। इसके साथ ही मारी के बारे में भी कार्य चिकित्सा और जी एएम, प्रबंधक शादी से जानकारी प्राप्त किया। इसके साथ साथ अस्पताल वार्ड में दैनिक कार्य का लेखा जोखा भी मैनेजर से ली गई। टीम के मुख्य सदस्य डॉ. नामित ने बताया की अस्पताल का मिशन कायाकल्प से संबंधित एक - एक बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में व्यवस्था संतोषजनक है। रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य समिति को सौपी जाएगी।

## श्रवण यन्त्र, स्मार्ट स्कैन स्टिक एवं कंबल का किया गया वितरण

बेतिया(घनश्याम)। रामनगर प्रखण्ड के तौलाहा गाँव में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत दो श्रवण यन्त्र एवं एक स्मार्ट स्कैन स्टिक का वितरण किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक ब्रजभूषण कुमार ने बताया कि स्थानीय समाजसेवी श्री आदर्श पाण्डेय के अनुरोध एवं विभागीय निदेश के अलोक में उनके द्वारा तौलाहा गाँव का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पिंटू कुमार, जो दोनों आँखों से दिव्यांग है, उन्हें स्मार्ट स्कैन स्टिक दिया गया। यह स्टिक दिव्यांगजनों को असामान्य सतह आने पर कम्पन के साथ उन्हें सतर्क करता है। आर्यन कुमार एवं रिधी कुमारी को श्रवण यन्त्र दिया गया। ये दोनों बच्चे वाक एव मूक बधिर दिव्यान्गता से ग्रसित है।सहायक निदेशक ने अपने हाथों से जैसे ही उन बच्चों को श्रवण यन्त्र लगाया तो बच्चों में आश्चर्यजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली। ये बच्चे पहली बार आवाज को महसूस किये और इससे उनका आंख चमक उठा। सहायक निदेशक ने सहायक उपकरणों के साथ-साथ वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत 12 जरुरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस भ्रमण में जिला बाल संरक्षण इकाई के बाल संरक्षण पदाधिकारी तथा सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के कर्मी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगो का सहयोग भी काफी प्रसंशनीय रहा।

## कचरा प्रबंधन को लेकर हुई बैठक

कल्याणपुर ।आरडीए के डायरेक्टर ने प्रखंड में चल रही विकाश योजनाओं का निरीक्षण किया। डीआरडीए डायरेक्टर आशुतोष कुमार के द्वारा बुधवार को कल्याणपुर प्रखंड के पंचायत समिति भवन में बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की गई ।जिसमें ठोस एवं गिला कचरा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें पंचायत सचिव एवं पर्यवेक्षक से कार्य योजना की जानकारी ली गई ।जिसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक में सभी आवास सहायक पर्यवेक्षक कार्यपालक सहायक से क्षेत्र में जारी कार्य के प्रगति के बारे में जानकारी ली गई। मौके पर पीओ मनरेगा से जल जीवन हरियाली एवं मनरेगा एवं जल शक्ति अभियान कार्यक्रम की जानकारी ली। समीक्षा में साथ जल संरक्षण अभियान का शपथ सभी को दिलाया गया। जिसमें वार्ड एक वासुदेवपुर में चल रहे का कार्य स्वच्छता निर्माण का भ्रमण कर कार्य योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## मारपीट की घटना में दो लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के सिमरिया भिंडी गांव में भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट में एक महिला सहित दो लोग जख्मी हो गया। जिसे ईलाज के लिए सीएचसी में लाया गया। जख्मी की पहचान सिमरिया भिंडी गांव के 35 वर्षीय गिरधारी सहनी व पत्नी 30 वर्षीय विनीता देवी शामिल है। इस संबंध में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कुमुद रंजन ने बताया की दोनों घायल महिला का ईलाज सीएचसी में जारी है।

## अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस का अभियान तेज, जगह जगह छापेमारी जारी



बगहा। नौरंगिया पुलिस ने थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में जगह जगह छापेमारी कर देशी शराब निर्माण की भट्ठियां की गईं ध्वस्त।पुलिस टीम नें किया करीब 400 लीटर कच्चा शराब विनष्ट,इस छापेमारी में महिला पुलिस बल के साथ जवानों नें की कार्रवाई।बतादें की नए साल के जश्न में नष्ट किए गए शराब को खपाने की थीं योजना ।वाल्मीकि टाइगर रिजर्ब से सटे गोबरहिया गाँव में मीनी देशी शराब निर्माण का खुलासा नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार ने किया है। उन्होंने आगे बताया कि इस धंधे लगे असमाजिक तत्वों की पहचान कर गिरफ़्तारी कोशिश की जा रही है।

# नवगछिया व वैशाली को मिला राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन का खिताब

प्रातः किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा)। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में एवं मधेपुरा जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा कामेश्वर मध्य विद्यालय परमानंदपुर,मधेपुरा में खेली जा रही शहीद कैप्टन आशुतोष मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरूष वर्ग के फाइनल मुकाबले में नवगछिया ने एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी को 35-30,35-32 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। जबकि महिला वर्ग के फाइनल में गत वर्ष की विजेता वैशाली ने बेगूसराय को 35-33,35-30 से हराकर नौवीं बार विजेता का खिताब पर कब्जा जमाया। पुरूष वर्ग के फाइनल में नवगछिया की ओर से कप्तान व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार, अंकित शर्मा, गुलशन कुमार, सन्नी कुमार ने व एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से शशिकांत, निशांत सिंह, संटू महाराज ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में वैशाली की ओर से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिया सिंह,वंदना कुमारी, कविता कुमारी, निधि कुमारी ने व बेगूसराय की ओर से युक्ता रानी, पूनम कुमारी, कशिश कुमारी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप के पुरूष वर्ग में पटना व बेगूसराय को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान एवं महिला वर्ग में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान नवगछिया व एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी को प्राप्त हुआ। पुरूष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार नवगछिया के राहुल कुमार (सेंटर), अंकित शर्मा (फ्रंट), मधेपुरा के दीपक प्रकाश रंजन (बैक) व महिला वर्ग में वैशाली की प्रिया सिंह (सेंटर), वंदना कुमारी (बैक), युक्ता रानी (फ्रंट) को दिया गया। इससे पूर्व खेले गये पुरूष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी ने बेगूसराय को 22-35,35-24, 35-18 से, दूसरे सेमीफाइनल में नवगछिया ने पटना को 35-32, 35-31 से एवं महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में वैशाली ने नवगछिया को 35-23, 35-24 से व दूसरे सेमीफाइनल में बेगूसराय ने एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी को 35-26, 35-28 से पराजित किया। इस अवसर पर बिहार व नेपाल टीम के बीच दोस्ताना ( मैत्री ) मैच खेला गया। जिसमें पुरूष वर्ग के मैच में बिहार ने नेपाल को 35-19, 35-15 से व महिला वर्ग के मैच में बिहार ने नेपाल को 35-16, 35-14 से पराजित किया। मैच से पूर्व भारत व नेपाल राष्ट्र का राष्ट्र-गान गाया गया। फाइनल मैच के उपरांत खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया, जिला पार्षद प्रतिनिधि व आयोजन सचिव डॉ विनीत कुमार आर्यन, आयोजन अध्यक्ष व श्री कृष्णा टीवीएस शोरूम के मालिक नरेंद्र चंद्र नवीन ने किया। उन्होंने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों हम प्रोत्साहित करते रहे हैं आगे भी करते रहेंगे। बॉल बैडमिंटन खिलाडियों को सभी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। विशिष्ट अतिथि बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार यादव, नेपाल टीम की मैनेजर सीता यादव, बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर, बीएन मंडल विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ.अबुल फजल, प्रो.पवन कुमार थे। समारोह की अध्यक्षता मर्चेंट नेवी अधिकारी-सह-आयोजन अध्यक्ष नरेंद्र चन्द्र नवीन ने किया। अतिथियों का स्वागत सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक प्रकाश रंजन ने एवं राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव राकेश रंजन ने किया। मंच संचालन बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के स्पोर्ट्स संयुक्त सचिव डॉ. जैनेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर तकनीकी चेयरमैन दीपक सिंह कश्यप, मुख्य निर्णायक अमर कुमार आहूजा, विकास कुमार, संतोष शर्मा, सतीश कुमार, रामबाबू सिंह सहित अनेक खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## इग्नू सत्रांत परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न, जांच को पहुंचे इग्नू रीजनल सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर

मुरलीगंज (मधेपुरा)। के पी महाविद्यालय इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सत्रांत परीक्षा बुधवार 16 वे दिन कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इग्नू रीजनल सेंटर सहर्षा के असिस्टेंट डायरेक्टर दीपक गोस्वामी ने चल रहे इग्नू परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक नियमों अनुपालन की बात कही। परीक्षा हॉल में परीक्षार्थियों के पहचान पत्र और हॉल टिकट, की जांच एवं कदाचारमुक्त वातावरण मे परीक्षा लेने की प्रतिबद्धता को दोहराया। निरीक्षण के दौरान, गोस्वामी ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया को कदाचारमुक्त रखने के लिए आधुनिक तकनीकों और सख्त निगरानी व्यवस्था का उपयोग किया गया है। उन्होंने केंद्रों पर उपस्थिति एवं परीक्षा कक्षा पहुंचकर परीक्षार्थियों के हॉल टिकट एवं आई कार्ड का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बना रहा और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

छात्रों ने भी परीक्षा के दौरान मिली सुविधाओं और व्यवस्था पर संतोष जताया। इग्नू प्रशासन ने परीक्षा प्रक्रिया को सुगम और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र के पी महाविद्यालय के समन्वयक प्रो महेंद्र मंडल ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा में हिंदी अंग्रेजी साइकोलॉजी में 152 छात्र में से 14 अनुपस्थित पाए गए।

# कमिंस ने पुष्टि की कि हेजलवुड सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर




**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड पिंडली की चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के वार्म-अप के दौरान हेज़लवुड की दाहिनी पिंडली में चोट लग गई। उन्होंने चौथे दिन शुरुआती सत्र में एक ओवर फेंका और पिंडली में दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गए। 33 वर्षीय इस तेज़ गेंदबाज़ ने चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए स्कैन करवाया। बाद में मेडिकल स्कैन से पुष्टि हुई कि उनकी दाहिनी पिंडली में खिंचाव है, जिसके कारण यह तेज़ गेंदबाज़ सीरीज़ के बाकी मैचों से बाहर हो गया। कमिंस ने बुधवार को दिन के खेल के बाद एबीसी स्पोर्ट से कहा, ÷जोश (हेज़लवुड) के मामले में, हां, ज़ाहिर है कि यह आदर्श नहीं है। वह सीरीज़ से चूक जाएगा। हां, ठीक होने में कुछ हफ़्ते लगेंगे और फिर वहां से फिर से तैयार होगा। इसलिए निश्चित रूप से यह कब होगा, यह निश्चित नहीं है, लेकिन कम से कम यह सीरीज़ तो होगी ही। हेज़लवुड मंगलवार को चौथे दिन के खेल की शुरुआत में मैदान पर देर से पहुंचे और जब उन्होंने अपना स्पैल शुरू किया तो संघर्ष करते दिखे, शायद ही कभी 131 किमी प्रति घंटे से ज़्यादा की रफ़्तार पकड़ पाए। उस ओवर के बाद ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान, उन्हें मैदान छोड़ने से पहले कमिंस, स्टीवन स्मिथ और फिजियो निक जोन्स के साथ लंबी चर्चा करते देखा गया। चोट के कारण सीरीज़ के बाकी मैच से चूकने पर विचार करते हुए, हेज़लवुड ने निराशा व्यक्त की, लेकिन जोर देकर कहा कि वह और मज़बूती से वापसी करेंगे।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं निराश हूं कि मैं चोट के कारण गाबा टेस्ट के लिए गेंदबाजी नहीं कर सका, लेकिन यह सब खेल का हिस्सा है। मैं वापसी करने और टीम के साथ वह करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा जो मुझे पसंद है.. टीम को शुभकामनाएं ! शेष श्रृंखला के लिए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं - चलो जीतते हैं! ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के लिए अपने प्लेइंग 11 में केवल एक बदलाव किया, जो ड्रॉ पर समाप्त हुआ, जिसमें हेज़लवुड ने स्कॉट बोलैंड की जगह ली, जिन्होंने तब एडिलेड टेस्ट में पांच विकेट लिए थे जब हेज़लवुड अपनी साइड इंजरी के कारण मैच से बाहर हो गए थे। हेज़लवुड की अनुपस्थिति में, बोलैंड 26 दिसंबर से एमसीजी में शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेलने की दौड़ में वापस आ गए हैं।

# न्यूज़ीलैंड के वनडे और टी20 कप्तान बने मिचेल सैंटनर



**वेलिंगटन, एजेंसी।** बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सैंटनर को न्यूज़ीलैंड के सीमित ओवर टीमों का कप्तान बनाया गया है। वह औपचारिक तौर पर केन विलियमसन की जगह लेंगे, जिन्होंने जून में हुए टी20 विश्व कप के बाद से ही यह पद छोड़ दिया था। सैंटनर ने 243 अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबलों में न्यूज़ीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। अब वह वनडे और टी20 टीमों के स्थायी कप्तान के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले वह 24 टी20 और 4 वनडे मैचों में टीम की कप्तानी कर चुके हैं।

सैंटनर पिछले महीने श्रीलंका गई न्यूज़ीलैंड की टी20 और वनडे टीमों के कप्तान बनाए गए थे, हालांकि यह नियुक्ति बस उस सीरीज़ के लिए थी। फ़िलिहाल औपचारिक और आधिकारिक तौर पर उन्हें सीमित ओवर टीमों का कप्तान बना दिया गया है। 32 वर्षीय सैंटनर अपनी पूर्णकालिक कप्तानी की शुरुआत दिसंबर के अंत और जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के ख़िलाफ़ टी20 और वनडे सीरीज से करेंगे। इन दोनों सीरीज के साथ न्यूज़ीलैंड के लिए सफेद बॉल क्रिकेट का व्यस्त कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें फ़रवरी में पाकिस्तान में एक वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला, उसके बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी और न्यूज़ीलैंड के घरेलू सीजन के अंत में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ एक टी20 और वनडे सीरीज़ शामिल है। सैंटनर ने कहा कि उन्हें व्हाइट बॉल टीमों की पूर्णकालिक कप्तानी सौंपे जाने पर गर्व महसूस हो रहा है।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह एक सम्मान और सौभाग्य की बात है। जब आप बच्चे होते हैं, तो न्यूज़ीलैंड के लिए खेलना सपना होता है, लेकिन अपने देश के लिए दोनों प्रारूपों में आधिकारिक तौर पर कप्तानी करना बेहद ख़ास है। यह एक नई चुनौती है और मैं आगामी व्हाइट बॉल क्रिकेट के महत्वपूर्ण दौर में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। सैंटनर ने हाल ही में श्रीलंका में टी20 और वनडे सीरीज़ में टीम का नेतृत्व किया था। वह न्यूज़ीलैंड के उन चार खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने 100 से अधिक वनडे और टी20 खेले हैं। उन्होंने पहली बार नवंबर 2020 में वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ बे ओवल में खेले गए एक टी20 में टीम की कप्तानी की थी और 2022 में एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड के ख़िलाफ़ एकमात्र वनडे में कप्तानी करते हुए न्यूज़ीलैंड के 24वें वनडे कप्तान बने थे। सैंटनर ने कहा कि दोनों व्हाइट बॉल टीमों की कप्तानी करना एक रोमांचक एहसास है। उन्होंने कहा, ÷हमारे कुछ अनुभवी खिलाड़ी अपने करियर के अंत की ओर हैं, जिससे टीम में बदलाव का समय आ रहा है। मुझे लगता है कि यह शेष टीम और युवा खिलाड़ियों के लिए चुनौती को स्वीकार करने और इस टीम को आगे ले जाने का एक अच्छा मौक़ा है। न्यूज़ीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि सैंटनर इस भूमिका के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने कहा, मिच एक शानदार टीम प्लेयर हैं और खेल के हर पहलू में उदाहरण पेश करते हैं। वह बेहद शांत और स्थिर स्वभाव के हैं और उन्हें ड्रेसिंग रूम में काफ़ी सम्मान मिलता है। उन्होंने टी20 टीम की काफ़ी बार कप्तानी की है और पिछले महीने वनडे टीम का नेतृत्व करते हुए भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था।

# तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने विश्व विजेता गुकेश को किया सम्मानित

## चेस अकादमी की स्थापना का एलान किया




**चेन्नई, एजेंसी।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम ने विश्व शतरंज विजेता पांच करोड़ रुपये का चेक थमाया और शॉल पहनाई। दुनिया के सबसे युवा शतरंज चैंपियन डी गुकेश को मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सम्मानित किया। राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम ने विश्व शतरंज विजेता पांच करोड़ रुपये का चेक थमाया और शॉल पहनाई। इस दौरान उन्होंने राज्य में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए और उन्हें तैयार करने के लिए शतरंज अकादमी स्थापित करने का भी एलान किया।

**शतरंज अकादमी की स्थापना की जाएगी** – सीएम स्टालिन ने कहा, भारत के 85 में से 31 शतरंज ग्रैंडमास्टर तमिलनाडु के हैं। यह सम्मान केवल गुकेश के लिए ही नहीं बल्कि सभी उपलब्धि हासिल करने वालों के लिए है। प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उपलब्धि हासिल करने वालों को तैयार करने के लिए शतरंज अकादमी की स्थापना की जाएगी।

स्टालिन ने आगे कहा, मैं 18 साल की छोटी उम्र में विश्व शतरंज चैंपियन बनने के लिए हमारे गुकेश की सराहना करता हूं। हमारे चेन्नई के लड़के ने एक रिकॉर्ड बनाया है और पूरी दुनिया उसकी सराहना कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गुकेश के माता-पिता को मंच पर आने के लिए कहा और उनकी मौजूदगी में चेक सौंपा।

कार्यक्रम में स्टालिन ने कहा कि गुकेश 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए थे और 18 साल की उम्र में विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। उन्होंने कहा, इसलिए उन्हें अपनी प्रेरणा मानें और सफलता हासिल करें। हमें लाखों गुकेश बनाने चाहिए। स्टालिन ने कहा कि शतरंज के खेल की तरह जीवन में भी बड़ी जीत हासिल करने के लिए बलिदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, शतरंज एक दिमागी खेल है। कभी-कभी हमें जीतने के लिए रानी का बलिदान करना पड़ता है। इसलिए जीवन में जीतने के लिए हमें बलिदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। लेकिन अगर आप सावधानी से खेलते हैं तो प्यादे रानी की तरह शक्तिशाली बन सकते हैं। इसलिए जीवन में जीतने के लिए जो आवश्यक है, वह है धैर्य और दृढ़ संकल्प।

**हम बहुत खुश हैं** – उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि जिस तरह गुकेश के माता-पिता उसकी उपलब्धि पर खुशी से अभिभूत हैं, उसी तरह मुख्यमंत्री और राज्य सरकार भी बहुत खुश है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु आज उनकी उपलब्धि का जश्न मना रहा है। गुकेश पूरे भारत और तमिलनाडु के लिए गर्व का स्रोत हैं। उनकी उपलब्धि ने पुष्टि की कि शतरंज का मतलब चेन्नई है। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट ड्रॉ

## राहुल-जडेजा और बुमराह ने फॉलोऑन से बचाया, सीरीज एक-एक से बराबर



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट ड्रॉ हो गया है। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर बुधवार को मुकाबले के आखिरी दिन 25 ओवर ही डाले जा सके। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 275 रन का टारगेट दिया था, लेकिन बारिश के कारण दिन का खेल रद्द कर दिया गया। बारिश से पहले भारतीय टीम ने दूसरी पारी में बिना नुकसान के 8 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल 4-4 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले भारत के तेज गेंदबाजों ने 89 रन पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिए थे, तभी कप्तान पैट कमिंस ने पारी घोषित कर दी। सुबह इंडियन टीम पहली पारी में 260 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। यहां कंगारुओं को पहली पारी में 185 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। इस ड्रॉ के बाद 5 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला टेस्ट 295 रन, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट 10 विकेट से जीता था। चौथा मुकाबला मेलबर्न के एमसीजी मैदान पर 26 दिसंबर से खेला जाएगा।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भयंकर बदलाव, हैरी ब्रूक की कुर्सी छिनी, ये खिलाड़ी बन गया नंबर वन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने एक बार फिर से नई रैंकिंग जारी कर दी है। आज ही भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला खत्म हुआ है। इसके बाद ही आईसीसी ने नई रैंकिंग जारी कर दी है। हालांकि ये मैच चुंकि आज तक चला है, इसलिए उसके आंकडे रैंकिंग में नहीं जोड़े गए हैं। इसके बाद भी नई रैंकिंग में कई सारे फेरबदल हो गए हैं। खास तौर पर नंबर वन की कुर्सी में फिर से बदलाव हो गया है। हैरी ब्रूक इससे पहले नंबर एक बल्लेबाज थे, लेकिन अब वे नीचे आ गए हैं। जो रूट ने फिर से नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है।

- **जो रूट नंबर वन और हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर पहुंचे** – आईसीसी की ओर से जारी की गई नई टेस्ट रैंकिंग में जो रूट पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। जो रूट की रेटिंग इस वक्त बढ़कर 895 की हो गई है। वे इससे पहले दूसरे स्थान पर थे, लेकिन अब वे फिर से टॉप की कुर्सी पर कब्जा जमाने में कामयाब हो गए हैं। इस बीच इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे 876 की रेटिंग के साथ अब दूसरे स्थान पर हैं। उन्हें हल्का सा नुकसान हुआ है। इस बीच केन विलियमसन ने अपने पिछले ही मुकाबले में संेचुरी लगाई थी, इसलिए उनकी रेटिंग तो बढी है, लेकिन रैंकिंग में कोई असर नहीं पड़ा है।

# रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

## 287 मैच में 765 विकेट लिए; भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बॉलर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं।

38 साल के अश्विन ने गाबा टेस्ट खत्म होते ही रिटायरमेंट का ऐलान किया। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे। उन्होंने कहा, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा।

**भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेस में कहा** – टेस्ट में 537 विकेट लिए अश्विन ने 2010 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट हासिल किए। उनके नाम 37 फाइव विकेट हॉल हैं और 8 बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 156 वनडे विकेट भी हासिल किए। टी-20 में अश्विन ने 72 विकेट चटकाए। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल 6 टेस्ट शतक लगाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम कुल 8 शतक रहे।

सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल लेने वाले भारतीय अश्विन के नाम टेस्ट में 37 फाइव विकेट हॉल हैं, जो कि किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनके बाद कुंबले का नंबर आता है। कुंबले ने टेस्ट में 35 बार पारी में पांच विकेट लिए थे। ओवरऑल सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 67 बार ऐसा किया था। अश्विन शेन वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।



इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लिए अश्विन ने करियर में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। वे इंग्लैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट मिलाकर 53 मैचों में खेले और 150 विकेट लिए। वहीं, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसके खिलाफ अश्विन के 50 मैचों में 146 विकेट हैं। विदेश में ऑस्ट्रेलिया के मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लिए विदेश में अश्विन के सबसे ज्यादा विकेट ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने कंगारुओं के होम ग्राउंड पर तीनों फॉर्मेट में कुल 38 मुकाबले खेले और 71 विकेट लिए। इसके अलावा श्रीलंका में 16 मैच में उनके 49 विकेट हैं। भारत में अश्विन के 131 मैचों में 475 विकेट हैं।

# चंडीगढ़ के अयान गुप्ता रहे बेस्ट गोल्फर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** 123वीं आईजीयू ऑल इंडिया गोल्फ चैम्पियनशिप में चंडीगढ़ के अयान गुप्ता बेस्ट गोल्फर रहे। इंडियन ऑयल कारपोरेशन से स्पॉन्सर्ड अयान ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। चंडीगढ़ गोल्फ टूर्नामेंट में वे सेमीफाइनल तक पहुंचे और करीबी मुकाबले में उन्हें हार झेलनी पड़ी। अयान ने लगातार दो मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसमें टॉप-8 गोल्फर्स खेल रहे थे। सेमीफाइनल में वरुण मुथप्पा को उन्होंने कड़ी चुनौती दी। 18 होल तक अपना बेस्ट करने के बाद उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई। यहां करीबी अंतर से उन्हें 19वें होल पर हार का सामना करना पड़ा। वे अंत तक लड़ते रहे, लेकिन 1 अप शॉट की वजह से उन्हें बाहर होना पड़ा। इसके बाद भी उन्होंने बेस्ट सिटी गोल्फर का टैग अपने नाम कर लिया। वे 88 गोल्फर्स के बीच टॉप-5 में शामिल रहे। अयान की लगन और कड़ी मेहनत सराहनीय है। उन्हें अभी कई टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है और 2025 में वे खिताबी जीत के साथ प्रोफेशनल गोल्फ में कदम रखने की कोशिश करेंगे। वह हर जगह युवाओं के लिए एक आदर्श है, जो दिखाता है कि कड़ी मेहनत और लगन से कुछ भी संभव है।

# डीएसपी मोहम्मद सिराज को मिला डबल प्रमोशन ! भज्जी ने गाबा टेस्ट के दौरान किया खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट चौथे दिन बेहद रोमांचक मोड़ पर आ पहुंचा था. ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में टीम इंडिया एक समय फॉलोऑन बचा पाने के लिए भी संघर्ष कर रही थी. बता दें कि गाबा टेस्ट में चौथे दिन मोहम्मद सिराज को भारतीय मैनेजमेंट ने नौवें क्रम पर बैटिंग के लिए भेजा था. अब भारत के दिग्गज गेंदबाज हरभजन सिंह ने सिराज की बैटिंग पोजीशन को लेकर मजेदार बयान दिया है.

इस चर्चित विषय ने वहां से तूल पकड़ा जब गाबा टेस्ट में चौथे दिन मैदान में नाथन लायन ने जसप्रीत बुमराह से पूछा कि वो सिराज से निचले क्रम पर बैटिंग क्यों कर रहे हैं? बुमराह ने कहा कि इसके पीछे एक राज छुपा हुआ है. अब एक शो पर चर्चा करते हुए हरभजन सिंह ने सिराज की बैटिंग पोजीशन पर चुटकी लेते हुए कहा कि अधिकांश लोग यही सवाल पूछ रहे थे कि सिराज को बुमराह और आकाशदीप से ऊपरी क्रम में बैटिंग के लिए क्यों भेजा गया?

**डीएसपी मोहम्मद सिराज को मिला प्रमोशन** – हरभजन सिंह ने मोहम्मद सिराज की बैटिंग पोजीशन के सवाल पर मजाकिया अंदाज में कहा, यह बहुत अच्छा सवाल है. मुझे नहीं पता कि उन्होंने बल्लेबाजी में ऐसा क्या किया है जिससे उन्हें बैटिंग में ऊपरी क्रम पर भेजा गया. उन्हें पुलिस की नौकरी में प्रमोशन मिला और अब यहां भी प्रमोशन मिल गया है. याद दिला दें कि तेलंगाना सरकार ने अक्टूबर 2024 में सिराज को डीएसपी नियुक्त किया था. मोहम्मद सिराज को नौवें क्रम पर भेजे जाने के फैसले की जमकर आलोचना हुई थी. एक छोर से रवींद्र जडेजा ने कमान संभाली हुई थी और भारत को फॉलोऑन स्कोर बचाना था. ऐसे में सिराज 11 गेंद खेलकर मात्र 1 रन बनाकर आउट हो गए थे.

# डोपिंग में फेल होने के बाद चेल्सी के फॉरवर्ड माइखाइलो मुडरीक पर लगा सस्पेंशन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** चेल्सी के फॉरवर्ड माइखाइलो मुडरीक को डोपिंग टेस्ट में फेल होने के बाद अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दिया गया है। फुटबॉल एसोसिएशन ने यूरीन टेस्ट के नतीजों के आधार पर क्लब से संपर्क किया था। मुडरीक ने हालांकि डोपिंग से इनकार किया है और उनका कहना है कि वह ऐसे पदार्थों का कभी सेवन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मामले की जांच करेंगे और आगे की प्रक्रिया पर विचार कर रहे हैं।

मुडरीक ने अपने बयान में कहा, मैं यह पुष्टि कर सकता हूं कि फुटबॉल एसोसिएशन को दिए गए मेरे सैंपल में एक प्रतिबंधित पदार्थ मिला है। यह मेरे लिए बेहद चौंकाने वाली बात है क्योंकि मैंने कभी जानबूझकर किसी प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन नहीं किया और न ही किसी नियम को तोड़ा। मैं अपनी टीम के साथ मिलकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं कि यह कैसे हुआ। मुझे भरोसा है कि मैंने कुछ गलत नहीं किया है और मैं जल्द से जल्द मैदान पर लौटने की उम्मीद करता हूं। गोपनीयता के चलते मैं अभी ज्यादा कुछ नहीं कह सकता, लेकिन जैसे ही संभव होगा, मैं और जानकारी दूंगा।

मुडरीक के सैंपल में जो पदार्थ मिला है, उसे 'मेल्डोनियम' कहा जा रहा है। यह एक परफॉर्मेंस-बढ़ाने वाली दवा है, जिसे जनवरी 2016 में वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) ने प्रतिबंधित सूची में शामिल किया था।

चेल्सी फुटबॉल क्लब ने भी बयान जारी करते हुए कहा, ÷हमें फुटबॉल एसोसिएशन ने हमारे खिलाड़ी मायखाइलो मुद्रिक के एक सामान्य टेस्ट में खराब नतीजे की जानकारी दी है। क्लब और मुडरीक दोनों एफए के टेस्टिंग प्रोग्राम का समर्थन करते हैं। सभी खिलाड़ियों का नियमित रूप से परीक्षण किया जाता है। मुडरीक ने साफ कहा है कि उन्होंने कभी किसी प्रतिबंधित पदार्थ का जानबूझकर इस्तेमाल नहीं किया। अब क्लब और मायखाइलो मिलकर इस मामले की जांच करेंगे कि ऐसा क्यों हुआ। मुडरीक को जनवरी 2023 में चेल्सी ने लगभग 89 मिलियन पाउंड की बड़ी डील पर साइन किया था। उन्होंने चेल्सी के साथ आठ साल से अधिक का करार किया है, जो जून 2031 तक चलेगा। हालांकि क्लब में अब तक उनका प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। उन्होंने 73 मैच खेले हैं, जिसमें सिर्फ 10 गोल और 9 असिस्ट किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्यूटी से लौट रही लड़की से छेड़छाड़, फिर अगवा करने की कोशिश

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर में लड़की के साथ छेड़छाड़ की खबर सामने आई है। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बाइक सवार युवक ने मंगलवार रात ड्यूटी से लौट रही लड़की से छेड़छाड़ करते हुए उसे अगवा करने की कोशिश की। युवक ने करीब 500 मीटर तक लड़की का पीछा किया और जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश भी की। इस दौरान लड़की सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। हालांकि आरोपी कुछ कर पाते इससे पहले लोगों ने मनचले की पकड़कर धुनाई कर दी और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक लड़की गाजियाबाद एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। उसने बताया कि मंगलवार रात वह नमो भारत ट्रेन से ड्यूटी से घर लौट रही थी। वह करीब 7.30 बजे मोदीनगर नार्थ स्टेशन पर उतरी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक उसके पीछे लग गया। लड़की ने एटीएम से पैसे निकाले। इसके बाद पैदल ही अपने घर की ओर जाने लगी। जानकारी के मुताबिक लड़की ने जैसे गंदा नाला पार किया तो बाइक सवार युवक उससे छेड़छाड़ करने लगा। इसके बाद उसने लड़की का दुपट्टा खींच लिया और बाइक बैठाने की कोशिश करने लगा। लड़की ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर कुछ ही दूरी पर जिम कर रहे युवक दौड़े तो आरोपी मनचला भागने लगा। हालांकि युवकों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। मौके पर जमा भीड़ ने मनचले की जमकर धुनाई कर दी। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मामला छेड़छाड़ का है। आरोपी दिलशाद सैफी निवासी सैदपुर हुसैनपुर थाना भोजपुर को हिरासत में ले लिया गया है।

### बंगाल सरकार गंगा सागर तीर्थयात्रियों के लिए पुल बनाने पर 1,500 करोड़ खर्च करेगी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार गंगासागर वार्षिक मेला आयोजन स्थल पर मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाली एक नदी पर पांच किलोमीटर लंबा पुल बनाएगी। बनर्जी ने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में उनकी बार-बार की गई अपील पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार लेन वाले पुल के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। बनर्जी ने प्रस्तावित पुल का नाम 'गंगासागर सेतु' रखा और कहा कि राज्य इसके निर्माण पर 1,500 करोड़ रुपये खर्च करेगा, जिसकी निविदा जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा, ''हमने केंद्र सरकार से बार-बार पुल के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसलिए, हमने इसे खुद बनाने का फैसला किया है।

### देश-विदेश में हैदराबाद की दो बहनें कुचिपुड़ी डांस में मचा रहीं धूम

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना के हैदराबाद की दो बहनें वामसवार्थिनी और विष्णुवंदना ने कुचिपुड़ी डांस में अपनी असाधारण प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं. बचपन से ही शास्त्रीय नृत्य में ट्रेनिंग लेने वाली दोनों बहनों ने अब तक भारत और विदेशों में 300 से अधिक मंचों पर शानदार परफोर्मेंस दी हैं. इस दौरान उन्होंने अपने एक्स्पेरेसिव मूव और त्रुटिहीन तकनीक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है. उनके समर्पण ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिलाए हैं, जिसमें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में मान्यता भी शामिल है. मुशीराबाद निर्वाचन क्षेत्र के आदिकामेट के एक दंपति बाबूराव और धनलक्ष्मी ने अपनी बेटियों के डांस के प्रति जुनून को कम उम्र से ही पोषित किया. वे 10-11 साल की उम्र से ही दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं और अपने कुशल प्रदर्शन के लिए प्रशंसा प्राप्त कर रही हैं. अकादमिक रूप से उत्कृष्ट होने के बावजूद दोनों बहनें अपनी कला के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध रहीं. उन्होंने अपनी पढ़ाई को कठोर डांस प्रैक्टिस के साथ संतुलित किया और अंततः भारतीय नाट्यमयूरी (2009), नृत्य कला रत्न पुरस्कार (2011) और स्त्री शक्ति पुरस्कार (2023) जैसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित किए. वामसावर्तिनी और विष्णुवंदना ने अपनी अकादमिक और कलात्मक दोनों ही गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. साथ ही वह तेलुगु यूनिवर्सिटी से एमपीए की डिग्री हासिल की है. उन्होंने पीएचडी भी की है. विष्णुवंदना भी उतनी ही निपुण हैं।

# संभल में एक और प्राचीन कुआं मिला, खुदाई की तैयारी, अन्य प्राचीन कुओं की तलाश जारी

**संभल, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के संभल में एक और प्राचीन कुआं मिला है। जामा मस्जिद के मोहल्ला टंकी में प्राचीन कुआं भी मिला। नगर पालिका खुदाई करने जा रही है। इसके साथ अन्य प्राचीन कुओं की तलाश हो रही है। अब तक आधा दर्जन से अधिक प्राचीन और बंद किए जा चुके कुओं की खुदाई हो चुकी है।

आपको बता दें कि संभल हिंसा के बाद से क्षेत्र में लगातार सर्च अभियान जारी है। शनिवार को प्रशासन ने खग्गू सराय में 46 साल से बंद पड़े कार्तिक महादेव मंदिर का ताला खुलवाया था। इसके साथ ही एक के बाद एक खग्गुसराय, छंगामल कोठी, एजेंटी तिराहे पर बंद पड़े कुएं की खुदाई शुरू की गई। इसी बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें दिखाया कि सरायतरीन के मुस्लिम बहुल कसावान मोहल्ले में भी प्राचीन मंदिर है।

प्राचीन कूपों की पहचान कर उनकी खुदाई कर जल संरक्षण, जल संभ्रण व धार्मिक दृष्टि को ध्यान में रख नगर पालिका अभिनव प्रयास कर रही है। जिसमें वह काफी सफल हो रहे हैं। मंगलवार को पालिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एक के बाद एक चार प्राचीन कुएं की खोज की गई है, जिन्हें पुन : जीवित करने के लिए खुदाई का कार्य शुरू करा दिया। सभी कुएं की खुदाई पांच से दस फिट तक हो चुकी है।



**शहर की प्राचीन मान्यता के अनुसार यहां 52 सराय, 68 तीर्थ और 19 कूपों का महत्व:** अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि मंगलवार सुबह चमन सराय में बीवीएम स्कूल के पास एक प्राचीन कुआं मिला है, जिसे लोग छतरी वाले कुएं के नाम से जाना जाता था। उसके बाद निहारियो वाली मस्जिद, शाने वाले फाटक, और खग्गूसराय तिराहे पर भी प्राचीन कुएं मिले हैं। जिनकी खुदाई शुरू कर दी। सभी की पांच से दस फिट तक खुदाई करा दी गई है।

डा. तिवारी ने बताया कि यह कुएं जल संरक्षण और जल संभ्रण के रूप में काफी महत्वपूर्ण है। इससे पूर्व कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर, छंगामल कोठी, और एजेंटी तिराहे पर भी पुराने कुएं मिले थे, जिनकी खुदाई पहले ही कराई जा चुकी है। डा. मणिभूषण तिवारी बताया कि संभल शहर की प्राचीन मान्यता के अनुसार यहां 52 सराय, 68 तीर्थ और 19 कूपों का महत्व रहा है। इन जल स्त्रत्तेतों का अस्तित्व संभल की ऐतिहासिक पहचान के रूप में माना जाता है। इन कुएं की खुदाई का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों को रिचार्ज करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान कैच द रेन, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और जल संरक्षण के तहत चलाया जा रहा है। कुओं का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और इसके साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों को फिर से शुरू किया जाएगा।

## साबुन और दाल के पैकेट में 24 करोड़ रुपये की ड्रग्स, नाइजीरियाई महिला गिरफ्तार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के बेंगलुरु में बेंगलुरु पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने 12 किलोग्राम एमडीएमए के साथ एक नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया है. ड्रग्स की कीमत 24 करोड़ रुपये बताई जा रही है. हैरान करने वाली बात यह है कि, ड्रग्स को दाल और साबुन के पैकेट में रखकर शहर में लाया जा रहा था. पुलिस के मुताबिक, पहली बार शहर में 24 करोड़ रुपये मूल्य के 12 किलोग्राम एमडीएमए जब्त किया गया है. पुलिस ने जिस विदेशी मूल की महिला को गिरफ्तार किया है उसका नाम रोजलिम है. 40 साल की यह महिला वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद शहर में ही रह रही थी. खबर के मुताबिक, आरोपी आलीशान जिंदगी जीने के लिए अधिक पैसा कमाने के इरादे से इस अवैध तरीके को अपनाया था.

एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सीसीबी ने छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. शहर के पुलिस आयुक्त दयानंद ने बताया कि, छापेमारी के दौरान 70 सिम कार्ड जब्त किए गए. मामले में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है. पुलिस आयुक्त ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केआर पुरम थाने में एनडीपीएस और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. मुंबई से सस्ते दामों पर ड्रग्स खरीदने वाली महिला आरोपी उन्हें दाल और साबुन के पैकेट में भरकर लाती थी, ताकि किसी को उन पर शक न हो.

## प्यार के जाल में फंसाकर बार-बार रेप, धर्मांतरण का भी खेल; फराज की शर्त पर गाजियाबाद में जिंदा जल गई लड़की

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में बीते 11 दिसंबर को युवती के आत्मदाह मामले में चौंकाने वाली वजह सामने आई है। युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि शाहदरा निवासी फराज अतर ने उनकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। धर्मांतरण कराकर धोखा दे दिया। इससे आहत होकर बेटी ने आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने युवक और उसके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कविनगर थानाक्षेत्र निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि वह कारोबार करते थे। इससे अर्जित करीब 20 करोड़ रुपये की संपत्ति 30 वर्षीय बेटी के नाम की थी, जिसे हड़पने के लिए फराज ने बेटी को कई साल पहले प्रेमजाल में फंसा लिया। उसने खुद को अविवाहित बताते हुए बेटी को शादी का झांसा दिया था। इसके बाद उसका शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया।

फराज ने खुद पर कर्ज होने का हवाला देकर लाखों रुपये हड़प लिए। पीड़ित पिता के मुताबिक, कुछ माह से बेटी का व्यवहार बदल गया था। 14 नवंबर को वह बेटी के कमरे में गए तो उनके होश उड़ गए। बेटी दूसरे धर्म के क्रिया-कलाप कर रही थी। यह देखकर उन्हें ब्रेन अटैक आ गया, जिसके चलते उन्हें दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। बुजुर्ग के मुताबिक, 15 नवंबर को जब वह आईसीयू में भर्ती थे तो फराज बेटी के साथ उन्हें देखने पहुंचा। वहां फराज ने उनसे बेटी का हाथ मांगा। बुजुर्ग का कहना है कि वह मौत के करीब थे। फराज ने इसका फायदा उठाकर शादी के लिए हां करा ली। उसने अपने भाई कासिफ के कहने पर उनसे एक कागज पर हस्ताक्षर भी करा लिए, जिस पर लिखा था कि बेटी की दूसरे समुदाय के युवक से शादी पर कोई आपत्ति नहीं है। फराज ने भाई को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताया था। फराज ने उन्हें बेटी की कसम देकर कहा कि वह किसी परिजन को इस रिश्ते के बारे में न बताएं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने कहा, शाहदरा निवासी फराज अतर, उसके भाई कासिफ, मां माहे तलत और बहन सना समेत अन्य के खिलाफ धर्मांतरण, दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए उकसाने तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। बुजुर्ग के मुताबिक, बेटी ने बताया था कि फराज संपत्ति हथियाने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए उसके साथ रहा। इस दौरान उसका कई बार गर्भपात भी कराया। फराज ने उसका धर्म परिवर्तन कराने के लिए उसका ट्यूशन लगवा दिया। वह दूसरे धर्म के क्रिया-कलाप और धार्मिक किताबें पढ़ने के लिए मजबूर करता था।

# अगर राष्ट्रपति का चुनाव हो सकता है तो चुनाव आयुक्त का क्यों नहीं : उद्धव

**नागपुर, एजेंसी।**
एक देश, एक चुनाव बिल पर जारी गरमागरम बहस के बीच महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिव सेना (यूटीबी) के चीफ उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को एक नया राग छेड़ते हुए भारत के चुनाव आयुक्त के चुनाव की मांग कर दी है। ठाकरे ने कहा कि अगर देश के सर्वोच्च पद यानी राष्ट्रपति का चुनाव हो सकता है तो चुनाव आयुक्त का क्यों नहीं इसके साथ ही उद्धव ने कहा, अगर लोगों को ईवीएम पर संदेह है तो उसे दूर किया जाना चाहिए। एक बार बैलेट पेपर से मतदान होने दें। अगर उन्हें उतना ही बहुमत मिलता है तो उसके बाद कोई सवाल नहीं करेगा। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव प्रस्ताव के क्रियान्वयन से पहले पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश करने का केंद्र का कदम देश के



मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आयुक्तों का चुनाव भी मतदान के माध्यम से होना चाहिए, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कैसे किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देना चाहिए, जैसा कि पिछले महीने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया गया था। वर्तमान में, राज्य में महिलाओं को इस योजना के तहत 1,500 रुपये प्रति माह मिलते हैं। देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को सरकार ने विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच मंगलवार को निचले सदन में पेश किया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां) संशोधन विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को निचले सदन में पुर : स्थापित करने के लिए रखा, जिनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया। सदन में मत विभाजन के बाद विधेयक को पुर : स्थापित कर दिया गया। विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 वोट जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। इसके बाद मेघवाल ने ध्वनिमत से मिली सदन की सहमति के बाद 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को भी पेश किया।

ठाकरे ने कहा, ''एक राष्ट्र एक चुनाव (प्रस्ताव) देश को परेशान करने वाले मुद्दों से ध्यान हटाने का एक प्रयास है।'' शिवसेना (उबाठा) नेता ठाकरे ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाली प्रतिष्ठित पेंटिंग को साउथ ब्लॉक में सेना प्रमुख के एनेक्सी से नयी दिल्ली में मानेकशॉ सेंटर में स्थानांतरित करने को लेकर भी केंद्र की आलोचना की। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने सवाल किया कि पेंटिंग को क्यों हटाया गया, जबकि यह भारतीय सैनिकों की बहादुरी का प्रतीक थी।

## जेलेंस्की का दावा : रूसियों ने जलाया उत्तर कोरियाई सैनिक का शव, शेयर किया वीडियो

**सोल एजेंसी।**
यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंकी ने एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया है कि इसमें एक रूसी सैनिक यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिक के शव को आग लगा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य रूस के साथ लड़ रहे उत्तर कोरियाई सैनिकों की उपस्थिति को छिपाना है। जेलेंस्की ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए एक वीडियो में यह दावा किया। इसमें आंशिक रूप से जलती हुई लाश दिखाई दे रही थी। इसका अंग्रेजी सबटाइटल था, रूसी, उत्तर कोरियाई सैनिकों के मरने के बाद भी उनके चेहरे छिपाने की कोशिश करते हैं। 30 सेकंड के वीडियो में एक संदिग्ध उत्तर कोरियाई सैनिक का क्लोज-अप और अन्य फुटेज भी शामिल है, जिसमें एक एशियाई सैनिक कैमरे के सामने नहीं, नहीं कह रहा है, जबकि बैकग्राउंड में एक अन्य व्यक्ति कह रहा है, उसे मास्क लगाने के लिए कहो। मास्क लगाओ। जेलेंस्की ने उत्तर कोरियाई सैनिकों को तैनात करने और उनकी उपस्थिति को छिपाने का प्रयास करने के लिए रूसी सेना की निंदा की, उन्होंने कहा कि मास्को को इस तरह



के अनादर के प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, रूस न केवल यूक्रेनी ठिकानों पर हमला करने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों को भेजता है, बल्कि इन लोगों के नुकसान को छिपाने की भी कोशिश करता है। और अब, हमारे योद्धाओं के साथ पहली लड़ाई के बाद, रूसी कोशिश कर रहे हैं... युद्ध में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों के चेहरे को सचमुच जलाने की। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह वीडियो रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग के बीच सामने आया है।

## सीरिया में 8,80,000 से अधिक लोग हुए विस्थापित : यूएन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सीरिया में हिंसक संघर्ष बढ़ने के बाद 8,80,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने यह बात कही। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों ने अनुमान लगाया है कि लगभग 6 प्रतिशत विस्थापित कम से कम एक प्रकार की विकलांगता के साथ जी रहे हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा, वापसी की गतिविधियां तेज हुई हैं, सहयोगियों ने रविवार को 2,20,000 से अधिक लोगों के लौटने की सूचना दी है। वहीं, इसके अतिरिक्त, 40,000 से अधिक विस्थापित लोग पूर्वोत्तर सीरिया में लगभग 250 सामूहिक केंद्रों में रह रहे हैं।

कार्यालय ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र और भागीदार भोजन, पानी, नकदी, टेंट और कंबल की सप्लाई कर रहे हैं। वहीं, वैश्विक टीम मेडिकल टीम और आपूर्ति भी तैनात कर रहा है। सीरियाई अरब रेड क्रिसेंट और रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूएनआईसीईएफ) के सहयोग से शुक्रवार को सीरिया के अलेप्पो प्रांत में तिशरीन बांध की सुविधा की तत्काल और महत्वपूर्ण मरम्मत के लिए एक संयुक्त मिशन चलाया।

यूएनआईसीईएफ ने बैकअप जनरेटर को बिजली देने के लिए ईंधन की भी व्यवस्था की, जिससे बांध की सुरक्षित जल निकासी और जल आपूर्ति की सुरक्षा हो सके। पिछले सप्ताह बांध के पास हिंसा के कारण बिजली सप्लाई बाधित हुई, पानी और अन्य प्रमुख सेवाएं बाधित हुईं, जिससे क्षेत्र के लाखों लोग प्रभावित हुए। सोमवार को, मानवीय मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव और इमरजेंसी रिलीफ कोऑर्डिनेटर टॉम फ्लेचर ने राहत प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए दमिश्क में सीरियाई संक्रमणकालीन अधिकारियों से मुलाकात की। ओसीएचए ने अपनी एक सप्ताह की मध्य पूर्व यात्रा के बारे में कहा, क्षेत्र में इतने तेजी से हो रहे बदलावों और दीर्घकालिक जरूरतों के समय, फ्लेचर की यात्रा में लेबनान, तुर्की और जॉर्डन में भी रुकना शामिल होगा।

# ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाने की चेतावनी दी

**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका के कुछ उत्पादों पर काफी ज्यादा शुल्क लगाता है और उन्होंने एक बार फिर इसके बदले में भारतीय उत्पादों पर इसी तरह ज्यादा शुल्क लगाने की बात कही है। ट्रंप ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, ''आम तौर पर देखा जाता है कि अगर वे हम पर शुल्क लगाते हैं तो हम भी उन पर उतना ही शुल्क लगाते हैं। लगभग सभी मामलों में वे हम पर शुल्क लगा रहे हैं, जबकि हम उन पर शुल्क नहीं लगा रहे हैं।''

उन्होंने चीन के साथ संभावित व्यापार समझौते पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा कि भारत और ब्राजील उन देशों में शामिल हैं जो कुछ अमेरिकी उत्पादों पर काफी ज्यादा शुल्क लगाते हैं। ट्रम्प ने मार-ए-लागो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अगर भारत हमसे



100 प्रतिशत शुल्क लेता है, तो क्या हम उससे बदले में कुछ नहीं लेंगे? आप वाकिफ हैं, वे साइकिल भेजते हैं और हम उन्हें साइकिल भेजते हैं। वे हमसे 100 और 200 प्रतिशत शुल्क लेते हैं। भारत बहुत ज्यादा शुल्क लेता है। ब्राजील भी बहुत ज्यादा शुल्क लेता है। अगर वे हमसे शुल्क लेना चाहते हैं तो ठीक है, लेकिन हम उनसे इसी तरह ज्यादा शुल्क लेंगे।'' आगामी ट्रंप प्रशासन के लिए नामित वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि जो जैसा करता है उसके साथ भी वैसा ही करना, ट्रंप प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण विषय होने जा रहा है।

# अमेरिका में सात में से एक परिवार पर्याप्त भोजन खरीदने में असमर्थ

### 4.74 करोड़ लोग कर रहे ऐसे हालात का सामना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में सात परिवारों में से एक को खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। आबादी के लिहाज से 4.74 करोड़ अमेरिकी नागरिक इस दायरे में आते हैं। इनमें 1.38 करोड़ बच्चे शामिल हैं। यह चौकाने वाला खुलासा अमेरिका के कृषि विभाग (यूएसडीए) की 2023 की 'संयुक्त राज्य अमेरिका में घरेलू खाद्य सुरक्षा' रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, 5.1त्न अमेरिकी परिवारों (20 में से 1) ने बहुत कम खाद्य सुरक्षा का अनुभव किया, जो खाद्य असुरक्षा का एक और अधिक गंभीर रूप है, जहां परिवार नियमित रूप से भोजन छोड़ने या कम खाने की बात स्वीकारते हैं क्योंकि वे ज्यादा भोजन खरीद नहीं सकते। अमेरिकी



कृषि विभाग खाद्य सुरक्षा को इस तरह से परिभाषित करता है कि एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन जीने के लिए हर समय हर व्यक्ति की पर्याप्त मात्रा में भोजन तक पहुंच होनी चाहिए। इस लिहाज से अमेरिका की खाद्य असुरक्षा से प्रभावित आबादी की या तो भोजन तक पहुंच नहीं है या उनके पास पर्याप्त भोजन खरीदने की क्षमता ही नहीं है।

**अश्वेतों की दर सबसे अधिक:** अश्वेत परिवारों में खाद्य असुरक्षा की दर सबसे अधिक 23.3त्न है। इसके बाद लैटिन अमेरिकी आबादी में यह दर 21.9त्न है। श्वेत परिवारों की तुलना में ये दरें दोगुनी हैं, क्योंकि 9.9त्न श्वेत परिवार खाद्यान्न के मामले में असुरक्षित हैं।

**लाखों मध्यवर्गीय एक वेतन चूकने से हो जाते हैं गरीब:** आर्थिक वकालत समूह प्रॉसपेरिटी नाउ के अनुसार कई अमेरिकी परिवार वित्तीय असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। लाखों मध्यवर्गीय अमेरिकी लोग केवल एक वेतन चूकने पर गरीब हो जाते हैं। इनमें से 10 में से 4 के पास आय में अचानक व्यवधान से निपटने के लिए पर्याप्त धन नहीं होता है। यानी करीब 40 फीसदी अमेरिकी गरीबी से सिर्फ एक वेतन दूर हैं। सीबीएस न्यूज ने 2019 में यह हकीकत उजागर की थी जो कमोवेश अभी भी कायम है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129